सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
05.07.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी-चतुर्दशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 351



12 सरफिरा का वेडिंग ट्रैक चावत रिलीज

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## समस्त झारखण्ड एवं समस्त देशवासियों को



# हूल जोहार

## सत्यमेव जयते!



प्रिय झारखण्डवासियों,

आपके अटूट समर्थन और विश्वास के लिए हम आभारी हैं। आपके भरोसे पर खरा उतरने का निरंतर प्रयास पूर्व की भांति जारी रहेगा। हम पुन: एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं, एक ऐसा युग जहाँ विकास और समावेशिता साथ साथ चलेंगे।

**श्री हेमंत सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PRNO 328706 (IPRD) 24-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## राज्य के 13वें मुख्यमंत्री बनने पर हेमंत सोरेन को दी बधाई, तंज भी कसा

# शिबू सोरेन परिवार से हैं तो वेकेंसी क्रिएट कर नियुक्ति दी जायेगी : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन के राज्य के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को भी शुभकामनाएं दी। जिन्होंने 5 महीनो तक झारखंड की जनता की सेवा की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता का जनादेश सेवा के लिए मिलता है लेकिन आज हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री बनने के बाद यह स्पष्ट हो गया कि इंडी एलायंस 2019 विधानसभा चुनाव में मिले जनादेश का उपयोग केवल शिबू सोरेन परिवार की जागीर को बचाने के लिए कर रही है। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन परिवार की डिक्शनरी में आदिवासी का मतलब केवल उनका परिवार होता है। बाकी आदिवासी परिवारों को ये अपना पिछलग्गू बनाकर ही रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ये वही चंपई सोरेन हैं जिन्होंने झामुमो सुप्रीमो गुरुजी के साथ कदम से कदम मिलाकर आंदोलन में साथ दिया। लेकिन, आज उन्हें अहसास कराया गया कि वे भले पुराने आंदोलनकारी हैं, आपको नेतृत्व करने की छूट नहीं केवल निर्देश के पालन का अधिकार है। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन का बेटा चार महीने भी बिना पद का नहीं रह सका। वेकेंसी नहीं थी तो क्रिएट कर दिया गया। लेकिन,आज राज्य के होनहार प्रतिभाशाली लाखों युवा विभिन्न विभागों में वेकैंसी के बावजूद दर दर भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के लाखो बेरोजगार युवाओं को नियुक्ति वर्ष में भी नियुक्ति नहीं मिली लेकिन अकारण एक सीएम को हटाकर नये मुख्यमंत्री चुनने में एक घंटे भी नही लगे। उन्होंने नव नियुक्त मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को परिवार से ऊपर उठकर जनता की सेवा करने की सलाह दी।

## गठबंधन का फाइनल चैप्टर साबित होगी हेमंत सोरेन पार्ट-3 सरकार : प्रतुल शाहदेव

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुये लिखा कि हेमंत सोरेन सरकार पार्ट थ्री सरकार गठबंधन के इतिहास की अंतिम सरकार साबित होगी। उन्होंने लिखा कि हेमंत सोरेन पार्ट वन में झारखंड की दुर्दशा को जनता ने बहुत करीब से देखा था। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन पार्ट 2 में चंपाई सोरेन को सिर्फ मुख्यमंत्री की कुर्सी को गर्म रखने के लिए 5 महीने बैठाया गया और उसके बाद बहुत बेइज्जती भरे अंदाज में उन्हें सिंहासन से खींचकर उतार दिया गया। उन्होंने कहा कि बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि सोरेन परिवार को परिवार के बाहर का कोई भी सदस्य लंबे समय तक राज्य के सर्वोच्च पद पर लंबे समय तक मंजूर नहीं था। उन्होंने इसे झारखंड के आदिवासियों विशेष कर कोलहान क्षेत्र के निवासियों का अपमान बताया।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहुंचे सचिवालय राजनेता और अधिकारियों ने दी बधाई

### झारखंड सचिवालय सेवा संघ ने किया स्वागत

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीएम पद की शपथ लेने के बाद राजभवन से निकलकर हेमंत सोरेन सीधे प्रोजेक्ट भवन पहुंचे और पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व वे सिद्धू-कान्हू और बिरसा मुंडा को नमन किया। इस अवसर पर कई राजनेता, अधिकारी और सचिवालय में झारखंड सचिवालय सेवा संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और मुख्यमंत्री बनने पर उन्हें बधाई दी। साथ ही संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। राज्य के विकास के लिए अपनी पूर्ण समर्थन की प्रतिबद्धता व्यक्त की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी सभी का धन्यवाद करते हुए राज्य के विकास और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ उनकी पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन भी इस मौके पर उपस्थित थीं। सचिवालय सेवा संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद, महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा, उपाध्यक्ष विनय वर्णवाल, रितेश कुमार, पीयूष कुमार, इरसाद आलम, दीप्ति, अवध, धर्मेंद्र उपस्थित थे।

झारखंड मंत्रालय में गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक हफीजुल हसन, विधायक कल्पना सोरेन, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह समेत अन्य वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों ने औपचारिक मुलाकात कर मुख्यमंत्री का स्वागत और बधाई दी।

## पांच और छह जुलाई को भारी बारिश की संभावना, येलो अलर्ट

**रांची।** आज और कल राज्य के कुछ हिस्से में भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया है। केंद्र की ओर से जानकारी दी गयी है कि उत्तरी और निकटवर्ती मध्य भाग में भारी बारिश होगी। इसमें रांची, रामगढ़, हजारीबाग, खूंटी, गुमला, बोकारो, देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ में भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान वज्रपात भी होने के संकेत हैं। वहीं राज्य में आठ जुलाई तक बारिश की जानकारी दी गयी है। जहां कुछ हिस्सों में दो या इससे अधिक बार बारिश हो सकती है। पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश के बाद राज्य के तापमान में कमी देखी जा रही। केंद्र के अनुसार इसमे दस डिग्री तक की कमी महसूस की जा रही है।

राजधानी रांची की बात करें तो यहां दस जुलाई तक बारिश की संभावना है। जहां सात जुलाई को दो या इससे अधिक बारिश की संभावना जताई गयी है।


**सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"एक मिनीरत्न कंपनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in / संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**पेयजल एंव स्वच्छता यौंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची**

**Very short Tender No 01 of 2024-25**
**Corrigendum**
**PR No :- 327953 Drinking Water and Sanitation (24-25)#D**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि Very Short Tender Number– 01 of 2024-25 का Group – "C" ( Making arrangement for providing pump driver 3 nos, (outsource) for RINPAS Kanke water supply under D .W. and S. Mechanical Division Ranchi )] को अपरिहार्य कारणों से रद्ध किया जाता है ।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एंव स्वच्छता यौंत्रिक प्रमण्डल
रॉंची ।

PR.NO.328672 Drinking Water and Sanitation(24-25):D



**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
**Regd. Office: 2nd Floor,JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-02**
**(E-mail:cetjusnl@gmail.com)**

**e-TENDER NOTICE**

**NIT No. – 76/PR/ JUSNL/ 2024-25**

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works :-

| | |
|---|---|
| Name of work | Design, Engineering, Supply, erection, testing & commissioning of 220 kV transformer bay, testing & commissioning of existing 132 kV Transformer bay, civil work, dismantling of old structure & equipment for replacement of 220/132 kV transformer at GSS, Adityapur-II (Ramchandrapur) on turnkey basis. |
| Estimated cost (Rs.) | Rs. 2,10,04,740.00 (including GST) |
| Earnest Money Deposit | Rs. 4,20,100.00 Online mode |
| Completion Period | 04 (Four) Months |
| e-Tender fee | Rs. 10,000.00 + 18% GST Online mode. |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 09.07.2024 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 09.07.2024 at 11:00 AM |
| End date and time of upload of BID | 30.07.2024 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 31.07.2024 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (8987421011) during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें

Sd/-
General Manager, C&M (NWBP)
JUSNL,Ranchi

PR 328681 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25).D


### एयर पोर्ट पर पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

# दो दिवसीय सांगठनिक दौरे पर रांची पहुंचे शिवराज सिंह चौहान

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान गुरूवार की शाम दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। श्री चौहान एयरपोर्ट से सीधे हिनू बूथ अध्यक्ष रिंकू पासवान के घर पहुंचे। वहां उन्होंने जलपान किया और परिजनों से मुलाकात कर कुशल क्षेम जाना।

मीडिया से बात करते श्री चौहान ने कहा कि बूथ का कार्यकर्ता ही पार्टी का आधार है। बूथ पर संपर्क, संवाद और संघर्ष के माध्यम से पार्टी को जीत दिलाता है। उन्होंने कहा कि झारखंड के कार्यकर्ता पार्टी को विधानसभा चुनाव में भी जीत दिलाने के लिये संकल्पित और समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड अराजकता को समाप्त कर सुराज लाना है। उन्होंने कहा कि झामुमो सहित पूरा इंडी ठगबंधन परिवारवाद और सत्ता की भूख से ग्रसित है। उन्होंने कहा कि सोरेन परिवार का एक ही मंत्र मैं ही रहूंगा और कोई नहीं। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता आगामी विधानसभा चुनाव में पूरे 5 साल का हिसाब किताब बराबर करेगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन बेल पर छूटे हैं, आगे कानून अपना काम करेगा। इसके बाद देर शाम श्री चौहान हरमू मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत यादव के आवास पर जाकर परिजनों से भेंट मुलाकात किया। रात्रि भोजन भी वहीं किया।

### आज जायेंगे रामगढ

केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान 5 जुलाई को 9 बजे सुबह मंडल अध्यक्ष ओरमांझी के आवास पर जलपान करेंगे। 10 बजे पूर्वाह्न भाजपा जिला कार्यालय रामगढ़ में पार्टी की बैठक में शामिल होंगे। श्री सिंह शाम 5 बजे रांची प्रदेश मुख्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करेंगे। इसी दिन देर शाम रांची से सेवा विमान द्वारा दिल्ली लौट जायेंगे।

## लातेहार एसडीओ समेत राज्य प्रशासनिक सेवा के चार अधिकारी बदले

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के चार पदाधिकारी का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार कौशल कुमार को स्थानांतरित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी दुमका के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं, अनुमंडल पदाधिकारी दुमका अजय कुमार रजक को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार के पद पर स्थापित किया गया है। अपर उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम रोहित सिंह को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अपने वेतनमान में नगर आयुक्त देवघर नगर निगम के पद पर पद स्थापित किया गया है। वहीं, नगर आयुक्त देवघर नगर निगम योगेंद्र प्रसाद को स्थानांतरित करते हुए उन्हें अगले आदेश तक अपर उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम के पद पर पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

## खबर एक नजर में

### सुदेश महतो ने नये सीएम हेमंत को बधाई दी

**रांची।** आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंड में सरकार बदल गई, लेकन हालात नहीं। ऐसे तो ये दल का अंदरूनी मामला था, लेकिन जानता देख रही है। चंपाई सोरेन जी को उनके कार्यकाल के लिए साधुवाद। चंपाई सोरेन के कार्यकाल में ट्रांसपोर्टिंग, ट्रांसफर-पोस्टिंग और सरकार संरक्षित अवैध उद्योग पूर्ववर्ती सरकार की तुलना में कम रही। अब आगे के कार्यकाल के लिए नये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को बधाई।

### अविनाश कुमार को सीएम के अपर मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** सीएम के पद पर योगदान करते ही हेमंत सोरेन ने आईएएस अधिकारी अविनाश कुमार को मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया है। बताते चलें कि अपर मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग झारखंड के पद पर पदस्थापित अविनाश कुमार के पास पहले से विकास आयुक्त झारखण्ड, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक झारखण्ड ऊर्जा विकास निगम लि. रांची, प्रबंध निदेशक झारखण्ड बिजली वितरण निगम लि रांची तथा मुख्य स्थानिक आयुक्त, झारखंड भवन, नई दिल्ली का अतिरिक्त प्रभार है।

### लैंड स्कैम के आरोपी की डिस्चार्ज अर्जी खारिज

**रांची।** बरियातू मौजा के सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन घोटाला मामले में आरोपी जमीन कारोबारी तल्हा खान को झटका लगा है। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने उसकी ओर से दाखिल डिस्चार्ज अर्जी खारिज कर दी है। अदालत ने एक जुलाई को अर्जी पर सुनवाई पूरी होने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। गुरुवार को अदालत ने अपना सुरक्षित आदेश सुनाया। याचिकाकर्ता ने अपने आप को मामले में निर्दोष बताते हुए 20 मई को डिस्चार्ज अर्जी दाखिल की थी।

### विधायक भूषण बाड़ा के मामले में फैसला सुरक्षित

**रांची।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा पर महिला के साथ दुर्व्यवहार करने और जान से मारने की धमकी देने से संबंधित मामले में अतिरिक्त आपराधिक धाराओं को जोड़ने के आवेदन पर गुरुवार को एमपी-एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। शिकायतकर्ता ने वर्ष 2018 में विधायक भूषण बाड़ा समेत 5 के खिलाफ सिमडेगा कोर्ट में महिला से दुर्व्यवहार करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया था।

### विधायक का कार्यकाल समाप्त होने को है, पर जन समस्याओं का निराकारण नहीं हुआ : संदीप

**रांची।** खिजरी विधायक का कार्यकाल समाप्त होने जा रहा है, पर आम लोगों की समस्याओं का निराकारण अब तक नहीं हो पाया है। ये बातें भाजपा ने संदीप उरांव ने गुरुवार को प्रेस बयान जारी कर कही। उन्होंने कहा कि सदमा और चन्द्रा पंचायत के लोग विगत पांच वर्षों से सड़क की पक्कीकरण सड़क की मांग करते रहे हैं, दोनों पंचायत के लोग जानते हैं, कांग्रेस की सरकार है, कांग्रेस के विधायक हैं सहित अन्य पदों पर कांग्रेस के लोग बैठें है। खिजरी विधान सभा क्षेत्र की जनता जान चुकी है कि कांग्रेस के नेता क्षेत्र में कोई विकास कार्य नहीं किया है।

### कांग्रेस अध्यक्ष से मिले प्रदेश कांग्रेस के नेता



**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से गत तीन जुलाई को उनके आवासीय कार्यालय में झारखंड कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष सतीश पॉल मुंजिनी एवं सोशल मीडिया विभाग के अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह मिले। मुलकात के क्रम में दोनों नेताओं ने बीते लोकसभा में किये गये कार्यों की सम्पूर्ण जानकारी कांग्रेस अध्यक्ष को दी। इस दौरान मल्लिकार्जुन खड़गे ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दोनों विभाग को मजबूती से व सकारात्मक रूप से कार्य करने का निर्देश दिया।

## एडवोकेट एसोसिएशन ने एक्टिंग चीफ जस्टिस को दी विदाई

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर के कार्यकाल के अंतिम कार्यदिवस के दिन उन्हें हाईकोर्ट के वकीलों ने विदाई दी। हाईकोर्ट परिसर में हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में हाईकोर्ट के अन्य न्यायाधीश, महाधिवक्ता राजीव रंजन, स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष, हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता, काउंसिल के सदस्य, एडवोकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष ऋतु कुमार, महासचिव नवीन कुमार एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्य समेत अपर महाधिवक्ता और हाईकोर्ट के सभी अधिवक्ता मौजूद रहे। एक्टिंग चीफ जस्टिस ने उनकी विदाई में दिए गए सम्मान पर आभार जताया। एडवोकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष ऋतु कुमार और महासचिव नवीन कुमार ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बता दें कि झारखंड हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर को राजस्थान हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है।

## समावेशी व स्वच्छ मतदाता सूची के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : के रवि कुमार

### सीइओ ने सभी एइआरओ के साथ की समीक्षा बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने गुरुवार को मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत राज्य में चल रहे कार्यों के संदर्भ में राज्य के सभी एइआरओ के साथ वीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक की। उन्होंने पुनरीक्षण कार्यक्रम में किये जाने वाले कार्यों से संबंधित पीपीटी के माध्यम से पदाधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि समावेशी मतदान के लिए स्वच्छ मतदाता सूची का निर्माण आवश्यक है। विगत लोकसभा निर्वाचन में कुछ शहरों से गलत विलोपन एवं एक ही परिवार के लोगों का अलग-अलग मतदान केंद्रों के मतदाता सूची में नाम की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसे अविलंब ठीक कर लिया जाए। श्री कुमार ने कहा कि निर्वाचन की सभी गतिविधियां परस्पर एक दूसरे से संबद्ध है, एक जगह गलती होने से पूरी प्रक्रिया प्रभावित होती है। सभी पदाधिकारी अपने क्षेत्रों में बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर के कार्यों की समीक्षा करते रहें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्य से जुड़े राज्य के पदाधिकारी अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान नए मतदाता पहचान पत्र के आवेदन, क्षतिग्रस्त मतदाता पहचान पत्र का प्रतिस्थापन एवं स्वच्छ एएसडी सूची के निर्माण कार्य का अनुश्रवण जरूर करें। हम सभी का सामूहिक ध्येय रहे कि आगामी विधानसभा निर्वाचन में कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे।

## पूर्व मंत्री आलमगीर, जहांगीर और संजीव के खिलाफ पीसी दाखित

**रांची।** टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने प्रोसिक्यूशन कंप्लेन (पीसी) दाखिल कर दी है। गुरुवार को ईडी ने रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम उनके तात्कालिक ओएसडी संजीव लाल और नौकर जहांगीर आलम के खिलाफ सैकड़ों पन्नों की पीसी दाखिल की है। जिसमें जानकारी दी गई है कि हजारों करोड़ रुपये के टेंडर घोटाला को कैसे अंजाम दिया गया है और इस पूरे प्रकरण में किसकी क्या भूमिका है। ईडी द्वारा दाखिल पीसी पर कोर्ट अब संज्ञान ले सकता है।

इस केस में एजेंसी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम से 14 दिनों तक पूछताछ कर चुकी है। जिसके बाद से आलमगीर आलम न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में हैं। आलमगीर आलम को ईडी ने पूछताछ के बाद 15 मई को गिरफ्तार किया था। वहीं ईडी इसी केस में राज्य के वरीय आइएएस अधिकारी मनीष रंजन से पूछताछ भी कर चुकी है।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,लोहरदगा**
**(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**
Email id:sslohardaga@gmail.com

**आम सूचना**

**"मुख्यमंत्री बहन बेटी मईं–कुईं स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना"**

राज्य सरकार द्वारा राज्य में "मुख्यमंत्री बहन बेटी मईं–कुईं स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना" दिनांक–01.07.2024 से लागु की गयी है। जिसमें 21–50 वर्ष की महिलाओं को प्रतिमाह रू0 1000/– की दर से आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। यह राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण एवं महत्कांक्षी योजना है। जिसके लिए निम्नवत् पात्रता निर्धारित की गई है:–

i. झारखण्ड की निवासी हों।
ii. आवेदन के समय महिला 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी हो तथा 50 वर्ष से कम आयु की हो।
iii. आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल बैंक खाता हो। वर्तमान में जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड नहीं है वे भी इस योजना का लाभ दिसम्बर–2024 तक उठा सकते हैं,लेकिन इस अवधि के पश्चात् आर्थिक लाभ प्राप्त करने हेतु बैंक खाता का आधार लिंक्ड कराना अनिवार्य होगा।
iv. आवेदिका का मतदाता पहचान पत्र हो।
v. आवेदिका का आधार कार्ड हो।
vi. आवेदिका का परिवार झारखण्ड राज्य के अंत्योदय अन्न योजना कार्ड (पीला रंग का राशन कार्ड/पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड (गुलाबी रंग कर राशन कार्ड)/K-Oil राशन कार्ड (सफेद राशन कार्ड)/हरा रंग का पृथक राशन कार्ड धारी हो।

एक अनुमान के अनुसार मतदाता सूची में अंकित उम्र के आधार पर 21 से 50 के उम्र वाले महिला मतदाताओं की संख्या 127591 है,जिन्हें इस योजना से अच्छादित किया जा सकता है।

**2. वर्णित योजनान्तर्गत लाभुकों के लिए आवेदन प्रक्रिया निम्नवत् होगी:–**

इस योजना के क्रियान्वयन में विभाग द्वारा आवेदन का प्रारूप विहित प्रपत्र में तैयार किया जाएगा। पंचायत/प्रखण्ड स्तर पर आयोजित विशेष कैम्प में विहित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। आवेदन महिला को स्वय कैम्प स्थल पर उपस्थित होना आवश्यक होगा,ताकि उनका लाइव फोटो लिया जा सके एवं आधार Authentication किया जा सके। आवेदिका द्वारा आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित अभिलेखों की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा:–

i. आवेदिका के मतदाता पहचान पत्र।
ii. आधार कार्ड।
iii. आधार लिंक्ड बैंक खाता का पासबुक/आवेदिका का सिंगल बैंक खाता होना चाहिए।
iv. आवेदिका का रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो।
v. राशन कार्ड।
vi. पात्रता संबंधी घोषणा–पत्र।

उपायुक्त,
लोहरदगा

PR 328675 Lohardaga(24-25)#D


# हेमंत सरकार में रहेगी पुरानी कैबिनेट या होगा बदलाव

## आगामी विधानसभा चुनाव पर नजर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** हेमंत सोरेन के सीएम के रूप में शपथ ग्रहण के बाद अब इस बात की चर्चा छिड़ गई है कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनने जा रही नई सरकार में किन-किन विधायकों को मंत्री की कुर्सी मिल सकती है। चंपई सरकार में झामुमो कोटे से बसंत सोरेन, मिथिलेश ठाकुर, बेबी देवी, हफीजुल हसन और दीपक बिरुआ मंत्री बने थे। उनकी कैबिनेट में जोबा मांझी को आउट कर दीपक बिरूआ और हेमंत सोरेन की जगह उनके अनुज बसंत सोरेन मंत्री बनाये गये। कांग्रेस कोटे से डॉ रामेश्वर उरांव, आलमगीर आलम, बन्ना गुप्ता और बादल पत्रलेख जबकि राजद के इकलौते विधायक सत्यानंद भोक्ता भी मंत्री बने। कांग्रेस कोटे के आलमगीर आलम की कैश कांड में गिरफ्तारी और इस्तीफे के बाद वर्तमान कैबिनेट में कुल 09 मंत्री हैं। अब सवाल है कि सीएम पद की शपथ लेने के बाद हेमंत सोरेन की कैबिनेट में पुराने चेहरे ही नजर आयेंगे या नये विधायक को भी जगह मिलेगी।

जानकारी के मुताबिक झामुमो कोटे से नये चेहरे को शामिल करने की कोई संभावना नहीं दिख रही है। इसका मतलब है कि हेमंत सोरेन के नये कैबिनेट में बसंत सोरेन, मिथिलेश ठाकुर, बेबी देवी, हफीजुल हसन और दीपक बिरुआ फिर मंत्री बन सकते हैं। कांग्रेस कोटे से अभी रामेश्वर उरांव, बादल और बन्ना गुप्ता मंत्री हैं। आलमगीर आलम मंत्री पद से इस्तीफा दे चुके हैं। ऐसे में उनकी जगह कौन होगा और कांग्रेस कोटे से चेहरे बदले जाएंगे कि नहीं, इस पर मगजमारी कांग्रेस की जारी है।

**सरयू राय ने हेमंत से कहा कि बरतें सावधानी :** विधायक सरयू राय ने तीसरी बार झारखंड का मुख्यमंत्री बनने पर हेमंत सोरेन को बधाई दी है। सोशल मीडिया के जरिये कहा कि चंपई सोरेन ने कारावास से लौटने के बाद सत्ता की खड़ाऊं उन्हें सौंप दी। हेमंत का पहला कार्यकाल यशस्वी था। दूसरे में रघुवर दास सरकार के भ्रष्ट बिचौलियों ने उनकी मिट्टी पलीद कर दी। सरयू ने तीसरे कार्यकाल में सावधानी बरतने को कहा है।

विधानसभा चुनाव 2019 में मिली जीत के बाद करीब चार सालों तक हेमंत सोरेन ने राज्य की बागडोर संभाली। इसके बाद इडी की पड़ताल और जमीन घोटाला मामले में जेल जाने के बाद 31 जनवरी 2024 को हेमंत ने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद 2 फरवरी को वरिष्ठ झामुमो नेता और मंत्री चंपई सोरेन को सीएम बनाया गया। जून के आखिर में झारखंड हाईकोर्ट ने हेमंत को जमानत दे दी। इसके बाद से ही यह चर्चा थी कि हेमंत सोरेन ही फिर से राज्य की कमान संभालेंगे। अंतत: बुधवार को राजभवन जाकर चंपाई सोरेन ने अपना इस्तीफा सौंप दिया और हेमंत ने तीन दर्जन से अधिक विधायकों का समर्थन पत्र राज्यपाल को सौंपा। इसके बाद गुरुवार को राज्यपाल ने हेमंत को शपथ ग्रहण के लिए बुलाया। इंडी गठबंधन के नेताओं का मानना है कि साल के आखिर में होने वाले विधानसभा चुनाव में गठबंधन की सफलता के लिए हेमंत ही सरकार का नेतृत्व करें। वे भाजपा के खिलाफ जनसमर्थन लेने में हेमंत ज्यादा कारगर साबित होंगे।

सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
05.07.2024
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net आषाढ़, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी-चतुर्दशी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 351

12 सरफिरा का वेडिंग ट्रैक चावत रिलीज

## न्यूज डायरी

### 8 को मास्को में मोदी व पुतिन की शिखर वार्ता

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी 08 से 10 जुलाई को रूस और ऑस्ट्रिया की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर पीएम मोदी 08-09 जुलाई 2024 को मास्को में होंगे। यहां पर 22वीं भारत-रूस वार्षिक शिखरवार्ता आयोजित है। विदेश मंत्रालय के अनुसार शिखर सम्मेलन में दोनों नेता देशों के बीच बहुमुखी संबंधों की संपूर्ण श्रृंखला की समीक्षा करेंगे और आपसी हित के समसामयिक क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। इसके बाद मोदी 09 से 10 जुलाई के दौरान ऑस्ट्रिया की यात्रा करेंगे। यह 41 वर्षों में किसी भारतीय पीएम की पहली ऑस्ट्रिया यात्रा होगी। वह ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वान डेर बेलेन से मुलाकात करेंगे और चांसलर कार्ल नेहमर के साथ बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री और चांसलर भारत और ऑस्ट्रिया के व्यापारिक नेताओं को भी संबोधित करेंगे। साथ ही मॉस्को के साथ-साथ वियना में भी भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत करेंगे।

### एलके आडवाणी को अस्पताल से मिली छुट्टी

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को अपोलो अस्पताल से छुट्टी मिल गयी। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें बुधवार की रात 9 बजे डॉ विनीत सूरी की निगरानी में अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### हाथरस घटना को लेकर छह लोग गिरफ्तार

**लखनऊ।** यूपी के हाथरस सत्संग के दौरान मची भगदड़ कांड पर पुलिस ने छह आरोपी को गिरफ्तार किया है। भगदड़ में 122 लोगों की जान चली गयी थी। अलीगढ़ के आइजी शलभ माथुर ने कहा है कि गिरफ्तार लोगों में चार पुरुषों और दो महिलाएं शामिल हैं। सभी आरोपी आयोजन समिति के सदस्य हैं और 'सेवादार' के रूप में काम करते हैं।

### अविनाश कुमार सीएम के अपर मुख्य सचिव बने

**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अविनाश कुमार झारखंड के नये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अपर मुख्य सचिव बनाये गये हैं। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

### गिरिडीह में सांप के डसने से दो की मौत

**गिरिडीह।** दो युवकों की जान सांप के डंसने से चली गयी। एक युवक की मौत डुमरी के कुष्टो नावाडीह में तो एक की जोकटियाबाद में हुई है। कुष्टो नावाडीह में जिसकी जान गयी, उसका नाम योगेंद्र मंडल (38) था। वहीं जोकटियाबाद में मृत युवक का नाम बबलू पासवान (40) था। दोनों के शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में कराते हुए शव को परिजनों के सौंप दिया।

# झारखंड में एकबार फिर हेमंत सरकार

## राज्यपाल ने दिलायी सीएम पद की शपथ
## तीन बार मुख्यमंत्री बनने का भी मिला गौरव

**झारखंड के 13वें सीएम बने हेमंत सोरेन**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने एक बार फिर झारखंड के सीएम पद की शपथ ले ली है। गुरुवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राजभवन के दरबार हाल में उन्हें मुख्यमंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। राज्य के 13वें सीएम के रूप में हेमंत सोरेन ने शपथ ली। हेमंत सोरेन तीसरी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बने हैं। बुधवार को चंपई सोरेने ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। पहली वार वह 13 जुलाई 2013 को वे सीएम बने थे। फिर 29 दिसंबर 2019 और अब तीसरी दफा (4 जुलाई) को वे सीएम बने हैं। इस मौके पर झामुमो सुप्रीमो हेमंत के पिता शिबू सोरेन, माता रूपी सोरेन, कार्यवाहक सीएम चंपई सोरेन, मंत्री बादल, रामेश्वर उरांव, सत्यानंद भोक्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, सांसद महुआ माजी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक कल्पना सोरेन, दीपिका पांडेय सिंह, बैजनाथ राम सहित सत्ता पक्ष के सभी विधायक उपस्थित थे।



**राज्यपाल ने दी नये सीएम को दी शुभकामना**

नये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शपथ लेने के बाद राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को फूलों का गुलदस्ता दिया। राज्यपाल ने भी फूलों का गुलदस्ता भेंटकर उन्हें शुभकामनाएं दी। शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए दिशोम गुरु शिबू सोरेन समेत उनका पूरा परिवार पहुंचा था।

### 8 को विशेष सत्र, हासिल करेंगे विश्वास मत

**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करते ही हेमंत सोरेन एक्टिव हो गये। गुरुवार की शाम प्रोजेक्ट भवन में उन्होंने कैबिनेट की बैठक की। बैठक में उन्होंने आठ जुलाई को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का फैसला लिया। इस सत्र में हेमंत सोरेन विश्वास प्रस्ताव रखेंगे और विश्वास मत हासिल करेंगे। मिली जानकारी के अनुसार, हेमंत सोरेन अब विश्वास मत प्राप्त करने के बाद ही अपने कैबिनेट का विस्तार करेंगे।

### हेमंत ने माता-पिता का लिया आशीर्वाद



इससे पहले हेमंत सोरेन ने अपने पिता और सांसद शिबू सोरेन के पास जाकर उनके चरण छूये। सोशल मीडिया पर इसे शेयर करते लिखा कि बाबा से मिल आगामी चुनौतियों से निपटने के लिये उनका आशीर्वाद लिया। गुरुवार की सुबह से ही सीएम हाउस से लेकर राजभवन के बीच सियासी सरगर्मी बनी हुई थी। सुबह सीएम हाउस में बैठक के बाद हेमंत सोरेन सहयोगियों के साथ राजभवन गये थे। इसके बाद राज्यपाल ने उन्हें सीएम के तौर पर मनोनीत किया। शपथ ग्रहण के लिये आमंत्रित भी किया। पहले चर्चा रही कि सात जुलाई रथयात्रा के दिन हेमंत अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ शपथ ग्रहण करेंगे। दोपहर होते होते यह खबर सामने आयी कि गुरुवार की शाम पांच बजे राजभवन में हेमंत सोरेन अकेले सीएम पद की शपथ लेंगे। मंत्रिमंडल में जो भी नाम तय होंगे, उनके लिए शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम बाद में आयोजित होंगे। शपथ ग्रहण के बाद अब इस बात की चर्चा शुरू हो गयी है कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनने जा रही नयी सरकार में किन-किन विधायकों को मंत्री की कुर्सी मिल सकती है।

### शपथ से पहले ही मीर गये दिल्ली

**रांची।** झारखंड में सत्ता हस्तांतरण को लेकर राष्ट्रीय नेतृत्व का विशेष दूत बनकर आये झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर दिल्ली चले गये। हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण के पूर्व ही दिन के दो बजे मीर दिल्ली लौट गये। मिली जानकारी के अनुसार, मीर कांग्रेस विधायकों से रायशुमारी करके एक रिपोर्ट साथ ले गये हैं। अब दिल्ली में नयी हेमंत सरकार में कांग्रेस कोटे के मंत्री और विधायक दल के नेता को लेकर नये सिरे से मंथन होगा। जेल में बंद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के बदले एक नाम डॉ इरफान अंसारी का अगले मंत्री के रूप में नाम तय माना जा रहा है। मगर अब भी विधायक दल का नेता कौन होगा? क्या पुराने चेहरे बदले जाएंगे? यह अब भी बहुत गोपनीय रखी जा रही है।

### शपथ के बाद छलका हेमंत का दर्द, कहा
## भगवान के घर अंधेर नहीं...

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन ने झारखंड के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद एक वीडियो संदेश जारी किया। 5 मिनट 14 सेकेंड के इस वीडियो में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष ने देश और झारखंड की जनता को याद दिलाया कि 31 जनवरी 2024 को उन्होंने इसी जगह से लोगों को एक संदेश दिया था। इस संदेश में उन्होंने कहा था कि विरोधियों ने उनके खिलाफ षड्यंत्र रचा। उन्होंने कहा कि वे अपने षड्यंत्र में कामयाब भी हुए। 5 महीने तक इन लोगों ने मुझे अलग-अलग तरीके से लंबे समय तक जेल में रखने का प्रयास किया। हमने भी कानूनी लड़ाई का रास्ता चुना। सड़कों पर आपने हमें भरपूर सहयोग दिया। अंततः न्याय के आदेश के अनुरूप और न्याय ने मुझे पाक-साफ करार देते हुए बरी किया। उन्होंने कहा, भगवान के घर में अंधेर नहीं रहता है। कहीं न कहीं आज आपलोगों की दुआ और आपका आशीर्वाद मिला।



उन्होंने कहा, झारखंड रुकेगा नहीं, झारखंड झुकेगा नहीं। हेमंत सोरेन ने आगे कहा कि आज मैं पुनः आपके सामने हूं। कहीं न कहीं आज आपलोगों की दुआ और आपका आशीर्वाद मिला। झारखंड एकता का जो परिचय आपने दिया है, उसके लिए हम आपके सदैव ऋणी रहेंगे।

## टी-20 विश्वकप विजेता टीम से मिले पीएम मोदी



## नये मुख्य न्यायाधीश आज लेंगे शपथ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के नव नियुक्त मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डॉ बीआर सारंगी शुक्रवार को शपथ करेंगे। राजभवन में सुबह 9:45 बजे आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णम्न उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। यह जानकारी हाइकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की ओर से दी गयी। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की सेवानिवृत्ति के उपरांत उड़ीसा हाई कोर्ट के सीनियर जस्टिस डॉक्टर बीआर सारंगी को राष्ट्रपति की मंजूरी से झारखंड हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस डॉक्टर बीआर सारंगी के नाम के अनुशंसा केंद्र सरकार से की थी। जस्टिस डॉक्टर बीआर सारंगी 20 जून 2013 को उड़ीसा हाई कोर्ट के जस्टिस बने थे। इससे पहले करीब 27 वर्षों तक उड़ीसा हाई कोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट में उन्होंने प्रेक्टिस किया था। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा 28 दिसंबर को सेवानिवृत हो गये थे। 29 दिसंबर से झारखंड हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस के रूप में जस्टिस एस चंद्रशेखर कार्य कर रहे हैं। वहीं बुधवार को एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर के कार्यकाल के अंतिम कार्यदिवस के दिन उन्हें हाईकोर्ट के वकीलों ने विदाई दी। हाईकोर्ट परिसर में एडवोकेट एसोसिएशन द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया था।

## कोयला कारोबारी प्रमोद व अश्विन के ठिकानों पर छापा
### घपला और आय से अधिक संपत्ति मामले में इडी की कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की टीम ने गुरुवार को धनबाद के चार अलग- अलग ठिकानों पर छापेमारी शुरू की। इडी ने कोयला कारोबारी प्रमोद सिंह सहित अश्विनी शर्मा के यहां छापेमरी की। प्रमोद सिंह के सरायढेला के सहयोगी नगर, भूली के अलग अलग आवासों सहित कई ठिकानों पर इडी की टीम ने घंटों छापेमरी की। इनके साथ ही बाघमारा के अश्विनी शर्मा के आवास पर भी छापेमारी की है। प्रमोद सिंह पर आय से अधिक संपत्ति मामले को लेकर छापेमारी चल रही है। पूर्व में स्वास्थ्य विभाग में संविदा कर्मी रहते प्रमोद सिंह ने करोड़ों का घपला किया था। धनबाद में प्रमोद सिंह के घर पर हुई ईडी की छापेमारी से अश्वनी शर्मा के तार जुड़े हैं। झरिया सह जोड़ापोखर स्वास्थ्य केंद्र में हुए लगभग सात करोड़ रुपये के एनआरएचएम घोटाले में सरकार 5 साल पहले रेस हुई थी। सरकार के संयुक्त सचिव विद्यानंद शर्मा पंकज ने इस संबंध में पूर्व सिविल सर्जन डा शशि भूषण सिंह को 15 अक्टूबर 2021 तक विभाग के समक्ष प्रस्तुत होकर स्पष्टीकरण का जवाब देने को कहा था। उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि वे समय पर नहीं आते हैं तो उनके खिलाफ झारखंड पेंशन नियमावली के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। उन्हें पेंशन के लाभ से वंचित होना पड़ सकता है। विद्यानंद शर्मा ने कहा था कि एनआरएचएम घोटाले में पूर्व सिविल सर्जन डा शशि भूषण सिंह और डा अरुण कुमार सिन्हा के अलावा एसीबी ने 10 आरोपितों के खिलाफ केस किया है। पहली नजर में इनके खिलाफ साक्ष्य सही पाया गया है। (शेष 11 पर)

### भारत ने आतंकवाद पर चीन-पाक को लपेटा, आतंकियों को शह देने वालों को अलग-थलग करें
# जिनपिंग के सामने जयशंकर ने शहबाज शरीफ को धो डाला

**एससीओ समिट**

## आतंकवाद को बेलगाम नहीं छोड़ा जा सकता

एजेंसी

**अस्ताना।** पीएम मोदी के चाणक्य कहे जाने वाले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में आतंकवाद को लेकर पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को जमकर खरीखोटी सुनायी। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ समेत कई देशों के नेता मौजूद थे। भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे जयशंकर ने चीन और पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आतंकवाद को बेलगाम छोड़ दिया गया तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। बैठक में पीएम मोदी के विचारों को रखते हुए जयशंकर ने कहा कि एससीओ का एक मूल लक्ष्य आतंकवाद से लड़ना है। जयशंकर ने सम्मेलन में कहा, हममें से कई लोगों के अपने अनुभव हैं, जो अक्सर हमारी सीमाओं से परे सामने आते हैं। यह बात स्पष्ट होनी चाहिए कि अगर आतंकवाद को बेलगाम नहीं छोड़ा जा सकता। यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए एक बड़ा खतरा बन सकता है। किसी भी रूप या स्वरूप में आतंकवाद को उचित नहीं ठहराया जा सकता या माफ नहीं किया जा सकता।



जयशंकर ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से उन देशों को अलग-थलग करने और बेनकाब करने को कहा जो आतंकवादियों को प्रश्रय देते हैं, उन्हें सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराते हैं और आतंकवाद को नजरअंदाज कर बढ़ावा देते हैं। (शेष 11 पर)

### पूरी दुनिया एक परिवार

जयशंकर ने कहा कि पिछले साल भारत की अध्यक्षता के दौरान इस विषय पर जारी संयुक्त बयान नयी दिल्ली की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। उन्होंने रेखांकित किया कि एससीओ 'वसुधैव कुटुम्बकम' के सदियों पुराने सिद्धांत का पालन करते हुए लोगों को एकजुट करने, सहयोग करने, बढ़ने और समृद्ध होने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करता है जिसका अर्थ है 'पूरी दुनिया एक परिवार है।

### हाई कोर्ट ने जेएसएससी से उम्मीदवारी रद्द करने पर मांगा जवाव
## एक सप्ताह में जवाब दें नहीं तो नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा प्रशिक्षण अधिकारी के लिए निकले गए विज्ञापन के आलोक में एक से अधिक पदों पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी रद्द करने को गंभीरता से लिया है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश कुमार की कोर्ट ने जेएसएससी से मौखिक कहा है कि वे अभ्यर्थियों के लिए कम से कम एक पद पर उनकी उम्मीदवारी बनाए रखने की व्यवस्था करें। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि अगर एक सप्ताह के भीतर इस नियुक्ति के संबंध में जेएसएससी द्वारा जवाब दाखिल नहीं किया जाता है तो कोर्ट द्वार नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक लगा दी जाएगी।

मामले की अगली सुनवाई अगले सप्ताह में होगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता ललित कुमार सिंह ने पैरवी की। दरअसल करीब 1000 प्रशिक्षण अधिकारी के लिए विभिन्न पदों पर जेएसएससी ने जुलाई 2023 में विज्ञापन संख्या 8 /2023 एवं 9/ 2023 निकला है। अभ्यर्थियों को 10 जुलाई 2023 से 19 अगस्त 2023 तक आवेदन करना था। परीक्षा 27 नवंबर से लेकर 29 नवंबर तक चली थी।

**गहना आभूषण**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 68100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 96000 रु./प्रति किलो |



# हर जिला और ब्लॉक में एक कृषि अभियंता की नियुक्ति करे सरकार : उपनिदेशक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उपनिदेशक डॉ श्याम नारायण झा ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में कृषि अभियांत्रिकी का अधिकाधिक प्रयोग पर बल देने की आवश्यकता है। श्री झा गुरुवार को नामकुम स्थित राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान का दौरा करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कृषि एक राज्य सूची में आने वाली विषय है। इसीलिए झारखंड सरकार को हर जिला और ब्लाक में एक कृषि अभियंता की नियुक्ति सुनिश्चित करनी चाहिए। श्री झा ने कहा कि हाल ही में झारखंड सरकार ने 29-30 कृषि अभियंता की नियुक्ति की थी, जो सराहनीय है लेकिन और भी कृषि अभियंताओं की नियुक्ति क्षेत्र में



किसानों की आय बढ़ाने में बहुत मददगार साबित होगी। इसके साथ झारखंड सरकार को इन अभियंताओं की निगरानी तथा मार्गदर्शन के लिए एक कृषि अभियांत्रिकी निदेशालय की जल्द से जल्द गठन करना चाहिए। श्री झा ने कहा कि तीन राज्य जैसे कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडू ने कृषि अभियांत्रिकी निदेशालयों की गठन की, जिससे उन क्षेत्रों के किसानों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि अभियंता के मदद से ज्यादा से ज्यादा कृषि में पंत्रीकरण में बढ़ावा मिलेगा, जिससे किसानों की आय बढ़ने में बहुत मदद मिलेगी। इससे पैदावार में 20-22 प्रतिशत की बढ़ोतरी, खर-पतवार में 35-40 प्रतिशत की कमी, श्रमिकों की मजदूरी में कमी और सुक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा मिलेगा।

इससे भूमिगत जल के स्टार में भी सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार का लक्ष्य है कि ब्राजील जेसे देशों के ही जैसे भारत में भी कृषि यंत्रीकरण 75 प्रतिशत तक बढ़ना चाहिए। अंत में उन्होंने भारत सरकार के छोटे-छोटे रोबोट बनाने या उन्हें कृषि में उपयोग करने के अपने निरंतर प्रयास पर भी चर्चा किया। इससे पहले उपनिदेशक ने नामकुम स्थित राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान का दौरा किया। इस दौरान उपनिदेशक ने पूरे संस्थान का परिभ्रमण किया और उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं की जानकारी ली। साथ ही संस्थान के सभी सदस्यों के साथ एक बैठक की।

इस क्रम में उन्होंने सभी वैज्ञानिकों के शोध से सम्बंधित कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने आह्वान किया कि संस्थान की प्रगति में सभी सदस्यों का सहयोग आवश्यक है। सभी सदस्यों को उन्हें अपने आवंटित कार्यों को निष्ठापूर्वक सम्पादित करना चाहिए।

## 10 जुलाई को कोडरमा में होगा पासवा का सम्मान समारोह



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कोडरमा में पब्लिक स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) द्वारा 10 जुलाई को छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

जैक बोर्ड, सीबीएसई एवंम आईसीएसई बोर्ड के 10 वीं और 12 वीं के 70% या उससे अधिक अंक लाने वाले 2500 से अधिक प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित किया जाएगा। पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे इस सम्मान समारोह का उद्घाटन करेंगे एवं झारखंड के वित्त मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव, महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी सहित अनेक जन- प्रतिनिधियों एवं विशिष्ट पदाधिकारी को इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। यह जानकारी मुन्ना कुमार ने दी।

### संत जेवियर्स कॉलेज में श्री प्रेम रावत के पीस एजुकेशन पर कार्यक्रम

## आंतरिक शांति जीवन का हो उद्देश्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज विद्या केंद्र के श्री हंस योग साधना केंद्र झुमरीतिलैया की ओर से संत जेवियर्स कॉलेज रांची में गुरुवार को श्री प्रेम रावत जी का शांति की शिक्षा कार्यक्रम (पीस एजुकेशन) आयोजित किया गया। फादर सी. डिब्रावर सभागार में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर एन. लकड़ा, एसजे ने किया। इस दौरान प्राचार्य ने सभागार में उपस्थित प्राध्यापकों और विद्यार्थियों को बताया कि जीवन में शांति की आवश्यकता क्या है। शांति के कारण विद्यार्थी की सोचने और समझने की शक्ति दूसरों से अलग करती है। हर चीज के लिए भौतिकवादी होना जरुरी नहीं है। कार्यक्रम में प्रेम रावत द्वारा मानवता और शांति पर ज्ञानवर्द्धक वीडियो शो



का प्रसारण किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य शांति शिक्षा था। वीडियो के माध्यम से बताया गया कि मनुष्य अपनी व्यक्तिगत पहचान से अपनी आंतरिक शक्ति और व्यक्तिगत शांति खोजने में खुद को किस प्रकार मदद कर सकता है। वीडियो में बताया गया कि धन की चाह में समाज का हर व्यक्ति तनाव में रहकर खुद को निष्क्रिय करता जा रहा है। आतंरिक शांति की खोज में यह संदेश हृदय के लिए बहुमूल्य शिक्षा प्रदान करता है, जो आज की दुनिया में अति आवश्यक है। कार्यक्रम का समापन जीव विज्ञान की विभागाध्यक्षा डॉ. भारती सिंह रायपत ने शांति संदेशों के साथ किया। इस दौरान डॉ. शिव कुमार, डॉ. संजय सिन्हा, डॉ. मारकुस बारला, डॉ. विजय मेहता सहित एनी प्राध्यापकगण और विद्यार्थी मौजूद थे।

### खबर एक नजर में

## नि:शुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण देने के लिए हुआ समझौता




**रांची।** सिपेट (सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी) तथा पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के बीच 80 परियोजना प्रभावित उम्मीदवारों को निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण देने के उद्देश्य गुरूवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षरित किया गया। इस समझौता ज्ञापन के बाद सिपेट, प्लास्टिक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, राँची परियोजना क्षेत्र के युवाओं को नियोजन सहित आवासीय कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करेगा और सम्पूर्ण कार्यक्रम पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, द्वारा प्रायोजित किया जाएगा। समझौता ज्ञापन एस. सामंत, वरिष्ठ महाप्रबंधक, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड तथा प्रवीन बी. बच्छाव, संयुक्त निदेशक एवं प्रमुख, सिपेट के हस्ताक्षर से संपन्न हुआ। इस समझौता ज्ञापन के तहत झारखण्ड के 80 लाभार्थियों को प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग में प्रशिक्षण के साथ साथ नियोजन भी प्रदान किया जायेगा।

## मॉब लिंचिंग के शिकार मौलना शहाबुद्दीन के परिजनों से मिला सीपीआई (एम) की तथ्य अन्वेषण टीम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कोडरमा जिला निवासी 50 वर्षीय मौलाना शहाबुद्दीन की मॉब लिंचिंग में हुई मौत की जानकारी के लिए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का एक फैक्ट फाइडिंग टीम दिवंगत शहाबुद्दीन के परिजनों से जयनगर प्रखण्ड में उनके गांव रघुनियाडीह में मिलकर दुख प्रकट किया और ढाढस बंधाया। साथ ही पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली।

मालूम हो कि मौलाना शहाबुद्दीन बरकटठा थाना अंतर्गत बसरामो में मस्जिद के मदरसा में बच्चों को पिछले पांच सालों से पढ़ाते थे। रविवार 30 जून को बसरामो से अपने घर रघुनियांडीह अपने बाइक से आ रहे थे, तभी बीच रास्ते कटिया में उनके बाइक से चितारी कटिया निवासी महेंद्र यादव की पत्नी अनीता देवी को धक्का लग गया, जिसमें



उक्त महिला को मामूली चोट लग गयी। इस घटना के बाद बगल में क्रिकेट खेल रहे दर्जनों युवा और कुछ ग्रामीण वहां जमा हो गये और महिला का ईलाज कराने या कैसे दुघर्टना हुई इस संबंध में बात न करके मौलाना की टोपी और दाढ़ी देखकर उनपर टूट पड़ते हैं और बेरहमी से उन्हें मारने लगते हैं और जिसके बाद मौलाना शहाबुद्दीन की मौत हो जाती है। घटना के पांच दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक इस गंभीर मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं होना जिला प्रशासन पर सवाल खड़ा करता है। सीपीआई (एम) के राज्य सचिवमंडल ने झारखंड सरकार से मांग की है कि माब लिंचिंग के शिकार व्यक्ति के परिजनों को सुरक्षा उपलब्ध कराते हुए 50 लाख रुपये की राशि मुआवजा के रूप में दिया जाए और प्राथमिकी में दर्ज नामजद आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार किया जाए। फैक्ट फाइटिंग टीम में पार्टी राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान, जिला कमिटी सदस्य रमेश प्रजापति, महेन्द्र तुरी, सुरेन्द्र राम और सरफराज अहमद शामिल थे।

## राहुल गांधी माफी मांगें : स्वामी दिव्यानंद

**रांची।** साधु संत समाज के महामंत्री स्वामी दिव्यानंद महाराज ने गुरूवार को बयान जारी कर कहा कि राहुल गांधी ने संसद के अंदर हिंदुओं के प्रति जो विषवमन किया है, यह अक्षम्य अपराध है, विश्व में जितने भी हिंदू सनातनी हैं, उनके इस बयान से दुखी हैं आक्रोशित भी हैं, तनिक भी इनके अंदर में लज्जा और नैतिकता हो तो अविलंब सार्वजनिक रूप से इन्हें माफी मांग लेनी चाहिए।

## झारखंड हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना कर रहा है रांची विवि : एनएसयूआई

**रांची।** रांची जिला एनएसयूआई का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को रांची विश्विद्यालय के डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर डा सुदेश कुमार साहू से मिला एवं ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष अमन अहमद ने कहा कि रांची विश्विद्यालय प्रशासन द्वारा झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश की अहवेलना किया जा रहा है।

### कहा- जनता के दु:ख, दर्द और समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं

## हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत आजसू ने विभिन्न प्रखंड कार्यालयों में सौंपा ज्ञापन

### जनसमस्याओं के जल्द निराकरण की मांग



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भ्रष्टाचार और प्रशासनिक उदासीनता के चलते राज्यवासियों के बीच हताशा और निराशा है। व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम आठवें दिन भी जारी रहा। हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा राज्य के विभिन्न प्रखंडों में संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। आजसू कार्यकर्ताओं ने कहा कि राज्य का विकास करने, नीति बनाने और नियोजन देने का वादा कर सत्ता में आई राज्य सरकार ने अपने सभी वादों को भुला दिया है। राज्य का विकास तो दूर इन्होंने राज्य को और पीछे धकेल दिया है। आज जनता के दुःख, दर्द और उनकी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है।

प्रखंड कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार ने आम लोगों की कमर तोड़ दी है। आम लोगों का भरोसा आज सरकारी तंत्र से उठ गया है। जनता की समस्याओं के प्रति सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए आजसू पार्टी हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। पार्टी कार्यकताओं ने कहा कि छात्र अपनी छात्रवृत्ति, जाति और आवासीय प्रमाण पत्र में हो रही देरी से न सिर्फ परेशान हैं बल्कि अधिकारियों की मनमानी के चलते युवाओं को नौकरी से भी वंचित होना पड़ रहा है। बुर्जुग पेंशन समय पर न मिलने की वजह से सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर है। भ्रष्टाचार के चलते कोई काम सही से नहीं हो पा रहा है। जमीन संबंधित कार्यों में भ्रष्टाचार सबसे अधिक हावी है।

**रामगढ़ जिला के दुलमी, धनबाद के पूर्वी टुंडी :** हजारीबाग के टाटीझरिया, चतरा के प्रतापपुर, साहिबगंज के साहिबगंज, पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा और डुमरिया, पलामू के पांडु और नगर उटारी, पश्चिमी सिंहभूम के आनंदपुर, सरायकेला खरसावां के नीमडीह, पाकुड़ के पाकुड़ प्रखंड, देवघर के सारठ, गढ़वा के भवनाथपुर, जामताड़ा के नारायणपुर समेत कई प्रखंडों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ पार्टी पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया।

## आइएसटीडी की नयी कार्यकारिणी गठित, एचएन मिश्रा बने संरक्षक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। एजीएम बैठक की अध्यक्षता झारखंड सरकार टूल रूम के प्राचार्य एम के गुप्ता ने की। बैठक में कार्यकारिणी की नई समिति के सदस्य और आईएसटीडी की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य भी उपस्थित थे। 2024-26 के लिए गठित नई कार्यकारिणी में एचएन मिश्रा को संरक्षक चुना गया है। मिश्रा सीसीएल के निदेशक कार्मिक भी हैं। इसके अलावा एमके गुप्ता को अध्यक्ष, रेखा पांडे को उपाध्यक्ष, एमके उपाध्याय को सचिव और आशुतोष मिश्रा को कोषाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि सदस्य के रूप में एनके ओझा और रमन बल्लभ, पीसी मिश्रा, विवेक कृष्ण, रश्मी दयाल और शिवाजी कुमार को सदस्य बनाया गया है। बैठक में आईएसटीडी के सदस्यों द्वारा नवनिर्वाचित सदस्यों का अभिनंदन किया गया. बैठक में मंगल टोप्पो, राहुल रंजन उरांव, पूर्णेन्दु पंकज, कुमार अभिषेक सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक में कोषाध्यक्ष आशुतोष मिश्र द्वारा वर्ष 2023-24 का वार्षिक वित्तीय विवरण एवं ऑडिट प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। एक नया अस्थायी प्रशिक्षण कैलेंडर भी प्रस्तावित किया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि आईएसटीडी अनुकूलित प्रशिक्षण समाधानों के साथ संगठनों तक पहुंचेगा।

## आइएसटीडी की एजीएम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट की वार्षिक आम बैठक बुधवार को झारखंड सरकार टूल रूम के सम्मेलन कक्ष में हुई। एजीएम की बैठक की अध्यक्षता झारखंड सरकार टूल रूम के प्राचार्य एमके गुप्ता ने की। बैठक में कार्यकारिणी की नई समिति के सदस्य और आईएसटीडी की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य भी उपस्थित थे। 2024-2026 की अवधि के लिए सर्वसम्मति से चुनी गयी नयी समिति में एच.एन मिश्रा, निदेशक कार्मिक सीसीएल चैप्टर संरक्षक, एम.के.गुप्ता, अध्यक्ष, रेखा पांडे उपाध्यक्ष, एम.के.उपाध्याय सचिव, आशुतोष मिश्रा, कोषाध्यक्ष शामिल हैं। एन.के.ओझा और रमन बल्लभ, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य, पी.सी.मिश्रा, विवेक कृष्ण, रश्मी दयाल और शिवाजी कुमार कार्यकारी समिति के सदस्य हैं। बैठक में उपस्थित आईएसटीडी के सदस्यों द्वारा नवनिर्वाचित सदस्यों का अभिनंदन किया गया। बैठक में मंगल टोप्पो, राहुल रंजन उरांव, पूर्णेन्दु पंकज, कुमार अभिषेक सहित अन्य उपस्थित थे। कोषाध्यक्ष आशुतोष मिश्र द्वारा वर्ष 2023-24 का वार्षिक वित्तीय विवरण एवं अंकेक्षित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। एक नया अस्थायी प्रशिक्षण कैलेंडर भी प्रस्तावित किया गया था और बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आईएसटीडी अनुकूलित प्रशिक्षण समाधानों के साथ संगठनों तक पहुंचेगा। एन.के ओझा, पी.सी मिश्रा और किरण ने विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उपस्थित सदस्यों ने रांची में पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन के सफल आयोजन की सराहना की और आशा व्यक्त की कि भविष्य में राष्ट्रीय महत्व के कई अन्य बड़े प्रशिक्षण कार्यक्रम भी रांची में आयोजित किये जायेंगे।

## टेरर फंडिंग के आरोपी टीपीसी के जोनल कमांडर भीखन गंझू की जमानत अर्जी पर हाई कोर्ट में फैसला सुरक्षित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** चतरा के टंडवा स्थित मगध व आम्रपाली कोयला परियोजना से टेरर फंडिंग मामले में आरोपी टीपीसी के जोनल कमांडर भीखन गंझू उर्फ दीपक कुमार की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। बता दें कि एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने पूर्व में भीखन गंझू की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी।

एनआईए से जुड़े एक मामले में वह 25 मार्च 2022 से जेल में है। मामले में एनआईए की ओर से बताया गया कि प्रार्थी ने कोयला व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों से धन इकठा करने में सहायता करने के इरादे से सह-अभियुक्तों के साथ एक आपराधिक साजिश रची थी और जानबूझकर लेवी से वसूली गई राशि को छुपाया था। वहीं प्रार्थी की ओर से खा गया कि वह एक दैनिक श्रमिक है।

## बसंत कुमार मित्तल बने अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री



**रांची।** बसंत कुमार मित्तल को अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन का राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनोनीत किया गया है। इसके लिए समाज के सभी प्रबुद्ध समाज सेवियों ने अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. गिरीश संघी एवं महामंत्री गोपाल मोर जी को भी धन्यवाद दिया है। बधाई देने वालों में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, सांसद मनीष जायसवाल, सांसद ढुल्लू महतो राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा आदि ने बधाई दी है।

## बीएयू में किसानों के बीच उन्नत किस्म के धान बीज का वितरण

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहयोग से चल रही चावल सम्बन्धी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के ट्राइबल सब प्लान के तहत किसानों को धान की उन्नत खेती के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में रांची, खूंटी एवं गुमला जिले से आये 63 किसानों के बीच 50 एकड़ के लिए धान की उन्नत किस्म सी आर धान 320 का बीज वितरित किया गया। इसकी उपज क्षमता लगभग 50 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है।

## गुरुद्वारा साहिब में मना श्री गुरु हरगोबिंद साहिब का प्रकाश पर्व

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** स्त्री सत्संग सभा द्वारा कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा साहिब में गुरूवार को श्री गुरु हरगोबिंद साहिब का प्रकाश पर्व मनाया गया। स्त्री सत्संग सभा द्वारा गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा,कृष्णा नगर कॉलोनी में सिख पंथ के छठे नानक श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी का पावन प्रकाश पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस उपलक्ष में विशेष दीवान सजाया गया। दीवान की शुरूआत दोपहर 3:00 बजे श्री सुखमनी साहिब जी के सामूहिक पाठ से हुई, जिसमें स्त्री सत्संग



सभा की सैंकड़ों सदस्यों तथा पुरुष श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से श्री सुखमनी साहिब जी का पाठ जाप किया। विशेष दीवान में सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा, सुरेश मिढ़ा, अनूप गिरधर, लक्ष्मण सरदाना, मनीष मिढ़ा, विनोद सुखीजा, हरीश मिढ़ा, रमेश पपनेजा, गीता कटारिया, मनोहरी काठपाल, बबली दुआ, शीतल मुंजाल, मनजीत कौर, बिमला मिढ़ा, रमेश गिरधर, रेशमा गिरधर, नीता मिढ़ा, ममता थरेजा, नीतू किंगर, इंदु पपनेजा, रूपा मिढ़ा, दुर्गी देवी मिढ़ा, खुशबू मिढ़ा, आशा मिढ़ा, एकता मिढ़ा, गूंज काठपाल, रश्मि मिढ़ा, उषा झंडई, किरण अरोड़ा, बंसी मल्होत्रा, श्वेता मिढ़ा, अमर मुंजाल, रजनी तेहरी, गुड़िया मिढ़ा, अंजू काठपाल, रजनी कौर, उषा पपनेजा, बबीता पपनेजा, नीती थरेजा, हर्षा मिढ़ा, सुषमा गिरधर, रेखा मुंजाल, मीना गिरधर, शीतल तेहरी, रानी तलेजा, प्रेमी काठपाल, कांता मिढ़ा, रेशमा गिरधर, सिम्मी पपनेजा, अंजू पपनेजा, श्वेता मुंजाल, गरिमा अरोड़ा, उर्वशी अरोड़ा समेत अन्य शामिल थे।

## मेकॉन और बीइएल ने रणनीति साझेदारी के लिए किया समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**रांची।** मेकॉन लिमिटेड और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) ने समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर के साथ रणनीतिक साझेदारी बनाई। मेकॉन लिमिटेड, भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के तहत एक प्रमुख इंजीनियरिंग, परामर्श और अनुबंध संगठन और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के तहत एक प्रमुख भारतीय रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद विनिर्माण कंपनी ने प्रमुख परियोजनाओं और पहलों पर सहयोग करने और एक साथ काम करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए हैं।

## आईएलएस में पौधा रोपण का आयोजन



**रांची।** आईएलएस में गुरुवार को एक पेड़ मां के नाम विषय पर संगोष्ठी सह पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन 4 जुलाई को किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ एसएन मिश्रा ने इसकी अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि आरयू के डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू ने कहा कि पेड़ लगाने से अधिक महत्वपूर्ण उसका संरक्षण करना है। उन्होंने कहा कि आज वैश्विक स्तर पर पर्यावरण संकट पर विचार हो रहा है। सभी लोगों को अपनी जरूरत के हिसाब से निश्चित पौधा लगाना चाहिए। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कैंपस में डॉ मोहम्मद जाकिर, डॉ प्रिंस पांडे ने भी पौधे लगाये।

## कोर्ट ने कहा : ट्रैफिक एसपी लगातार अभियान चलाएं

# रांची शहर के चौक-चौराहों पर ट्रैफिक पोस्ट चिन्हित करें ट्रैफिक पोस्ट में वॉशरूम की भी रखें व्यवस्था : हाई कोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में ट्रैफिक की व्यवस्था सुगम बनाने को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट ने गुरुवार को मौखिक कहा कि ट्रैफिक एसपी रांची शहर में ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए लगातार अभियान चलाएं। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह रांची शहर के चौक चौराहा में कहां-कहां ट्रैफिक पोस्ट की जरूरत है उसे चिन्हित कर कोर्ट को बताएं। इसके अलावा ट्रैफिक पोस्ट में पुलिस के लिए वॉशरूम की व्यवस्था रखें। कोर्ट ने मौखिक कहा की ट्रैफिक पुलिसकर्मी 12 से 14 घंटा तक ट्रैफिक नियम के पालन को लेकर सड़कों पर तैनात रहते हैं इसलिए उनके लिए ट्रैफिक पोस्ट में वॉशरूम की व्यवस्था भी



होनी चाहिए, सरकार को इस पर भी ध्यान रखने की जरूरत है।

राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि हाल में एक सप्ताह के भीतर 156 ई रिक्शा जब्त किया गया वहीं, 5 ऑटो रिक्शा को भी जब्त किया गया। कोर्ट को यह भी बताया गया कि 20 जून से 1 जुलाई तक 18725 टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर का चालान काटा गया है। कोर्ट को यह अभी बताया गया कि ट्रैफिक एसपी ने डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर को कहा है कि ऑटो चालकों के ब्लू रंग का ड्रेस कोड ई-रिक्शा चालकों के लिए भी करने की कार्रवाई की जाए। कोर्ट ने रांची नगर निगम को निर्देश दिया कि ई-रिक्शा पर उनके चलने के लिए दिए गए परमिट वाले रूट चार्ट को लगाया जाए, ताकि वे दूसरे रूट में अपने ई रिक्शा ना चलाएं। कोर्ट ने यह भी सुझाव दिया कि वैसे रूट में ई रिक्शा को परमिट न दिया जाए जहां प्रतिदिन जाम की समस्या रहती है। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को ट्रैफिक पोस्ट के संबंध में जानकारी देने का निर्देश देते हुए मामले के अगली सुनवाई 18 जुलाई निर्धारित की है।

# एक साथ दर्जन भर वाहनों में लूटपाट की योजना बना रहे थे अपराधी, धराये

## मेड इन यूएसए पिस्टल के साथ गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पुलिस ने एक बड़ी सड़क लूट की योजना को समय रहते अपराधियों को गिरफ्तार कर विफल कर दिया। रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि कुख्यात अपराधी राम उरांव अपने गैंग के साथ हाइवे पर एक साथ 15 से 20 वाहनों में लूट की योजना को अंजाम देने के लिए बेड़ो इलाके में अपने साथियों को जमा कर रहा था। अपराधियों की योजना की भनक पुलिस को लग गई, जिसके बाद घेराबंदी कर कुख्यात राजा और धीरज उरांव को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अपराधी कई बार लूट कांडों में जेल भी जा चुके हैं। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने दो पिस्टल और एक कट्टा के साथ आधा दर्जन कारतूस भी बरामद किया है। एक पिस्टल पर मेड इन यूएसए लिखा हुआ है। रांची एसएसपी ने बताया कि पिस्टल की जांच करवाई जा




रही है, ताकी यह पता लगाया जा सके कि क्या वाकई पिस्टल मेड इन यूएसए है।

**कुख्यात डेविड का है हथियार**

अपराधियों के पास से बरामद वह पिस्टल जिसमे मेड इन यूसए लिखा हुआ है, वह कुख्यात अपराधकर्मी डेविड का है। डेविड की वर्षों पहले हत्या हो चुकी है, उसके बाद सब वह हथियार राम के पास था। एससपी ने बताया कि राम उरांव और धीरज उरांव के साथ लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए कुछ और अपराधी में बेड़ो आने वाले थे, उनके नाम का खुलासा गिरफ्तार अपराधियों ने किया है, उनकी गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी जारी है।

## सहायक पुलिसकर्मी स्थायी करने की कर रहे हैं मांग

# राजभवन घेरने निकले सहायक पुलिस कर्मियों को पुलिस ने रोका

**2017 में 12 नक्सल प्रभावित जिलों में विधि-व्यवस्था दुरुस्त रखने में सहायता के लिए किये गये थे नियुक्त**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अपनी मांगों को लेकर राजभवन घेराव करने जा रहे सहायक पुलिसकर्मियों को पुलिस ने मोरहाबादी मैदान में ही रोक दिया और आगे बढ़ने नहीं दिया। गुरुवार को तय कार्यक्रम के तहत आंदोलनरत सहायक पुलिसकर्मी मोरहाबादी मैदान से राजभवन घेराव के लिए निकले थे लेकिन भारी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच उन्हें मोरहाबादी मैदान में ही रोक दिया गया। सिटी डीएसपी के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस मोरहाबादी मैदान में तैनात है और सहायक पुलिस कर्मियों को समझाने में लगी हुई है।



### ढाई हजार सहायक पुलिसकर्मी कर रहे आंदोलन

राज्य के 12 अति नक्सल प्रभावित जिलों के करीब ढाई हजार सहायक पुलिसकर्मियों का आंदोलन रांची के मोरहाबादी मैदान में 1 जुलाई से ही चल रहा है। वह फिर एक बार राजधानी पहुंचकर मोरहाबादी मैदान में बैठ गए हैं। सहायक पुलिसकर्मियों ने रांची पहुंचकर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया है। वर्ष 2017 में राज्य के 12 नक्सल प्रभावित जिलों में विधि-व्यवस्था दुरुस्त रखने में सहायता के लिए जिन सहायक पुलिस की नियुक्ति हुई थी, सात साल से काम कर रहे सहायक पुलिसकर्मी अपने अनुबंध की नौकरी को स्थायी की मांग कर रहे हैं। दो साल पहले भी मानसून के महीने में सहायक पुलिस कर्मियों का लंबा आंदोलन मोरहाबादी मैदान में चला था। हालांकि तब सेवा विस्तार के बाद सहायक पुलिसकर्मियों ने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया था।

## खबर एक नजर में

### सीएम के वरीय आप्त सचिव बने सुनील श्रीवास्तव

रांची ।हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण के बाद प्रोजेक्ट भवन में योगदान के साथ ही सुनील श्रीवास्तव को बाह्य कोटे से वरीय आप्त सचिव नियुक्त किया है। गुरुवार की देर शाम इससे संबंधित अधिसूचना मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने जारी कर दी है। इसमें कहा गया है कि यह नियुक्ति पूरी तरह से अस्थाई और को टर्मिनस है। किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के इसे समाप्त किया जा सकता है।

### ठोस साक्ष्य के अभाव में दो आरोपी बरी

**रांची।** सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने प्रीवेन्शन ऑफ टेररिस्ट एक्ट के मामले में दो आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। इस केस की सुनवाई 22 वर्ष से चल रही थी। कोर्ट ने ट्रायल फेस कर रहे दारा चंद्रवंशी और रामाधार राम को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। दोनों गढ़वा जिला के निवासी हैं। ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से दो आइओ, डॉक्टर, छापेमारी दल के शामिल पुलिस कर्मी और स्थानीय लोग समेत 24 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था। इनमें से सात स्थानीय गवाह गवाही के दौरान मुकर गये। इसका लाभ आरोपियों को मिला। घटना को लेकर साल 2002 में पोटा अधिनियम के तहत केस रंका थाना में दर्ज केस को टेकओवर किया गया था।

### कांके विधायक समरीलाल के जाति प्रमाण पत्र मामले में सभी अपील ली गयी वापस

**रांची।** कांके विधायक समरी लाल के जाति प्रमाण मामले में सुरेश बैठा एवं राज्य सरकार की अपील के अलावा समरी लाल द्वारा दाखिल अपील की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में कोर्ट को बताया गया कि समरी लाल के खिलाफ चुनाव याचिका पर हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा है। इसके बाद वादी एवं प्रतिवादी की ओर से इस अपील को (नॉट प्रैस किया गया) वापस ले लिया गया। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट ने समरी लाल याचिका स्वीकार करते हुए राज्य छानबीन समिति द्वारा समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र को रद्द करने को गलत करार दिया था। साथ ही राज्य छानबीन समिति द्वारा समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र को खारिज किए जाने के आदेश को रद्द कर दिया था। राज्य जाति छानबीन समिति के द्वारा कांके विधायक समरीलाल का जाति प्रमाण पत्र खारिज किए जाने के मामले में हाईकोर्ट की एकल पीठ के आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट की खंडपीठ में राज्य सरकार एवं सुरेश बैठा की अपील दाखिल की गई थी। वही समरी लाल की ओर से अपील में राज्य जाति छानबीन समिति की जांच प्रक्रिया को रोकने का आग्रह ओर से किया गया था।

**विधायक समरी लाल को बताया गया था राजस्थान का मूल निवासी** : पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार और सुरेश बैठा की ओर से हाईकोर्ट को बताया गया था कि समरी लाल मूल रूप से राजस्थान के निवासी हैं, उनके पूर्वज माइग्रेट होकर झारखंड आए हैं।

# मुख्यमंत्री का ताज पहनते ही हेमंत ने बजरंगबली से राज्य की उन्नति मांगी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के साथ ही हेमन्त सोरेन ने मुख्यमंत्री आवास परिसर स्थित मंदिर में पूरे विधि -विधान से पूजा-अर्चना कर राज्य की उन्नति और सुख- शांति -समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन के साथ कैंपस में स्थित बजरंगबली और भगवान शिव के मंदिर में पूजा अर्चना की। दोनों पति-पत्नी ने बजरंगबली और भगवान शिव से राज्य की उन्नति और सरकार के सफल संचालन की दुआ मांगी।

## भाजपा का विजय संकल्प सभा कल से : आदित्य साहू

**रांची।** भाजपा का सांगठनिक कार्यक्रम जारी है। 6 जुलाई से 15 जुलाई तक पार्टी विधानसभा स्तर पर कार्यकर्ता सम्मान समारोह एवं विजय संकल्प सभा आयोजित करेगी। यह जानकारी सांसद आदित्य साहू ने दी है। सभी पांच प्रमंडलों के अलग अलग विधानसभा क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसमे बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के नेता शामिल होंगे। बताया कि 6 जुलाई को हजारीबाग में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल, खरसावां में अर्जुन मुंडा, राजमहल में अमर बाउरी, दुमका में विरांची नारायण, सारठ में नीरा यादव, निरसा में नारायण दास मुख्य अतिथि होंगे।

# 6.50 लाख के 1.3 किग्रा अफीम के साथ आरोपी गिरफ्तार, रांची के रामपुर में बेचने की थी योजना

**एक आरोपी भागने में सफल, नशीला पदार्थ बेचने रामपुर जा रहे थे**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** खूंटी के अड़की थाना पुलिस ने अफीम के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बरामद अफीम रांची के रामपुर में बेचने की योजना थी। नया कानून लागू होने के बाद खूंटी अनुमंडल का यह पहला मामला है। जिसमें निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के तहत घटना की फोटोग्राफी, विडियोग्राफी की गयी है। गिरफ्तार आरोपियों में अड़की थाना क्षेत्र के शंकर तेरोम और सुगना तेरोम के नाम शामिल है। आरोपियों के पास से 1.3 किग्रा अफीम, बाइक (जेएच 23 सी-3594), 2 मोबाइल और एक बैग पुलिस ने बरामद किया है।

खूंटी एसपी अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि हेम्ब्रम गांव की ओर से बाइक सवार तीन लोग बैग में अवैध अफीम लेकर तमाड़ की ओर जाने वाले हैं। सूचना पर खूंटी एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए हेम्ब्रम बाजार के पास चेकिंग के दौरान बाइक (जेएच 23 सी-3594) पर सवार दो आरोपियों को पकड़ा।

हालांकि एक आरोपी जंगल-झाड़ी का फायदा उठा कर भागने में सफल रहा। पकड़े गये आरोपी के पास से 1.3 किग्रा अवैध अफीम बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि बरामद अवैध अफीम को रामपुर रांची बेचने के लिए ले जा रहे थे। एनसीबी द्वारा अनुमोदित दर के आधार पर बरामद अफीम की कीमत 6,50,000 रुपया है।

# नीति आयोग की ओर से आकांक्षी जिला रांची और आकांक्षी ब्लॉक मांडर में 'संपूर्णता अभियान' का किया गया शुभारंभ

**स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, सामाजिक विकास और शिक्षा पर किया जायेगा कार्य**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** विकास भवन, रांची स्थित सभागार से गुरुवार को आकांक्षी जिला रांची एवं आकांक्षी ब्लॉक मांडर में 'संपूर्णता अभियान' का शुभारंभ नीति आयोग, भारत सरकार की ओर से कर्नल डॉ. उपदेश कुमार शर्मा एवं डीडीसी रांची दिनेश कुमार यादव द्वारा किया गया।

इसका उद्देश्य स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, सामाजिक विकास और शिक्षा जैसे विभिन्न विषयों में पहचाने गए संकेतकों की संतृप्ति प्राप्त करना है। यह अभियान 3 महीने (जुलाई से सितंबर, 2024) तक चलेगा। कार्यक्रम में निदेशक, लेखा प्रशासन एवं स्व नियोजन रांची, उप निदेशक-सह जिला योजना पदाधिकारी, रक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार के प्रतिनिधि, सांसद (राज्य सभा) रांची के प्रतिनिधि, विधायक मांडर के प्रतिनिधि, जिप. सदस्य, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रांची, भारतीय हॉकी टीम की खिलाडी एवं कोच, फेलो/ पिरामल फाउंडेशन टीम रांची, पीपीआइए फेलो रांची, प्रिया श्रुति, अमित कुमार, माइक्रोसेफ कंसल्टेंट, जेएसएलपीएस एवं संबंधित सभी अधिकारी, पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

**संपूर्णता अभियान के तहत-छह इंडिकेटर में सैचुरेशन प्राप्त करने का लक्ष्य**

कार्यक्रम में नीति आयोग की ओर से कर्नल डॉ. उपदेश कुमार शर्मा ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नीति आयोग ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत अगले तीन माह में सम्पूर्णता अभियान के तहत 06 इंडिकेटर में संतृप्ति प्राप्त करने के लक्ष्य को पूरा करें। इस तीन माह में इस कार्यक्रम के जरिए आम नागरिकों की बेहतर जीवन शैली तथा अत्यंत पिछड़े क्षेत्रों में सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने को लेकर इस सम्पूर्ण अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत छह इंडिकेटर स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, सामाजिक विकास और शिक्षा जैसे विषयों पर कार्य किया जाएगा। इसके तहत माहवार लक्ष्य निर्धारित किये जायेंगे। माहवार निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध प्रखंड एवं जिला स्तर पर लक्षित प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी। इस कार्यक्रम में पदाधिकारी और संबंधित सभी अधिकारियों ने अपने ब्लॉक, जिला को सम्पूर्णता अभियान के सभी इंडिकेटरों को संतृप्त करने के लिए कार्य करने की शपथ ली। ब्लॉक, जिला को स्वस्थ, समर्थ और समृद्ध बनाने और एक प्रेरणादायक ब्लॉक, जिला बनाने की दिशा में कार्य करने की भी शपथ ली।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**(CIN No. – U40108JH2013SGC001704)**
Office of the General Manager, Transmission Zone-V, Hazaribag,
Office At - Sringari Complex, Canary Hill Road, Hazaribag, Pin – 825301, JH
eMail iD:- gmtzone5hzb@gmail.com

**TENDER NOTICE**

Sealed tender in two parts Technical part- I and Price Part – II are invited from reputed, financially sound & experienced contractors for the work mentioned below:-

| Sl. No. | N.I.T. No. | Description of Work | Earnest Money Deposit(Rs.) | Cost of Tender (Non Refundable)(Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 71/PR/JUSNL /2024-25 | Requirement of Aux. Relays for 220/132/33KV GSS, Govindpur, Dhanbad. | Rs. 20,700.00/- | Rs.2500+18%GST = Rs.2950/- |
| 02 | 72/PR/JUSNL /2024-25 | Requirement of day to day materials for 220/132/33KV GSS, Itkhori. | Rs. 15,600.00/- | Rs.1250+18%GST = Rs.1475/- |
| 03 | 73/PR/JUSNL /2024-25 | Requirement of materials for 132/33KV GSS, Sariya under Transmission Sub-Division, Sariya. | Rs.16,200.00/- | Rs.1250+18%GST = Rs. 1475/- |
| 04 | 74/PR/JUSNL /2024-25 | Requirement for line Hardware fitting with FODP for maintenance work at 400/220KV Grid Sub-station Patratu & concerned line on urgent basis. | Rs.21,000.00/- | Rs.2500+18%GST = Rs.2950/- |
| 05 | 75/PR/JUSNL /2024-25 | Requirement of spare wave trap materials for 220/132/33KV Grid Sub-station, Itkhori. | Rs.21,200.00/- | Rs.2500+18%GST = Rs. 2950/- |

1) Start Date and Time for sale of Tender Documents - 08/07/2024 from 1:00PM
2) Last Date and Time for sale of Tender Documents - 29/07/2024 upto 2:00PM
3) Last Date and Time for receipt of Tender Document - 30/07/2024 upto 2:00PM
4) BID Opening date for Technical part - I - 30/07/2024 at 3:00PM
5) BID Opening date for Price Part – II - Will be communicated Later on

Tender document with detailed terms and condition may be obtained from office of the General Manager, Transmission Zone -V, Sringari Complex, Canary Hill Road, Hazaribag – 825301.
For any clarification please contact Phone No.: 06546-270375.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Trans Zone-V, (Hazaribag)

PR 328625 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25)#D



**झारखण्ड सरकार**
**सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय**

**इच्छा की अभिव्यक्ति**
**(Expression of Interest)**

सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय, झारखण्ड, रॉंची द्वारा भारत के प्रमुख ट्रेनों के अन्दर एवं बाहर झारखण्ड सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों का प्रचार–प्रसार करने हेतु इच्छुक एजेंसियों से ऑनलाइन आवेदन (Jharkhandtenders.gov.in पर) आमंत्रित किया जाता है। रेल के माध्यम से प्रचार–प्रसार हेतु इच्छुक एजेंसी सूचीबद्धता के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 10.07.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक समर्पित कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् आवेदन किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। सभी प्राप्त आवेदन दिनांक 11.07.2024 के अपराह्न 05:00 बजे खोला जायेगा।

इच्छा की अभिव्यक्ति के नियम एवं शर्तें सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय, झारखण्ड, रांची के वेबसाईट prdjharkhand.in तथा Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

(राजीव लोचन बक्शी)
निदेशक
सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय,
झारखण्ड, रॉंची।

PR 328709 (IPRD) 24-25 (D)



**Office of District Legal Services Authority, Latehar**

**Notice regarding vacancy of Member in Permanent LokAdalat Latehar**

Application in the prescribed format is invited from persons having adequate experience in public utility services (transport service for the carriage of passengers or goods by air, road or water; or postal telegraph or telephone service; or supply of power, light or water to the public by any establishment; or system of public conservancy or sanitation; or service in hospital or dispensary; or insurance service; or banking service; or education or educational institutions; or housing and real estate services) for filling up the post of Member, PLA of Latehar.

**Number of posts**- 01
**Entitlement:** Sitting fee of Rs.2000/- per sitting and Rs.5000/- conveyance allowance per month.
**Period of appointment**: The Member shall hold office for a term of 5 years or till the age of sixty-five years, whichever is earlier. Applicant must attach **one recent passport size photograph affixed in application, two self-addressed stamped envelope (Rs.42/- each)** with the application.
**Last Date of application**: Application addressed to **Chairman, District Legal Services Authority, Civil Court,Latehar** ,must reach by Speed Post/Courier/Registered Post latest by **06.08.2024** by 5 PM.

Sd/-
PDJ-cum-Chairman,
District Legal Services Authority,
Civil Court, Latehar

PR 328653 Law (24-25)_D



**NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL NETARHAT**
(An autonomous Institution under School Education & Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)

Letter No. - 1627 Date- 04.07.2024

**EXPRESSION OF INTEREST ARE INVITED FOR REPAIRING/ SERVICING OF LIGHT & SOUND SYSTEM INSTALLED AT SCHOOL AUDITORIUM.**

Netarhat Vidyalaya, a fully residential boys' senior secondary school is located 155 km. from Ranchi on top of beautiful Netarhat plateau at a height of about 3000 ft. It is under Latehar district of Jharkhand state. This being a premier government educational institution the state government has granted it an autonomous status since, 2009 and is now being administered by 'Netarhat Vidyalaya Samiti', registered under the Societies Registration Act, 1860. However, state government's budgetary support to it continues as before.

Expression of Interest are invited from eligible firms for repair/servicing of light & sound system installed at School Auditorium. The interested firms may visit the school Auditorium from 09th July 2024 to 10th July 2024 to know the present status of light & sound system. A Pre-bid meeting regarding this is also planned on 10th July 2024 to discuss about the necessary things to be done while repairing/ servicing of light & sound system installed at school Auditorium. Based on the final discussion held during the meeting the Interested parties may submit their expression of interest super scribing "EOI for Repair/Servicing of Light & Sound System Installed at School Auditorium" separately for technical & financial bids to the undersigned on or before 15th July, 2024 up to 2p.m. The tender document will be opened on same date at 03.00 P.M. in the office chamber of the undersigned. The bidders may be present at the time of opening of the bid. The undersigned shall have the right of rejecting all or any of the proposals without assigning any reasons thereof. Other related information can be seen on the school's website www.netarhatvidyalaya.com

Sd/-
Principal,
Netarhat Residential School Netarhat

PR.NO.328630 Human Resource Developement(24-25):D



**स्थानीय सूचना**
**प्रपत्र VI 'क'**
**झारखण्ड सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू–अर्जन निदेशालय)**
**या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**प्रारंभिक अधिसूचना**
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)
संख्या–500/भू0अ0 दिनांक–02/07/2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, कोडरमा को यह प्रतीत होता है, कि ग्राम–**लोहाडन्डा** थाना–**जयनगर**, थाना सं0–**83**, अंचल–**जयनगर**, जिला–**कोडरमा** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा **तिलैया से बगड़ो भाया जयनगर पथ के पुर्ननिर्माण** हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए हैं।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–**लोहाडन्डा** थाना–**जयनगर**, थाना सं0–**83**, अंचल–**जयनगर**, जिला–**कोडरमा** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–**1.039 ए0** यानि **0.4205** हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है...........

ग्राम–**लोहाडन्डा** थाना–**जयनगर** थाना सं0–**83** अंचल–**जयनगर** जिला–**कोडरमा**

| क्र0 सं0 | खाता नं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | सर्वे किस्म (भूमि का प्रकार) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | 18 | 49 | रैयती | टांड़ तीन | 0.1610 | मो0 अब्बास खां वो अब्दुल सतार खां पेशरान खुरसीद अली खां अंश समान जाति– मुसलमान सा0– जयनगर। | प्लॉट सं0–45 | प्लॉट सं0–49 अंश | प्लॉट सं0–45 | प्लॉट सं0–48 |
| 2 | 47 | 100 | रैयती | टांड़ तीन | 0.8780 | मोसोमात कलीमन पति– रमजान खां दो अंश वो मुख्तार खां वो मुंशी खं पिता–अजीम खां एक अंश अंश समान वो आजीम खां पिता–रमजान खां एक अंश जाति–पैठान सा0–देह। | प्लॉट सं0–47 | प्लॉट सं0–150 | प्लॉट सं0–100 अंश | सिमाना मौजा–बेलकनारी |
| | | | | कुल– | 1.039 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम–2013 (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, **कोडरमा** के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, **कोडरमा** और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अन्तरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, **कोडरमा** के समक्ष दर्ज की जा सकेंगी।

ह0/–
समुचित सरकार–सह–
उपायुक्त, कोडरमा।

PR 328641 (Land Reforms) 24-25 (D)

# हेमंत सरकार

**झा**रखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने गुरुवार की शाम यहां राजभवन में राज्य के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। झारखंड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने राजभवन में हेमंत सोरेन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। हेमंत सोरेन के पिता और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन, उनकी मां रूपी सोरेन, पत्नी कल्पना सोरेन तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा की अगुवाई वाले गठबंधन के वरिष्ठ नेता भी शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित थे। बुधवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले चंपई सोरेन भी इस अवसर पर मौजूद थे। हेमंत सोरेन को झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में जमानत दिए जाने के बाद 28 जून को जेल से रिहा कर दिया गया था। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा 31 जनवरी को उनकी गिरफ्तारी से कुछ समय पहले ही उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। झामुमो ने इससे पहले दिन में बताया था कि राज्यपाल राधाकृष्णन ने हेमंत सोरेन को राज्य में सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया है और वह मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। ऐसा माना जा रहा है राज्य के विधानसभा चुनाव के नवंबर में होने की संभावना के मद्देनजर हेमंत सोरेन को सीएम पद पर बैठाना आवश्यक था। हेमंत सोरेन के सीएम पद पर होने से जहां इंडि गठबंधन में एक नया उत्साह आयेगा वहीं राजग का मनोबल भी टूटेगा। लोकसभा चुनावों में अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन करने के कारण कांग्रेस नीत गठबंधन का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। निश्चित तौर पर हेमंत सोरेन का आत्मविश्वास और कांग्रेस के साथ उनके बेहतर संबंधों के कारण यह गठबंधन सफलता को दोहराने का प्रयास करेगा। हेमंत सरकार ने जिस प्रकार चार साल का बेहतर शासन दिया है उससे आम लोगों में उम्मीद बढ़ गयी है।

# मौसम का कहर

**रा**जधानी में ही जून का औसत तापमान 42 डिग्री से अधिक रहा। दिल्ली में बरसात की पहली बारिश होती है तो आठ दशक का रिकॉर्ड टूट जाता है। जल निकासी की व्यवस्था शर्म से पानी-पानी हो जाती है। सड़कों में तैरते वाहन और दरकती इमारतें व्यवस्था की पोल खोलती रही। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक ही है कि कल तक जो दिल्ली प्यासी थी वह अचानक बारिश के पानी में क्यों डूबती नजर आई? जाहिर बात है कि मौसम की तीव्रता गर्मी, बरसात और सर्दी में साफ नजर आ रही है। लेकिन हमारी तरफ से इससे मुकाबले के लिये जमीनी प्रयास न के बराबर हैं। दरअसल हुआ यह है कि बारिश के पानी के निकासी के जो प्राकृतिक रास्ते थे, वे कुछ लोगों व बिल्डरों ने कब्जा लिए हैं। नदियों तक पानी ले जाने वाले रास्तों व तालाबों पर तमाम अवैध निर्माण हुए हैं। जो इलाके प्राकृतिक रूप से पानी का अवशोषण करते थे, उन्हें हमने अतिक्रमण से अवरुद्ध कर दिया है। दरअसल, वैज्ञानिक, पर्यावरणविद् और मीडिया के लोग वर्षों से लगातार ग्लोबल वार्मिंग के संकट के प्रति चेताते रहे हैं, लेकिन हमारे नीति-नियंता सिर्फ गाल बजाने का काम करते रहे हैं। लेकिन अब जब ग्लोबल वार्मिंग ने हमारे खेत-खलिहानों में दस्तक देकर हमारी खाद्य श्रृंखला को संकट में डालना शुरू कर दिया है तो भी हमारे सत्ताधीश कुंभकरणी नींद में डूबे हैं। मौसम के जानकार बता रहे हैं कि हाल के दशकों में जून के जो सबसे ज्यादा चार गर्म माह रहे हैं, उनमें तीन पिछले तेरह वर्षों में रहे हैं। लोग महसूस कर रहे हैं हर साल का जून पहले जून से ज्यादा गर्म होता है।

निस्संदेह, गर्मियों के मौसम में अखबारों में छपने वाले तापमान के बढ़ने के आंकड़े डराने वाले हैं। वहीं सर्दी का समय कम होता जा रहा


# देश की आर्थिक विकास पर भारी आरक्षण

**आजादी** के बाद भारतीय संविधान के अनुच्छेद 15(4) के तहत सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े तबकों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई है। आरंभ में आरक्षण की व्यवस्था 10 वर्ष के लिए होनी थी लेकिन हर 10 वर्ष के बाद उसे आगे बढ़ाने का सिलसिला चलता रहा। फिलहाल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग को सरकारी रोजगार, सरकारी कंपनियों और शैक्षणिक संस्थानों में नौकरी तथा सीटों के मामले में 49.5 फीसदी आरक्षण प्राप्त है। जनवरी 2019 में यानी अप्रैल-मई 2019 के लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले संसद ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 10 फीसदी अतिरिक्त आरक्षण को मंजूरी दे दी। इसके अलावा राज्य विधानसभाओं और लोकसभा में भी अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए सीटें आरक्षित हैं।

यह संभव है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए घोषित 10 फीसदी का आरक्षण शायद कुल आरक्षण को बढ़ाकर 59.5 फीसदी नहीं करे क्योंकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और अनुसूचित जाति-जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण उसका अतिव्यापन कर सकता है। बहरहाल यदि आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण लागू होता है तो संभव है कि वह सन 1993 में सर्वोच्च न्यायालय के नौ न्यायाधीशों वाले पीठ के उस निर्णय का उल्लंघन कर दे जिसमें उन्होंने सभी प्रकार के आरक्षण के लिए कुल मिलाकर 50 फीसदी की सीमा तय की थी। फिलहाल 10 फीसदी अतिरिक्त आरक्षण के खिलाफ कई याचिकाएं लंबित हैं। आर्थिक आधार पर 10 फीसदी आरक्षण के पहले भी तमिलनाडु विधानसभा ने कुल मिलाकर 69 फीसदी आरक्षण को मंजूरी दे दी थी। अप्रैल 2021 में होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले तमिलनाडु की द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) ने राज्य के निवासियों के लिए 75 फीसदी आरक्षण का वादा किया है। मध्य प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और हरियाणा पहले ही रोजगार में स्थानीय लोगों के आरक्षण की नीतियां बना चुके हैं।

देश भर में कई याचिकाएं दायर कर 50 फीसदी के ऊपर के आरक्षण को समाप्त करने की मांग की गई है। खासतौर पर 8 फरवरी को खबर आई कि सर्वोच्च न्यायालय एक ऐसी याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है जो तमिलनाडु में 50 फीसदी से अधिक आरक्षण को चुनौती देती है। परिणामस्वरूप अब तक राज्यों में मौजूदा आरक्षण के अतिरिक्त स्थानीय लोगों के लिए आरक्षण के क्रियान्वयन का कानूनी दर्जा अस्पष्ट है। ऐसे आरक्षण के स्तर के पक्ष में दलील यह है कि देश में अभी भी सामाजिक और शैक्षणिक दृष्टि से वंचितों की तादाद बहुत अधिक है।



- जैमनी भगवती

> तमिलनाडु में 50 फीसदी से अधिक आरक्षण को चुनौती देती है। परिणामस्वरूप अब तक राज्यों में मौजूदा आरक्षण के अतिरिक्त स्थानीय लोगों के लिए आरक्षण के क्रियान्वयन का कानूनी दर्जा अस्पष्ट है। ऐसे आरक्षण के स्तर के पक्ष में दलील यह है कि देश में अभी भी सामाजिक और शैक्षणिक दृष्टि से वंचितों की तादाद बहुत अधिक है।

शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण का पारदर्शी और निष्पक्ष क्रियान्वयन जटिल है जिसके चलते कई कानूनी विवाद पैदा हुए। यदि आरक्षण कोटा विश्वविद्यालय स्तर पर होता है तो व्यक्तिगत विभागों में यह 50 फीसदी का स्तर पार कर सकता है। एक अन्य मुद्दा यह है कि किसे क्रीमी लेयर का हिस्सा होने के कारण अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के लायक नहीं माना जाए। फिलहाल क्रीमी लेयर में वे लोग आते हैं जिनकी सालाना पारिवारिक आय 8 लाख रुपये से अधिक है। गैर पिछड़ा वर्ग के लोगों को लगता है कि यदि पिछड़ा वर्ग के लोग स्वरोजगार में हैं तो उनकी आय का आकलन आसान नहीं है। उत्तर प्रदेश और बिहार के प्रवासी श्रमिक दशकों से मुंबई, दिल्ली या बेंगलूरु में किराये के मकानों में रहते हैं। उनके लिए खुद को वहां का निवासी साबित करना मुश्किल है। परिणामस्वरूप राज्यस्तरीय आरक्षण भारतीय श्रम बाजार को आर्थिक रूप से अक्षम बना सकता है। खबरों के मुताबिक सर्वोच्च न्यायालय को 15 मार्च, 2021 से 50 फीसदी सीमा के मामले पर सुनवाई करनी थी। शीर्ष न्यायालय को स्पष्ट करना चाहिए कि देश में आरक्षण के अलग-अलग स्तर नहीं हो सकते और अलग-अलग राज्य ऐसे कानून नहीं बना सकते कि रोजगार वहां के निवासियों के लिए आरक्षित होंगे। समाचार पत्रों में 19 मार्च, 2021 को प्रकाशित खबरों के मुताबिक महाराष्ट्र में राज्य के विशिष्ट आरक्षण से संबंधित याचिका पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने चुटीले अंदाज में यह तक पूछ डाला कि क्या आजादी के बाद से कोई सामाजिक-आर्थिक प्रगति हासिल नहीं हुई?

यह बात शायद सबसे जानकार भारतीयों पर भी लागू होती है। केंद्र सरकार को संसद में श्वेत पत्र पेश करना चाहिए ताकि आरक्षण के क्रियान्वयन को लेकर स्पष्टता आ सके। हालांकि ऐसा होने की संभावना बहुत कम है क्योंकि आरक्षण मतदाताओं और ज्यादातर राजनीतिक दलों के लिए बहुत संवेदनशील मसला है।

आरक्षण में इजाफे के खिलाफ या मौजूदा स्तर का आरक्षण जारी रखने के विरोध में कुछ कहा जाए तो यह भावनात्मक दलील दी जाती है कि अनुसूचित जाति-जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के साथ हजारों साल के भेदभाव को कुछ दशकों में पूरा नहीं किया जा सकता। हालिया अतीत का एक उदाहरण है करीब दो सौ वर्ष के ब्रिटिश शासन के कारण भारतीय उपमहाद्वीप की गरीबी। लब्बोलुआब यह कि अतिरिक्त आरक्षण शासन मानकों को शिथिल करेगा तथा केंद्र, राज्यों और नगर निकाय स्तर के प्रदर्शन पर असर पड़ेगा।

शैक्षणिक संस्थान भी अप्रभावित नहीं रह सकेंगे। मिसाल के तौर पर नैशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर ऐंड सर्विस कंपनीज ने संकेत दिया है कि उससे संबद्ध कंपनियों में से 80 प्रतिशत को लगता है कि हरियाणा के नागरिकों की पक्षधर आरक्षण नीतियां उनके कारोबार और भविष्य की निवेश योजनाओं को प्रभावित करेंगी। देश की राष्ट्रीय और राज्य सरकारें न केवल आरक्षण की मदद करती हैं बल्कि अतिरिक्त आरक्षण की मांग को प्रोत्साहन देती हैं। देश में हर प्रकार के आरक्षण को खत्म करने की जरूरत है और इस दौरान उन लोगों को उचित वित्तीय सहायता मुहैया कराई जानी चाहिए जो सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े हुए हैं।

## खास बात

### पाक बना बाल यौन शोषण का गढ़

**सुभाष**



बाल यौन शोषण, अपहरण और बाल विवाह सहित बच्चों के खिलाफ अपराधों में वृद्धि हुई है। 2020 में एक दिन में औसतन आठ बच्चों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। रिपोर्ट 'क्रूएल नंबर 2020' बच्चों के खिलाफ अपराधों पर आंकड़ों का संकलन है। डॉन की रिपोर्ट में बताया गया है कि यह रिपोर्ट साहिल द्वारा संकलित की गई थी, जो बाल संरक्षण पर केंद्रित एक संगठन है, जो 2020 में 84 राष्ट्रीय और क्षेत्रीय अखबारों में दर्ज मामलों पर आधारित है। रिपोर्ट को गुरुवार को एक आभासी कार्यक्रम में लॉन्च किया गया था। पाकिस्तान में 6-15 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के खिलाफ सबसे ज्यादा अपराध होते हैं। इसके अलावा, 0-5 वर्ष तक के बच्चों का भी यौन शोषण किया गया। रिपोर्ट किए गए मामलों में से 985 गर्भपात, 787 बलात्कार, 89 पोर्नोग्राफी और बाल यौन शोषण और 80 यौन शोषण के बाद हत्या के मामले शामिल थे। इतना ही नहीं, अपहरण, लापता बच्चों और बाल विवाह के मामले क्रमशः 834, 345 और 119 थे। आंकड़ों से पता चला है कि नशेड़ियों में 80 प्रतिशत से अधिक बच्चे शामिल ते थे। ज्यादातर मामलों में, अपमान करने वाले या तो परिचित थे (1,780) या सेवा प्रदाता (109) जैसे शिक्षक, दुकानदार और ड्राइवर। कुल 91 मामलों में, परिवार के सदस्य और रिश्तेदार और 92 मामलों में पड़ोसी शामिल बच्चों के खिलाफ अपराध में थे। केवल 468 मामलों में, अजनबियों ने बच्चों के साथ दुर्व्यवहार किया। 2020 में इस्लामाबाद कैपिटल टेरिटरी, पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान सहित चार प्रांतों में बच्चों के खिलाफ 2,960 बड़े अपराध दर्ज हुए थे।

राम रमापति कर धनु लेहू। खैंचहु चाप मिटै मोर संदेहू।
आज सारा विपक्ष केवल एक व्यक्ति मोदी जी के कारण फैजाबाद लोकसभा को अयोध्या कह रहा है,राम का गुणगान कर रहा ,यही मोदी जी के भाजपा की विजय है,हिंदुओं की विजय है।
**- निशीकांत दूबे, सांसद**

## आपके ट्वीट

5 महीने पहले सत्ता के मद में चूर अहंकारियों ने मुझे चुप कराने की कोशिश की थी। आज झारखंडियों की जनमत वापस बुलंद होगी।
जय झारखंड, जय हिंद
**- हेमंत सोरेन, सीएम, झारखंड**





मणिपुर की स्थिति सामान्य करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। वहां लगातार हिंसा की घटनाएं कम हो रही हैं और शांति की पहल पर भरोसा बढ़ रहा है।
**- नरेन्द्र मोदी**

# जीवन मूल्य

## धर्म-प्रवाह

**अनुराग वत्स**

कठोपनिषद में इसे श्रेय और प्रेय कहा गया है। श्रेय की खोज का नतीजा स्थायी होता है। यह खोज ही नचिकेता की है। प्रेय केवल कुछ वक्त तक रहकर नष्ट हो जाता है। हममें से ज्यादातर लोग हालांकि इसी तुरंता या दिखावटी संसार को गढ़ने में लगे रहते हैं। कठोपनिषद हमें चिरस्थायी समाधानों के लिए उकसाता है।

स्थायी समाधान हमारी सोच से पैदा होते हैं। जब नचिकेता को श्राप देने के बाद वाजश्रवा दुख से उठ नहीं पा रहे थे, तब बालक नचिकेता ने जो उनसे कहा, वह गौर करने लायक है। नचिकेता कहता है, ह्यमेरे पहले अनेक गए हैं। मेरे बाद भी बहुत-से लोग जाएंगे। मैं अकेला नहीं यमराज के पास जा रहा हूं। यम के पास जाकर वह मृत्यु की तरफ से जीवन की ओर देखता है। आपको ध्यान होगा कि नचिकेता ने पहला वरदान ही पिता के पास यानी जीवन में वापसी का मांगा है।

कुंवर नारायण इस जगह जीवन का एक दृष्टिकोण पाते हैं। वह लिखते हैं, ह्यमृत्यु के चिंतन से जीवन के प्रति निराशा ही पैदा हो, ऐसा कतई जरूरी नहीं- कोई मौलिक दृष्टिकोण भी जन्म पा सकता है।

**अमर-घुट्टी है सदा के लिए**

क्या है वह दृष्टिकोण? इसका जवाब भी कठोपनिषद में है। लेकिन पहले हम इस सच को स्वीकार करना सीखें कि हम सब जन्म के बाद से ही अपनी काया में अपनी मृत्यु भी लिए-लिए फिरते हैं। कइयों को एक उम्र के बाद मृत्यु-भय घेर लेता है।

## कॉर्टून वर्ल्ड

जांच का बढ़ता दायरा ...



साभार कॉर्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडीटर

### रोकें भ्रमजाल

**चुनाव** का बिगुल बजते ही लुभावने वादों के साथ जन प्रतिनिधि जनता के दरबार में सेवक की भांति पेश होते दिखाई देते हैं। गरीबी उन्मूलन, बेरोजगारी दूर करना, मुफ्त बिजली-पानी, मकान, मुफ्त शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं, किसानों का कर्ज माफ व उनकी आय दोगुनी करना ये ऐसे कुछ वादे हैं जिन्हें अपने चुनाव घोषणा-पत्र में शामिल कर रही हैं।

**- रविकांत सिंह, रांची**

### लॉ की प्रासंगिकता

**नये** कानून लागू होने से देश भर में जांच में निश्चित रूप से तेजी आएगी। प्रत्येक जिले में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से युक्त अत्याधुनिक उपकरण और विशेषज्ञों की टीम से लैस फॉरेंसिक लैब की व्यवस्था करनी होगी। इसके साथ ही देश भर में पेंडिंग मुकदमों को निपटाने के लिए सभी रिक्त पदों को भरने के साथ-साथ नए न्यायालय भी खोले जाने अति आवश्यक हैं।

**- रवि, रांची**

# नेता प्रतिपक्ष और भारतीय लोकतंत्र की चाल

**डॉ. नुपूर निखिल देशकर**

भारतीय लोकतंत्र को यह जहरीला घूंट अब बार-बार पीना पड़ेगा। नेता प्रतिपक्ष के रूप में अभिभाषण पर बोलते हुए राहुल गांधी के भीतर का वह सब बाहर आ गया है जो दस साल से दबा छिपा था। चुनाव परिणामों से संजीवनी प्राप्त राहुल ने भले ही समूचा विष एक साथ उगल डाला हो लेकिन उन्होंने भाजपा के तमाम दिग्गज नेताओं को बार बार प्रतिवाद करने पर मजबूर कर दिया। इतना अधिक उद्वेलित किया कि न केवल राजनाथ सिंह,न केवल अमित शाह अपितु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसे शीर्ष नेताओं को बीच बीच में खड़े होकर जवाब देने पर मजबूर होना पड़ा। एक तरह से यह राहुल के झूठ की जीत और बीजेपी टॉप लीडरशिप की पराजय है।

राहुल गांधी हिन्दुत्व, भाजपा और संघ को सीधे सपाट ढंग से कोसते हुए सदन में पहली बार बेलगाम नेता के बतौर सामने आए। उनका यह बदला हुआ रूप आने वाले दिनों में एक नई राजनीति की ओर इशारा कर रहा है। जाहिर है नई संसद बेहद हंगामे में चलेगी। सरकार के लिए कामकाज करना उतना सरल नहीं होगा।विपक्ष की ओर से महुआ मोइत्रा और ए राजा ने भी सत्तारूढ़ पार्टी पर बहुत कड़े शब्द बाणों की बौछार की। निश्चित रूप से सांसद में कल का दिन राहुल गांधी का था, इंडी का था। लेकिन दस साल पहले सत्ता छिन जाने से राहुल गांधी के भीतर हिन्दुओं और हिन्दुत्व के प्रति जितनी भी घृणा भरी थी वह एक साथ बाहर आ गई। चुनाव के बाद विपक्ष का

## सामयिक

अब सीधा सा फॉमूर्ला है। सत्ता न मिले तो अराजक हो जाओ। जिन्हें सत्ता मिले उन्हें किसी भी तरह उखाड़ने में लगे रहो।बात न बने तो सदन के भीतर सही गलत जो मन में आए बोलो और सदन से बाहर निकलते ही शोर मचाओ,मीडिया बुलाओ,पीसी करो और प्रदर्शन करो।जिस जनता ने सरकार बनाई उसे कोसो,बंगाल की तरह निदोर्षों पर बीच चौराहे लट्ठ बरसाओ,आतंक फैलाओ।सीधी बात यह कि बहुत हुआ , वोट से सत्ता में नहीं आए तो अराजक हो जाएंगे।पहले संविधान संविधान का झूठ फैलायाअब संसद में कोहराम मचाएंगे।देखते रहिए राजनीति में पराजय से उपजी अराजकता का नया दौर झेलने के लिए तैयार हो जाइए। बात साफ है राहुल गांधी,अखिलेश,ममता,तेजस्वी और केजरीवाल को दिल्ली की सत्ता चाहिए। बहुत हुआ दस साल, हम आएंगे, हम आ रहे हैं, हम आ गए करते करते निकल गए। अकेले-अकेले नहीं आ सकते थे तो इतने सारे दल जोड़े,सीट तालमेल किया।अफसोस कि फिर भी चंद कदम दूर लबे जाम रह गया।तो क्या अब पांच साल यूं ही हाथ मलें?नहीं अब नहीं। खुद भी आए,माताजी भी आईं और जल्दी ही बहन जी भी संसद में आ जाएंगी। तो जीने नहीं देंगे मोदी जी। बाहर भी छकाएंगे और भीतर भी।देश चले ना चले,सरकार चले ना चले,हम चलेंगे।अब अव्यवस्था फैले या अराजकता तुम संभालो,हम तो खेल बिगाड़ेंगे।सबसे बड़ा दर्द और टीस बेशक राहुल के दिल में है लेकिन सबसे बड़ी खुशी अखिलेश के दिल में है। इसलिए नहीं की बीवी सहित जीत गए। इसलिए भी नहीं कि सैफई दरबार के पांच लोग सांसद बन गए। इसलिए भी नहीं कि उत्तर प्रदेश में योगी को पटकी दे दी, मोदी से ज्यादा सीटें हासिल कर ली। संयोग यह कि जो जीते उनका नाम अवधेश प्रसाद। बस फिर क्या था कह रहे कि साक्षात अवधेश हमारे साथ आ गए।उन्हें अपने साथ अगली सीट पर बैठा रहे हैं। हद तो तब हो गई जब राहुल गांधी ने पास बैठे अवधेश प्रसाद से अपने संबोधन के बीच याराना दिखाना शुरू कर दिया। उधर कांग्रेस और बाकी गठबंधन से पूछे बिना ममता ने ऐलान कर दिया कि लोकसभा में उपाध्यक्ष पद पर अवधेश प्रसाद गठबंधन के प्रत्याशी होंगे।

# सत्संग स्थल किसकी लापरवाही से बना श्मशान घाट?

**डॉ. रमेश ठाकुर**

जवाब कौन देगा और कौन है हादसे का जिम्मेदार? ये सवाल भी वहां मुंह खोले खड़ा हुआ है। भगदड़ में मरने वालों की तितर-बितर फैली लाशें, कराहते घायल श्रद्धालुओं की चीखें देखकर परिजनों की हिम्मत जवाब देती दिखी। राहत-बचाव में जुटे कर्मियों के कलेजे भी कंपकपा रहे थे। हाथरस में भोले बाबा के सत्संग में संभावित या आपातकाल की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासनिक इंतजाम अगर थोड़े से भी होते तो इतनी दर्दनाक घटना नहीं घटती। हैरानी की बात ये है कि हजारों सत्संगियों की रक्षा में मात्र 73 पुलिसकर्मी तैनात थे, जिनमें दो दर्जन तो होमगार्ड ही थे। घटना का शोर जब तेजी से मचने लगा तो सबसे सुरक्षाकर्मी ही भाग खड़े हुए। दूसरों को बचाने से बेहतर खुद की जान जान बचानी जरूरी समझी।

प्रशासन और आयोजक दोनों गहरी नींद में सोए हुए थे। सत्संग स्थल पर एक भी एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं थी। न ही कोई फायरब्रिगेड की गाड़ी वहां तैनात थी और न ही कोई विशेष अन्य व्यवस्थाएं की गईं थीं। इसलिए हाथरस भगदड़ को स्थानीय प्रशासन की घोर लापरवाही का नतीजा इसलिए कहा जाएगा, क्योंकि जिस सत्संग स्थल पर बाबा भोले के प्रवचन का आयोजन था उसमें मात्र पांच हजार लोगों की बैठने-उठने की व्यवस्था थी। लेकिन लापरवाही देखिए 50 हजार से अधिक लोग सत्संग में पहुंचे हुए थे। इसलिए सत्संग स्थल कैसे बना श्मशान घाट? उसकी असल सच्चाई सबके सामने है। सत्संग स्थलों पर यह न पहला हादसा है और न ही अंतिम? इससे पूर्व भी कई दर्दनाक हादसे हुए। लेकिन घटना हो जाने पर शासन से लेकर प्रशासन तक खलबली मच जाती है। पर, जैसे ही मामले की तपिश कुछ शांत होती है, प्रशासन दूसरे हादसे का इंतजार करने लगता है।

हाथरस का लोकल प्रशासन अगर वास्तव में थोड़ा सा भी अलर्ट होता। इतने श्रद्धालुओं को सत्संग में पहुंचने की इजाजत नहीं देता, तो सैकड़ों लोग बेमौत मरने से बच सकते थे। उन्हें अपनी जान नहीं गंवानी पड़ती। हादसे होते ही प्रवचन सुनाने वाला बाबा पतली गली देखकर फरार हो गया। बाबा की हकीकत जानें तो वह कोई जन्मजात साधु, पंडा या प्रवचनकर्ता नहीं है और न ही लंबे समय से इस क्षेत्र में है। आधी उम्र बीतने के बाद उसे प्रवचन सुनाने का शौक चढ़ा। करीब 26 वर्ष तक इंटेलिजेंट ब्यूरो में सामान्य कर्मचारी के तौर पर नौकरी की, नौकरी छोड़ने के बाद उसके अपना नाम बदला और ह्यविश्व हरि भोलेह्ण रख लिया। फिर कूद पड़ा धर्म क्षेत्र में, बीते कुछ वर्षों में उन्होंने हिंदी पट्टी के राज्यों में लाखों की संख्या में अपने अनुयायी बनाए। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, हरियाणा व बिहार में उनके भक्तों की संख्या बहुतायत है।

यह बाबा भी पूर्व के बाबाओं की तरह दुख-दर्द, हारी-बीमारी दूर करने का वादा करता है। ग्रामीण महिलाएं इनकी भक्त ज्यादा है। जाहिर सी बात महिलाएं जब कहीं जाती हैं तो अपने साथ छोटे बच्चों को जरूर ले जाती हैं। बच्चे भी थे उनके साथ। इसलिए हादसे में मरने वालों में नौनिहालों की भी संख्या काफी बताई जाती है। हादसे की जितनी निंदा की जाए कम है। सवाल उठता है सरकार-प्रशासन इस हादसे से कुछ सबक लेगा या फिर मुआवजा और सहानुभूति देकर मात्र मामला शांत करेगा। मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री और पक्ष-विपक्ष के नेता भी दुख प्रकट कर रहे हैं। करना भी चाहिए, घटना ही ऐसी, जो सुन रहा है उसके रोंगेटे खड़े हो रहे हैं। घटना का दोषी समूचा स्थानीय प्रशासन है, उसकी लापरवाही से ही ये घटना घटी। संत्सग में अधिक भीड़ इसलिए पहुंची , क्योंकि मंगलवार को सत्संग का समापन दिन था जिसमें अनुमानित पांच हजार से भी अधिक श्रद्धालु पहुंचे हुए थे।

घटना कैसे घटी ये जानना जरूरी है। प्रवचन सुनाने वाले बाबा की जब एंट्री हुई तो उसे करीब से देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उनके काफिले पर टूट पड़ी। अगर वहां दो-चार दर्जन सुरक्षाकर्मी तैनात होते तो ऐसी घटना शायद न घटती। वो भीड़ को नियंत्रित कर सकते थे। पर, यहां सवाल एक ये भी उठता है कि आयोजकों ने पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किए? भीड़ अगर ज्यादा थी तो प्रशासन से अपील करनी चाहिए थी। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के हताहत होने की खबर घटना के कुछ घंटों बाद ही सामने आ गई।

## स्पीड न्यूज

### लायंस क्लब ने बांटा प्लास्टिक बैग



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने बुधवार को भुरकुंडा बाजार में प्लास्टिक बैग फ्री डे मनाया। क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल व अन्य पदाधिकारियों ने आमलोगों और दुकानदारों के बीच कपड़े का बैग बांटा। वर्णवाल ने कहा कि आज हम अपनी सुविधाओं के लिए अपनी जान और अपनी भविष्य की कोई परवाह नहीं करते है। बाजार जाकार पैसे से अपने लिए मौत का कारण खरीद कर लाते है। अपनी भविष्य को स्वस्थ बनाने और पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए प्लास्टिक मुक्त होने की आवश्यकता है। मौके पर सचिव अंजु देवी, चेयरपर्सन एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन अशोक सिन्हा, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन अखिलेश शर्मा, एमजेएफ लायन संजय कुमार, लायन विजयंत कुमार, विजय वर्णवाल, प्रमोद शर्मा, संजय सिंह, बिना देवी, विमल राय, मुमताज, एचएन यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

### देवरिया में लगा बागवानी मेला



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** देवरिया पंचायत भवन के समीप दयाशंकर यादव के बागवानी में बुधवार को आम उत्सव सह बागवानी मेला लगा। इसका उद्घाटन देवरिया मुखिया विकाश कुमार नायक, कुरसे मुखिया संदीप उरांव आदि अतिथियों ने संयुक्त रुप से किया। ग्रामीणों को बागवानी योजना का लाभ लेने के बारे में बताया गया। ग्रामीण किसानों को बागवानी के लिए प्रोत्साहित करने का काम किया गया। मौके पर उपमुखिया जितेंद्र मुंडा, रोजगार सेवक यमुना प्रसाद, अजय कुमार, बृजमोहन, संतोष कुमार, विक्की, जलेश प्रसाद यादव, रोहित मुंडा, मदन मुंडा, रमेश मुंडा, वार्ड सदस्य सत्येंद्र मुंडा, सुनीता देवी, बबिता देवी, प्रतिमा देवी, जुली देवी, शांति देवी, मंजू देवी, कांती देवी, रिंकी देवी, नीतू देवी, बबलू सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### मजदूरों से मिले रोशन लाल चौधरी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी का गुरुवार को बरका सयाल का दौरा हुआ। इस दौरान वे सयाल के मजदूरों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। चौधरी ने मजदूरों को जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बरका सयाल में जो आउटसोर्सिंग चल रहा है उसमें मजदूरों का शोषण हो रहा है। इसके खिलाफ जल्द ही बरका सयाल का ट्रांसपोर्टिंग जाम किया जाएगा। हमारे लिए मजदूरों का हित सर्वोपरि है, इससे कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मौके पर केंद्रीय महासचिव सतीश सिन्हा, क्षेत्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव पासवान, वेलफेयर बोर्ड मेंबर कमलेश, केंद्रीय सदस्य संतोष ठाकुर, बिनोद कुमार, शंकर सिंह, सनी कुमार, शेखर सरकार, शिवनंदन दास, अजय मेहता, लक्ष्मण गोस्वामी, कमल कुमार, राम बिहारी, शंभू, कुश प्रसाद, गोरचंद साव, सुरेश प्रसाद, दिनेश, सतीश, रमेश मुंडा, सैफुल्ला आदि मौजूद थे।

### लोकल सेल चालू करने को लेकर पांडे गोप गुट ने निकाला जुलूस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा लोकल सेल समिति के स्व. पांडेय गोप व सत्यनारायण यादव गुट ने लोकल सेल को चालू कराने की मांग को लेकर गुरुवार को जुलूस निकाला। जुलूस मतकमा चौक से निकलकर बिरसा चौक, जनता टॉकिज, भुरकुंडा बाजार, थाना चौक होते हुए रोडसेल स्थल पहुंचा। जहां जुलूस सभा में तब्दील हो गया। सभा में पांडेय गोप गुट के लोगों ने सीसीएल भुरकुंडा कोलियरी प्रबंधन से अविलंब लोकल सेल चालू करने, पेलोडर लोडिंग को बंद कर मैनुअल लोडिंग चालू करने की मांग की। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भुरकुंडा लोकल सेल समिति पिछले 40 वर्षो से चल रहा रोडसेल का संचालन करते आ रही है। लोकल सेल के चालू होने से करीब 3-4 हजार लोगों को रोजगार और जीविकोपार्जन चलते आ रहा है। भुरकुंडा लोकल सेल विस्थापित और प्रभावितो के लिये रोजगार का एकमात्र साधन है, इसे जल्द चालू करवाया जाए। कहा गया कि लोकल सेल में पांडेय गोप गुप की पुरानी हिस्सेदारी में कटौती की गई तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जुलूस में नागेश्वर मुंडा, शिव नारायण यादव, राजा यादव, देवानंद यादव, रजलाल मुंडा, गणेश बैधरी, चंद्रूस मुंडा, मोहन मुंडा, कार्तिक महतो, जितेंद्र मुंडा, शोभा देवी, मुनिया देवी, सुधा देवी, सावित्री देवी, सुमन कुमारी, यशोदा देवी, सुरेंद्र यादव, बारिक अंसारी, उपेंद्र सोनी, कैलाश तुरी, देवा बेदिया, नाजीर करमाली, मथुरा प्रजापति सहित दर्जनों महिला पुरुष शामिल थे।

# चौपारण में 12 गैलन स्प्रिट के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

## अंग्रेजी शराब बनाने के लिए बिहार ले जा रहे थे स्प्रिट

खबर मन्त्र संवाददाता



**चौपारण।** चौपारण पुलिस ने थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में फिर एक बार अवैध कारोबारियों पर प्रहार किया किया गया। पुलिस ने गुरुवार अहले सुबह टाटा टियागो में 12 गैलन स्प्रिट ले जाते 2 तस्करों को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को रात में गुप्त सूचना मिली की बरही जीटी रोड की तरफ से चौपारण होते हुए बिहार की ओर एक वाहन सं0- बीआर26वाई-8467 जा रही है जिस अवैध रुप से अंग्रेजी शराब बनाने के लिए स्प्रीट बिहार ले जा रहा था। इस सूचना पर चोरदाहा चेक पोस्ट पर बैरिकेटिंग लगाकर बरही की ओर से ने वाली सभी वाहनों का चेकिंग करना प्रारंभ किया। इसी बीच समय करीब 04:00 बजे सुबह टाटा टियागो वाहन सं०- बीआर26वाई-8467 दिखाई दिया। जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से रुकने ईशारा किया गया, लेकिन लोग अपनी गाड़ी को चेक पोस्ट के पास रोककर भागने लगे। जिसे पुलिस ने खदेड़ कर दोनों को पकड़ लिया। पकड़ाये व्यक्ति से नाम पता पुछने पर अपना नाम अनुज कुमार पिता रविन्द्र सिंह सा0+थाना- रामा जिला- औरंगाबाद (बिहार) एवं अमितेन्द्र कुमार पे० हरेन्द्र प्रसाद सिंह सा०- सिद्धार्थ नगर रोड - 01 थाना मदनपुर जिला- औरंगाबाद (बिहार) बताया। गिरफ्तार व्यक्तियों से पुछताछ कर के बाद तलाशी लेने पर गाडी के अंदर अंग्रेजी शराब बनाने वाला 12 गैलन में स्प्रिट बरामद किया।

# सदर विधानसभा क्षेत्र मेरा परिवार है : शेफाली गुप्ता

**भाजपा नेत्री ने डाटो खुर्द पंचायत में सुनी जनता की समस्यायें**

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड स्थित डाटो खुर्द पंचायत में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने गुरुवार को दौरा किया। ग्रामीणों ने फुलमाला एवं ढोल- ताशा के साथ पारंपरिक रूप से उनका स्वागत व अभिनंदन हुआ। इसके बाद ग्रामीणों से मिलकर राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन एवं विधवा पेंशन सहित कई जनसमस्याएं सुनी। इस दौरान डाटो खुर्द पंचायत में संकलन कैंप आयोजित कर ग्रामीणों की केंद्रीय योजनाओं से संबंधित समस्याओं पर आवेदन प्राप्त किया। आवेदन प्राप्त कर जल्द समाधान करने का ग्रामीणों को भरोसा दिया। साथ ही अन्य मुलभुत समस्याओं की निराकरण में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। वहीं डाटो खुर्द पंचायतवासियों ने केंद्रीय योजनाओं के लिए संकलन कैंप लगाकर समस्याओं को सुनने व जानने पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता का आभार व्यक्त किया। इस दौरान बूथ संख्या 23 के बूथ अध्यक्ष आशीष यादव की बहन को शादी से पूर्व मिलकर अग्रिम बधाई व शुभकामनाएं दी तथा बलदेव तूरी की सुपुत्री की शादी में सहयोग राशि भेंट की। गुप्ता ने कहा कि वास्तव में जरूरतमंद परिवारों को केंद्रीय योजनाओं का लाभ दिलाना ही मेरा मुख्य उद्देश्य है। सदर विधानसभा क्षेत्र मेरा परिवार है। आपकी सुख दुःखों में साथ खड़ी हूँ। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कई सारी उत्थान की योजनाएं संचालित है। लेकिन राज्य सरकार जरूरतमंदों तक पहुंचनी नहीं देती है। झारखंड में भाजपा की सरकार आते ही केंद्र द्वारा संचालित योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में केंद्रीय योजनाओं से वास्तव में जरूरतमंद परिवारों को जोड़ने का प्रयास करेंगे। मौके पर सत्यभामा, रानी शुक्ला, किशोरी राना, सुनीता देवी, सुदर्शन देव सिंह, लेखराज, दीपक यादव, सुभाष यादव, महेश प्रसाद, उलेखा देवी कई लोग उपस्थित थे।

### केरेडारी में होटल से लोडेड पिस्टल बरामद

**केरेडारी।** केरेडारी पुलिस ने बुधवार रात विकास होटल से लोडेड पिस्टल बरामद किया। उससे पांच गोलियां बरामद की गयी है। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि पिस्टल के साथ कुछ युवक विकास होटल में खाना खाने के बहाने किसी घटना के इंजाम देने नियत से रणनीति बना रहे हैं। जिसकी सत्यापन के लिए केरेडारी पुलिस ने बल दल के साथ उक्त स्थल पर छापेमारी की। परन्तु इसके पूर्व ही पुलिस आने का भनक युवकों को मिल गई। वे लोग आनन फानन में पिस्टल छोड़कर फरार हो गए। इस बीच पुलिस बल के जवानों ने युवकों भागते देखकर उन दोनों को पीछा किया गया। पर अंधेरा व वर्षा होने का लाभ उठाते हुए भाग निकले। तत्पश्चात सशत्र बल के जवानों ने विकास होटल में छापेमारी की। जहां खाना खाने के टेबल के पास से पांच गोली से भरा पिस्टल बरामद किया। इसके विरुद्ध में थाना गुरुवार को अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कर उसके छानबीन में जुट गई है।

### सिद्धार्थ गौतम को नेताओं ने किया भ्रमित : राजकुमार

**कुजू।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कुजू क्षेत्रीय सचिव राजकुमार ठाकुर ने जनता मजदूर संघ द्वारा श्रवण करमाली को सारूबेड़ा शाखा अध्यक्ष बनाये जाने पर बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि अखबार के माध्यम से श्रवण करमाली आरसीएमयू का अध्यक्ष बताया गया है। जो बिल्कुल गलत और बेबुनियाद बात है। जनता मजदूर संघ के केंद्रीय महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य सिद्धार्थ गौतम को भी जनता मजदूर संघ के कुजू क्षेत्रीय नेताओं के द्वारा गलत सूचना और भ्रमित किया गया है। इधर जनता मजदूर संघ के सारूबेड़ा के शाखा अध्यक्ष श्रवण करमाली से मामले को पूछने पर कहा कि आरसीएमयू के क्षेत्रीय सचिव राजकुमार ठाकुर द्वारा जो बताया गया है वह बिल्कुल निराधार है। उन्होंने कहा कि मैं आरसीएमयू में पिछले 20 साल से जुड़ा था।

## रसोईया धमना मोड़ पर अंडरपास की मिली मंजूरी

**पूर्व सांसद जयंत सिन्हा व विधायक उमाशंकर अकेला का ग्रामीणों ने जताया आभार**

**बरही।** रसोईया धमना मोड पर अंडरपास नहीं रहने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, जिसे लेकर ग्रामीणों ने पूर्व सांसद जयंत सिन्हा व बरही विधायक उमाशंकर अकेला, प्रशासनिक पदाधिकारियों समेत एनएचएआई के अधिकारियों से लगातार मांग कर रहे थे कि रसोइया धमना मोड पर एक अंडर पास दिया जाए। चार लाइन में ही कई सड़क दुर्घटनाएं हो रही थी। यदि आठ लाइन का निर्माण हो जाता तो ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता। गुरुवार को निर्माण कार्य कर रहे कंपनी के कर्मियों ने रसोइया धमना मोड पर आकर ग्रामीणों को बताया कि अंडरपास की मंजूरी मिल चुकी है। खबर पाकर ग्रामीणों में काफी खुशी देखी गई। बता दें पंचायत के युवा समाज तौकीर रजा व पत्रकार राजदेव साहू के नेतृत्व में ग्रामीणों के सहयोग से लगातार आवाज उठाई जा रही थी। समाजसेवी तौकीर रजा व पत्रकार राजदेव साहू ने बताया कि सड़क के उसपार कब्रिस्तान, शमशान घाट व खेती बारी की सुविधा है। यहां तक की एक बस्ती भी बस गया है, जिसका आना-जाना दोनों साइड लगा रहता है। खेती करने के लिए लोग जानवर भी ले जाया करते हैं, इस दौरान कई घटनाएं घट चुकी है। अब अंडर पास बन जाएगा तो घटनाएं कम हो जाएगी। मौके पर प्रवीण साहू, मो. तबरेज, मो. इरशाद, विजय साहू आदि मौजूद थे।

### पत्रकार ने रामगढ़ के डीसी और एसपी को दिया आवेदन

**रामगढ़।** पत्रकार मो वलीउल्लाह ने गुरुवार को उपायुक्त व एसपी को आवेदन दिया है। उन्होंने बताया है कि उपायुक्त द्वारा समाहरणालय कर्मियों का तबादला किया गया है। उन्होंने आवेदन में बताया कि मैंने उपायुक्त से मिलकर यह जानना चाहा को जो समाहरणालय कर्मी लंबे समय से यहां कार्य कर रहे हैं उनका तबादला कब होगा। बताया कि 3 जुलाई को 11:00 बजे समाहरणालय पहुंचने पर समाहरणालय कर्मी जितेंद्र दुबे, मनीष सिंह एवं प्रवीण तिवारी द्वारा बुलाया गया। आवेदन में उन्होंने बताया है कि जितेन्द्र दुबे कहने लगे की हमलोगों की शिकायत करते हो। हमलोग जबतक चाहेंगे तबतक यहां रहेंगे। आवेदन में बताया कि तीनों कर्मियों ने कहा कि हमारी शिकायत करोगे तो अंजाम बहुत बुरा होगा। पत्रकार ने आवेदन में कहा है कि यदि एक पत्रकार के साथ ये इस प्रकार का व्यवहार कर रहे हैं तो आम लोगों के साथ क्या करते होंगे। वरिष्ठ पत्रकार मो वलीउल्लाह ने मामले में उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

# सीपीएम की बैठक में कई समस्याओं पर चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**आयुषमान, राशन कार्ड बनाने की मांग, विधवा, विकलांग पेंशन व अबुआ आवास की भी हुयी चर्चा**



भुरकुंडा (रामगढ़)। सीपीएम रंका चोरघरा शाखा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता बाबूलाल उरांव ने की। इसमें पर्यवेक्षक पतरातु लोकल कमिटी सदस्य रामेश्वर उरांव एवं अशोक कुमार सिंह उपस्थित थे। बैठक में जिला सचिव आरपी सिंह चंदेल ने लोगों का मार्ग दर्शन किया। इसके पूर्व सर्वप्रथम दिवंगत साथियों के प्रति मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शाखा सचिव परमेश्वर उरांव ने गत बैठक से अबतक का रिपोर्ट पेश किया। जिसपर उपस्थित पार्टी सदस्यों ने अपने विचार दिए। बैठक में प्रदूषण से फसलों को हो रहे नुकसान, लपंगा कोलियरी से भुरकुंडा जाने वाली सड़क का खराब होने से हो रही दिक्कतों, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, अबुआ आवास योजना का लाभ भूमिहीन को न मिलने, रंका चोरघरा पंचायत के बेरोजगारों को रोजगार दिलाने, सीसीएल की लंबित जीवनधारा परियोजना के चालू न होने से ग्रामीणों को भूखों मरने की स्थिति पैदा होने जैसी ज्वलंत समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। आरपी सिंह चंदेल ने उपरोक्त समस्याओं के निबटारा हेतु लगातार आंदोलन करने के लिए संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। जिसके लिए, पार्टी में नौजवानों, महिलाओं, आदिवासियों को जोड़ने की सलाह दी। रामेश्वर उरांव ने जिला सचिव को आश्वस्त किया कि रंका चोरघरा पंचायत एवं अगल -बगल के गांवों में इन समस्याओं के बारे में जानकारी देकर लोगों को जोड़ लेने का सीपीएम में जोड़ा जाएगा। बैठक ने सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि शाखा की हर माह नियमित रूप से बैठक किया जाएगा। साथ ही पार्टी में नये सदस्यों की भर्ती,चैनगडा -भुरकुंडा रोड भाया लपंगा कोलियरी के पुर्ननिर्माण हेतु बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल एवं झारखंड सरकार को ज्ञापन देने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। साथ ही लंबित जीवनधारा परियोजना का काम शुरू करने के लिए पार्टी की ओर से सीसीएल सीएमडी को पत्र देने, बंचित लोगों के लिए आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, ई श्रम कार्ड, बंचित लोगों को वृद्धावस्था, विधवा एवं झारखंड सरकार द्वारा घोषित अन्य पेंशन योजना लाभ दिलाने के लिए चोरघरा पंचायत के मुखिया सहित बीडीओ पतरातु एवं डीसी रामगढ़ को पत्र भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में सुकरा उरांव को पार्टी का उम्मीदवार सदस्यता दी गई। मौके पर रामेश्वर उरांव, अशोक कुमार सिंह, परमेश्वर उरांव, बाबूलाल उरांव, मोघा उरांव, मिश्रीलाल केशरी, सुकरा उरांव आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### दारू में ट्रक से कुचलकर एक की मौत



**दारू।** झुमरी एसबीआई बैंक के समीप गुरुवार को एक ट्रक (एच 09अ 6017) ने एक व्यक्ति को कुचल डाला और मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान इचाक थाना क्षेत्र अंतर्गत आशिया निवासी गाजो राम उम्र लगभग 55 वर्ष है। घटनास्थल पर थाना प्रभारी सफीक खान दलबल के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और वाहन चालक को अपने हिरासत में लेकर थाने लाया। चालक रंजीत कुमार बताया कि ब्रेक काम नहीं किया, जिसके कारण ऐसी घटना घटी। शव को 108 एंबुलेंस की मदद से थाने लाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक हजारीबाग से बगोदर की ओर जा रही थी इसमें नए ऑटो भी लोड थी। बाजार में काफी भीड़ था। ट्रक चालक का ध्यान आगे की ओर था बाई तरफ अच्छी तरह से ध्यान नहीं देने के कारण व्यक्ति ट्रक के चपेट में आ गया जब तक गाड़ी रुकती तब तक ट्रक का पहिया उसके माथे पर चढ़ गया जिससे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। लोगों ने बताया कि प्रत्येक गुरुवार को झुमरा में साप्ताहिक बाजार लगता है जिसमे काफी भीड़ होती है। आए दिन बकरा,बकरी एवं अन्य पशुओं को बेचने वाले विक्रेता एनएच 522 के किनारे लगभग आधे रोड को घेरे रहते हैं जिसमें थोड़ी सी जगह पर में ही गाड़ियां का आवागमन होता रहता है। स्थानीय प्रशासन एवं बाजार समिति का इस पर कोई ध्यान नहीं है बाजार समिति केवल चुंगी वसूली मे लगे रहते है। बाजार समिति को इस पर विशेष ध्यान देना चाहिए। सरकार को बाजार से बड़ा रेवेन्यू प्राप्त होता है फिर भी सभी सोए है।

### पदमा में रेफरी अविनाश कुमार का स्वागत




**पदमा।** 28 - 30 जून को केडी सिंह बाबू स्टेडियम, लखनऊ में ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में झारखंड से चयनित रेफरी अविनाश कुमार का हुआ स्वागत। प्राचार्य डॉक्टर चेतलाल प्रसाद व अध्यक्ष डॉक्टर अनूप कुमार मेहता ने उन्हें बुके देकर सम्मानित किया। शिक्षकों व प्रशिक्षुओं ने शुभकामनाएं दी। डॉक्टर अनूप कुमार मेहता ने कहा कि प्रोफेसर अविनाश कुमार का चयन राज्य व महाविद्यालय के लिए उपलब्धि है।

### आज कुजू आयेंगे शिवराज सिंह चौहान

**कुजू।** भाजपा जिला कार्यालय में शुक्रवार को केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान का कार्यकर्ताओं के साथ करेंगे बैठक। जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने बताया कि सुबह 10:15 बजे से 12:30 बजे कार्यालय में शिवराज सिंह चौहान कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक करेंगे। इसके दिगवार में बूथ अध्यक्ष के घर मे भोजन करेंगे। बैठक की सारी तैयारी कर ली गयी है।

### बेलासोती पुल से नीचे गिरा पिकअप



दारू थाना क्षेत्र अंतर्गत हजारीबाग - बगोदर मार्ग एन एच 522 में बेलासोती पुल से अनियंत्रित होकर पिकअप वैन नीचे गिर गया। बताया जाता है कि दुमका से हजारीबाग मकई का बीज की बोरी लदा पिकअप गाड़ी जेएच 04जेड 1230 अनियंत्रित होकर बेलासोती छतिग्रस्त संकरा पुलिया से नीचे गिर कर क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में ड्राइवर और सहयोगी बाल बाल बच गए। थाना को सूचना मिलने पर थाना प्रभारी दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुँच कर दुर्घटना ग्रस्त गाड़ी से दूसरे गाड़ी में लदा माल लोड करा कराया और गाड़ी को जेसीबी से निकाल कर थाना लाया।

### नवचंडी महायज्ञ सह ग्राम देवी प्रतिष्ठा शुरू

**दारू।** दारू प्रखंड अंतर्गत पुनाई पंचायत के ग्राम बसरिया में सात दिवसीय सर्व कल्याण नवचंडी महायज्ञ सह ग्राम देवी प्रतिष्ठा यज्ञ प्रारम्भ 29 जून से किया गया। आचार्य गोपाल पांडेय के द्वारा यज्ञोमंत्र उच्चारण के साथ विधिवत पूजन अर्चन किया जा रहा है। गुरुवार को दैनिक पूजन, जलाधिवास, पुष्पाधिवास, हवन, आरती किया गया। महायज्ञ में पुनाई पंचायत के साथ साथ इचाक प्रखंड और टाटीझरिया प्रखंड से भी काफी संख्या में ग्रामीण पूजा अर्चना करने और मंडप फेरी करने आ रहे है। दारू थाना के एस आई श्रवण कुमार पासवान ए एस आई रंजीत कुमार पत्रकार रौशन सिन्हा ने भी विधिवत पूजा अर्चना किया और प्रसाद प्राप्त किया। समिति के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का अंगवस्त्र दे कर स्वागत किया। 6 जुलाई को नगर भ्रमण कार्यक्रम तथा 7 जुलाई को पाठ समापन, प्राण प्रतिष्ठा पुर्णाहुति और भंडारे के साथ यज्ञ का समापन किया जाएगा। यज्ञ को सफल करने में अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, सचिव उदयनारायण महतो, कोषाध्यक्ष छोटेलाल शर्मा के साथ साथ पूरे ग्रामवासी तन- मन के साथ लगे हुए है।

### चौकीदार अभ्यर्थियों को मिलेगी ट्रेनिंग

**रामगढ़।** जिले में चौकीदार के सीधी भर्ती को लेकर उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर जिला प्रशासन ने आवेदनों की स्क्रूटनी से लेकर परीक्षा परिणाम के संभावित तिथि तक की समय सारणी जारी कर दी गयी है। उपायुक्त के निर्देश पर विशेष पहल करते हुए जिन अभ्यर्थियों ने भी आवेदन दिया है उन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षा 28 जुलाई को निर्धारित है। रामगढ़ जिले के विभिन्न प्रखंडों में 9 स्थानों पर प्रशिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जो भी अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते हैं वे अपने-अपने निकटतम स्थल तक जाकर नि:शुल्क रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। अभ्यर्थी रामगढ़ कॉलेज रामगढ़ में अजय करमाली दूरभाष संख्या 8340249228, सिद्धू कान्हू स्टेडियम बाजारटांड रामगढ़ में भोलानाथ महली 8521422407, श्रमिक स्टेडियम सिरका रामगढ़ में अजय डीसुवला 620737 4562, चितरपुर प्रखंड में डीएवी रजरप्पा स्टेडियम में सीडी सिंह 7488 300965, गोला प्रखंड में पुरबडीह मैदान गोला में उत्तम कुमार 8002336056, दुलमी बाजार टांड मैदान में जगरनाथ महतो 748805674, पतरातु प्रखंड में सेंट्रल सौंदा स्टेडियम भुरकुंडा में मोहम्मद कमरुद्दीन 9576543731, रेलवे खेल मैदान बरकाकाना में सुमित कुमार 8877593137 एवं पब्लिक हाई स्कूल कुज्जू मांडू में कैलिश कुमार महतो 9304332270 पर संपर्क करें।

### लोकलाल महतो की पुण्यतिथि मनी

**विष्णुगढ़।** गिरिडीह के पूर्व सांसद स्व. टेकलाल महतो के अग्रज एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह अधिवक्ता झारखंड आंदोलनकारी चंद्रनाथ भाई पटेल के पिता स्व. लोकलाल महतो की आठवीं पुण्यतिथि गुरुवार को मनाई गई। प्रखंड के चानो स्थित पिनेकल इनमाइटेड स्कूल में श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ। इस दौरान उनके परिजन, गणमान्य लोगों के अलावा स्कूली बच्चों ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। बच्चों व प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले छात्रों के बीच पाठ्य-सामग्री का वितरण किया गया। चंद्रनाथ भाई पटेल ने कहा कि पिता स्व. लोकलाल महतो निरक्षर रहने के बावजूद लोगों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करते थे।

स्पीड न्यूज

## बनो और बनाओ मंच ने स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि मनायी



**नामकुम।** गुरुवार को बनो और बनाओं मंच के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की 122वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। इस दौरान स्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंच के संस्थापक स्वामी रामाधार सिंह ने कहा कि अच्छा बनो,अच्छा सोचो अच्छा करो में ही स्वामी विवेकानंद जी का सार तत्व है। वहीं मंच के सचिव अखिलेस यादव ने कहा कि मां महात्मा और परमात्मा से बढ़कर कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि जीवन में तीन पेड अवश्य लगाएं एक मां के नाम एक महात्मा के नाम और एक परमात्मा के नाम पर। श्री यादव ने जीवन में मां महात्मा एंव परमात्मा से आशीर्वाद लेने की जरूरत बतायी। मौके पर अनंत नारायण, नीरज कुमार, अशोक यादव, मनोज गोप, डॉ अंजेश कुमार, सरत ओझा, रघुनाथ साहु, अरूण यादव आदि मौजूद थे।

## एस्बेस्टस सीट तोड़कर जेनरल स्टोर से चोरी

**खलारी।** खलारी थानांतर्गत केडी अंबेडकर चौक स्थित जेनरल स्टोर में एस्बेस्टस सीट तोड़कर 4 से 5 हजार की चोरी कर ली गई। यह घटना बीते बुधवार की रात की है। इस संबंध में जेनरल स्टोर के संचालक सिंधु कुमार ने बताया कि सुबह प्रतिदिन की तरह गुरुवार को जब दुकान खोले तो पाया कि एस्बेस्टस सीट टूटा हुआ है। दुकान का सामान बिखरा पड़ा है। जब वे गुल्लक में रखे पैसे को देखा तो पैसा गायब था। दुकानदार कुमार ने बताया कि 4 से 5 हजार गुल्लक में रखा हुआ था। इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई है। बतादें कि पूर्व में इस इलाकों के कई दुकानदार चोरी की घटनाएं से पीड़ित हो चुके हैं। बढ़ती चोरी की घटनाओं से क्षेत्र के व्यवसायी व आम लोग संशय में हैं।

## कोल फील्ड मजदूर यूनियन की बैठक

**खलारी।** कोल फील्ड मजदुर यूनियन की बैठक डकरा भीआईपी सभागार में किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसएन सिंह व संचालन ध्वजा राम धोबी ने किया। बैठक में कामगारो का प्रमोशनए प्रतेक परियोजा में कैंटीन शौचालय क्वार्टर मरम्मत कॉलोनी की सफाई प्रत्येक परियोजन मांग पत्र देकर प्रबंधक कामगारों वेलफेयर से संबंधित हक अधिकार के विषय मे गंभीर चर्चा किया गया। इस चर्चा में यूनियन अथवा यूनियन प्रतिनिधि हमेशा मजदूरों के साथ है। बैठक में एरिया अध्यक्ष मिथलेश कुमार सिंह रमेश सिंह रामा उरांव रविंदर बैठा राजेंद्र चौहान जयमंगल सिंह बिनोद सतनामी जगदीश सतनामी सहित अन्य मौजूद थे।

## नावाडीह गांव का ट्रांसफारमर खराब उपभोक्ता परेशान

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज सबस्टेशन अन्तर्गत नावाडीह ग्राम में लगा 200 केवीए का ट्रांसफॉर्मर पिछले चार दिनों से खराब हैए जिसके चलते एक बड़ी आबादी वाला क्षेत्र अंधेरे में तबदील है। कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया हैए लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि एक ही ट्रांसफॉर्मर से नावाडीह का बड़ा इलाके को बिजली आपूर्ति की जाती हैए जिसके चलते उक्त ट्रांसफार्मर में अक्सर खराबी उत्पन्न होते रहती है। उधर पिछले चार दिनों से बिजली नहीं रहने से उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है। परेशानी को देखते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने रांची सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सहित बिजली विभाग के पदाधिकारियों को उक्त समस्या से निदान दिलाने का आग्रह किया गया है। वहीं बिजली विभाग के जीएम ने दो दिनों के अंदर ट्रांसफॉर्मर देकर बिजली बहाल कराने की बात कही।

# इटकी रेलवे फाटक बंद करने पहुंचे अधिकारी बैरंग लौटे

### भनक मिलते ही उमड़े ग्रामीण

### ग्रामीणों ने रेलवे फाटक बंद करने का किया विरोध



इटकी में रेलवे फाटक को बंद करने का विरोध करते ग्रामीण।

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी रेलवे स्टेशन स्थित रेलवे फाटक को गुरुवार को बंद कराने पहुंचे रेलवे अधिकारियों को दर्जनों गांव के ग्रामीणों के भारी विरोध के बाद बैरंग वापस लौटना पड़ा। रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर गणेश प्रसाद और आरपीएफ के एसआई जवानों के साथ गुरुवार को इटकी रेलवे स्टेशन में बना मानव सहित रेल फाटक को बंद कराने पहुंचे थे। फाटक को बंद कराने की प्रक्रिया शुरू होने से पूर्व ही स्थानीय ग्रामीणों को इसकी भनक मिलते ही दर्जनों गांव के ग्रामीण जमा हो गए और फाटक बंद करने का विरोध किया। फाटक के दोनों ओर महिला-पुरुष, स्कूली छात्र-छात्राएं भीड़ लगा कर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। सूचना मिलने पर इटकी बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग ने ग्रामीणों को समझा बुझा कर मामला शांत करवाया और आलाधिकारियों के साथ वार्ता के बाद आगे की कार्रवाई का आश्वासन मिलने पर ग्रामीण शांत हुए। इस दौरान इटकी ब्राम्बे मार्ग दो घंटा जाम हो गई। रेलवे के अधिकारी गेट बंद कर सबवे से आवागमन करने का प्रस्ताव दिया, लेकिन ग्रामीण सबवे में हो रही परेशानी का हवाला देकर सबवे को जाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है की रेलवे विभाग द्वारा बनाई गई सबवे बड़ी गाड़ियों के आवागमन के अनुरूप नहीं है। साथ ही बरसात के दिनों में सबवे पर दो फीट पानी जम जाता है। जिसके कारण आम जनों, स्कूली छात्र छात्राओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

# महिला का अश्लील विडीओ बना परिजनों को भेजा, ग्रामीण उग्र

### विधवा महिला को प्रेम जाल में फंसा कर करता था यौन शोषण

### नामकुम में लव जेहाद का मामला

### महिला की बेटी पर रखता था गंदी निगाह

पंचायत में महिला की बेटी ने बताया कि आरोपी उसपर भी गंदी निगाह रखता था,वह उसे भी मोबाईल और कपड़ा खरीद देने के नाम पर अपने यहां बुलाता था। मामले को लेकर ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त है लोगों का कहना है कि समुदाय विशेष के लोग यहां काम करने आते है और यहां की मां बहनों के उपर गंदी निगाहें रखते हैं। उन्हें प्रेम जाल में फंसाकर उनके जरिए घर परिवार की अन्य महिलाओं और बेटियों को भी टारगेट किया जाता है।

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** थाना क्षेत्र के चटकपुर गांव में लव जेहाद का मामला सामने आया है। मामले को लेकर परिजन और स्थानीय ग्रामीण गुरुवार को उग्र हो गए। मामले की जानकारी मिलते ही नामकुम पुलिस रेस हुई और आरोपी के ठेकेदार जहांगीर को मौके से उठाकर थाने ले आयी। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि मुसीर्दाबाद से ठेकेदार के साथ चटकपुर गांव में मजदूरी करने आया युवक आसिफ गांव की ही एक विधवा महिला को अपने प्रेम जाल में फंसाया और पिछले कई साल से उसका यौन शोषण कर रहा था। मामले की जानकारी परिजनों को तब मिली जब आरोपी युवक ने महिला को बरगला कर अपने साथ कोलकाता ले गया और बनाए गए अश्लील विडियों को उसकी बेटी के मोबाईल पर भेज दिया। परिजनों ने बताया कि सोमवार को महिला अपने मायके जाने की बात कहकर घर से निकली उसके कुछ देर बाद ही आरोपी भी अपना सामान लेकर चला गया। परिजन जब महिला के मायके फोनकर उसकी जानकारी ली तो पता चला की वह मायके गयी ही नहीं है। उसके बाद उसके मोबाईल पर फोन करने पर आरोपी फोन उठाने लगा और उसने सारी बातें परिजनो को बतायी और अश्लील वीडीओ भेज दिया। बुधवार शाम महिला अकेले अपने गांव पहुंची तो उसकी पांचों बेटिया उसके खिलाफ हो गयी और मां को घर से निकालने की जीद पर अड गयी। गुरुवार सुबह को गांव में पंचायत बैठी तो पांचों बेटियों ने दादा दादी के साथ रहने और मां को घर से बाहर करने की जीद ठान ली, जिसके बाद आरोपी के ठेकेदार को मौके पर बुलाया गया और बच्चों के लालन पालन हेतु अर्थदंड लगाया गया। इसी दौरान किसी ने मामले की जानकारी नामकुम पुलिस को दे दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ठेकेदार जहांगीर को मौके से उठाकर थाने ले आयी। बताया जा रहा है कि पुलिस ने एक सप्ताह में आरोपी को पकड़कर लाने का जिम्मा जहांगीर को देकर छोड़ा है।

## संत अन्ना के मेधावी विद्यार्थियों को मिला सम्मान



खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** प्रखंड स्तरीय मेधा विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन गुरुवार को संत अन्ना बालिका विद्यालय मांडर में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्थानिया विधायक शिल्पी नेहा तिर्की उपस्थित हुई। जिन्होंने अपने संबोधन में बच्चों को कहा कि किसी भी क्षेत्र उम्दा प्रदर्शन और जबरदस्त सफलता के लिये अनुशासन बहुत जरूरी है।उन्होंने कहा कि सक्सेस के लिये यह जरूरी है कि एक साथ सौ प्रतिशत सुधार की बजाय प्रतिदिन एक.एक प्रतिशत की सुधार का कहीं अधिक बेहतर परिणाम होगा इसलिये एक-एक कदम आगे बढ़ें अर्थात अपना कदम धैर्य से आगे रखें और उन्होंने कहा कि अपने विधानसभा क्षेत्र में उनकी सबसे पहली प्राथमिकता शिक्षा का विकास है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से आह्वान किया है कि पूरे मन से दिल खोलकर और उत्साह के साथ अपनी पढ़ाई एवं अध्ययन पर ध्यान दें और उत्साह के पंख पर सवार होकर उड़ान भरें और झारखंड सरकार हर कदम पर उनके साथ है। इस अवसर पर मांडर के संत अन्ना स्कूल में प्रखण्ड के विविध विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करनेवाले वैसे 10 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने झारखण्ड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा में अपने-अपने विद्यालयों में सर्वोच्च 10 स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही मांडर प्रखंड के प्रत्येक महाविद्यालय में इंटर परीक्षा के प्रत्येक संकाय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करनेवाले 10 छात्र-छात्राओं को भी प्रमाण पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सांकेतिक रूप से 30 छात्राओं को सरकार द्वारा दी गयी साइकिल भी प्रदान किये। मौके पर बीडीओ मनोरंजन कुमार, प्रखण्ड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, उप प्रमुख अमानत, विधायक प्रतिनिधि जमील मालिक, प्रखण्ड अध्यक्ष मांगा उरांव, महिला अध्यक्ष सरोफिना मिंज, सरिता एक्का, चिंतामणि उरांव मौजूद थे।

### हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री बनना झारखंड की भावनाओं की जीत : इंदिरा

**खलारी।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सचिव इंदिरा देवी ने प्रेस विज्ञप्ति कर कहा है कि झारखंड में हेमंत सोरेन ने तीसरी बार झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लिए है या झारखंडी आदिवासी मूलवासी और सदानो की दुआओं और भावनाओं की जीत का आगाज है । झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेना विधानसभा चुनाव के चार माह पहले झारखंड राज्य में एक बार फिर से विकास कार्य को गति देंगे। महिलाओं एव नौजवानों को रोजगार नौकरी मिलेगी जो पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन शुरू करके किया था और वादा करके गए हैं और महिलाओं को पेंशन योजना की शुरूआत भली.भांति करेंगे । हेमंत सोरेन की मुख्यमंत्री बनने से भी विपक्षी के मुंह में बहुत बड़ा तमाचा है।

## फरहान मिस्टर और सानियां परवीन बनी मिस फ्रेशर

### ●घंटों चला गीत और संगीत का दौर रीमिक्स पर थिरके छात्र-छात्राएं

### लॉरेंस इंटर कॉलेज, हुरहुरी में फ्रेशर्स डे




### इन्होंने निभायी भूमिका

हाजी महमुद आलम, नौशाद आलम, मुस्ताक आलम, किरण कुमारी, हलीमा परवीन, शोभा सिंह, अंजली यादव, शहबाज अंसारी, मुकेश कुमार, शहनाज परवीन, आरती सिंह, नेहा कुमारी, अभिषेक कुमार, नाज परवीन, आशु भगत, नगमा परवीन व शाहीन परवीन आदि।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** लॉरेंस इंटर कॉलेजए हुरहुरी में फ्रेशर्स डे मनाया गया। प्राचार्य इंतखाब आलम उर्फ सोनू ने दीप प्रज्वलित कर इसका उद्घाटन किया। श्री आलम ने चालू सत्र के छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुये अनुशासित व लगन के साथ पठन-पाठन, सामाजिक सरोकार से ताल्लुक रखने और धूम्रपानए गुटखा व अन्य नशीली पदार्थों का सेवन नहीं करने का निर्देश दिया। समारोह के दौरान मनमोहक कला की छटा बिखेरी गयी। रीमिक्स गीतों पर लोग घंटों थिरके। जमकर हंसी-ठिठौली हुयी। लजीज व्यंजन का भी स्वाद चखा। निर्णायक मंडली की देख.रेख में फ्रेशर्स टीम का गठन किया गया। फरहान अंसारी बतौर मिस्टर और सानियां परवीन मिस फ्रेशर चुने गये। संचालन मुस्कान, नाजिश, आतिश व मुराद अंसारी ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन अभिषेक कुमार ने दिया। इससे पूर्व विद्यार्थियों ने एक-दूसरे का परिचय लिया और कुशलक्षेम भी जाना।

## चान्हो: साइंस ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे सम्मानित

### साइंस ओलंपियाड प्रतियोगिता में देश-विदेश के स्कूलों के लाखों बच्चे हिस्सा लेते हैं

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** साइंस ओलंपियाड फाऊंडेशन द्वारा बाघवार एकेडमी के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को गुरुवार को सम्मानित किया गया। ज्ञात हो के इस प्रतियोगिता का आयोजन साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के द्वारा प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किया जाता है। इस प्रतियोगिता में देश-विदेश के विभिन्न विद्यालयों के लाखों बच्चे हिस्सा लेते हैं। इस वर्ष बाघवार अकादमी चान्हो के बच्चों का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा। कक्षा 5 के परिधि सहदेव 3 रैंक, लक्ष्मी प्रिया 10 रैक, तनु दुबे 10 रैंक, ओलिव एक्का 12 रैंक, अंजना कुमारी 21 रैंक हासिल किया। सभी छात्र छात्राओं को साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन के द्वारा नगद, जोनल ब्रांज मेडल, सर्टिफिकेट आफ जोनल एक्सीलेंस, मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन तथा सर्टिफिकेट ऑफ डिस्टिंक्शन का पुरस्कार दिया गया। साथ ही प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले अन्य बच्चों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। बच्चों के इस अप्रत्याशित सफलता पर विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार एवं प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने सभी प्रतिभागियों की भूरी.भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों की इस सफलता का पूरा श्रेय विद्यालय के शिक्षकों को जाता है।

## कृषि अभियंत्रिकी के अधिकाधिक प्रयोग से किसानों की बढ़ेगी आय : उपमहानिदेशक

### नामकुम के राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान का दौरा



खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** गुरुवार को आईसीएअसर के उप महानिदेशक डा श्याम नारायण झा ने नामकुम स्थित राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान का दौरा किया। इस दौरान डॉ झा ने संस्थान के आधारभूत संरचनाओं की जानकारी ली और वैज्ञानिकों के साथ एक बैठक कर षोध संबंधी जानकारी ली। इस दौरान उप महानिदेषक ने प्रेस वार्ता कर मीडिया को कृसि क्षेत्र में कृसि अभियंत्रिकी का अधिकाधिक प्रयोग पर बल देने की आवष्यकता बतायी। डॉ झा ने बताया कि आज सरकार को हर प्रखंड में एक कृसि अभियंता की नियुक्ति कर इनकी निगरानी तथा मार्गदर्षन करने के लिए एक कृसि अभियंत्रिकी निदेषालय का गठन करना चाहिए। उन्होने बताया कि कृसि अभियंता की मदद से ज्यादा से ज्यादा कृसि में यंत्रीकरण में को बढावा मिलेगा,जिससे किसानों की आय बढाने में बहुत मदद मिलेगी।

इससे पैदावार में 20 से 22 प्रतिषत की बढोत्तरी होगी, खरपतवार में 35 से 40 प्रतिषत की कमी आएगी साथ ही श्रमिकों की मजदूरी में भी कमी आएगी और सुक्ष्म सिचांई को बढझवा मिलेगा जिससे भूगर्भ जल का स्टाक बढ़ेगा। उप महानिदेषक ने बताया कि भारत सरकार का लक्ष्य है कि ब्राजील जैसे देषों के ही जैसे भारत में भी कृषि यंत्रिकरण 75 प्रतिशत तक बढना चाहिए। साथ ही साथ उन्होने कन्द्र सरकार के छोटे छोटे रोबोट बनाने और उनका उपयोग कृसि कार्य में करने के प्रयास पर भी चर्चा की। मौके पर संस्थान के निदेशक डा अभिजीत कर सहित मनीस कुमार सिंह, विनोद कुमार समीस महतो, अजय कुमार, सूरज कुमार आदि मौजूद थे।

एक नजर में

## जिंतू पंचायत में 58 बच्चों को मिली साइकिल



**सोनाहातू।** सरकार के उन्नति का पहिया कार्यक्रम के तहत प्रखंड के जिंतू पंचायत सचिवालय में समारोह आयोजित कर पंचायत के मध्य विद्यालय हितजाराएमध्य विद्यालय पोआदिरीएमध्य विद्यालय जिंतूए मध्य विद्यालय कुडियामु के छात्र.छात्राओं के बीच 58 साइकिल का निशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड प्रशासन के निर्देश पर शिक्षा कार्यालय सोनाहातू के द्वारा किया गया। साइकिल वितरण पूर्व जिला परिषद के अध्यक्ष सुकरा सिंह मुंडा के द्वारा किया गया। मौके पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष सुषेण प्रमाणिक, सचिव शिवनाथ मछुआ, बीआरसी के इंद्रजीत बैठा, स्कूल के शिक्षक घासीराम पातर मुंडा, मनोज कुमार साहू, पंकज कुमार, कृष्ण सिंह मुंडा, नंदकिशोर महतो सहित स्कूल के छात्र–छात्राएं मौजूद थे।

## न्यू ऑक्सफोर्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने किया राज्य संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण



**ठाकुरगांव।** न्यू ऑक्सफोर्ड स्कूल बूढ़ीबागी के छात्रों ने गुरुवार को राज्य संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। स्कूल के उपप्रधान अध्यापक रतन नाग ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु उपयोगी सिद्ध होते हैं। एवं स्थल पर जाकर प्रत्यक्ष जानकारी विद्यार्थियों के लिए लाभदायक होती। छात्राओं ने आदिमानव के पारंपरिक अवस्था से उनका क्रमिक विकास पाषाण युग सभ्यता से लेकर पूरे उम्र तक भारत में पाई जाने वाली विभिन्न जनजातीय सभ्यता एवं संस्कृति जिसमें उनका परिवेश गणेश विवाह परंपरा एवं दैनिक उपयोग में लाई जाने वाली वस्तुएं तथा कर्मकांड से संबंधित रीति रिवाज विभिन्न कलाकृतियां तथा मनोरंजन के लिए संगीत एवं नृत्य के उपयोगी वाद यंत्र एवं वेशभूषा को देखने का अवसर प्राप्त हुआ।

## पुरनाडीह परियोजना में गेट मीटिंग

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा ने पुरनाडीह परियोजना में गेट मीटिंग किया। अध्यक्षता बिगन सिंह भोगता व संचालन रामलखन गंझू ने किया। इस गेट मीटिंग में सीसीएल कर्मियों के लिए बायोमेट्रिक सिस्टम से हाजरी बनाने का जोरदार विरोध किया गया। वही मोर्चा के अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि कोल इंडिया प्रबंधन कोयला कर्मचारियों को बंधुआ मजदूर बना कर कोयला उत्पादन करना चाह रही है। सीसीएल प्रबंधन का रवैया मोर्चा कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।

### सड़क निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश, कहा सड़क नहीं बनी तो जिला मुख्यालय का होगा घेराव

# ओरमांझी में भाजपा कार्यकर्ताओं का धरना-प्रदर्शन

### ग्रामीणों ने विधायक और सांसद के प्रवेश पर लगा रखा है रोक




ओरमांझी में हुए धरना प्रदर्शन में बैठे भाजपा कार्यकर्ता गण।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** शिलान्यास होने के बावजूद ओरमांझी प्रखंड क्षेत्र के कुच्चू से चंदरा सदमा और सिकिदिरी पथ से सरनाटोली भया बसुआ टोली दोनो सड़क निर्माण नही होने से क्षेत्र की जनता में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। एक ओर चंदरा व सदमा दोनों पंचायत में सांसद विधायक के प्रवेश पर रोक लगा दिया गया है। बुधवार को दोनो पंचायत के ग्रामीणों द्वारा सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। दूसरी ओर भाजपा द्वारा धरना प्रदर्शन कर जल्द सड़क निर्माण करने की मांग की जा रही है। गुरुवार को भाजपा कार्याकताओं ने शिलान्यास स्थल दड़दाग में एक दिवसीय धरना प्रदर्षन किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन में बैठे कार्यकर्ता दोनो सड़क निर्माण से संबंधित पोस्टर लिए थें। वहीं झारखंड सरकार व चंपई सोरेन हाय हाय, दोनो सड़क का निर्माण करना होगा। आदि नारे लगा रहे थे। वहीं वक्ताओं ने कहा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत दोनो सड़क निर्माण का टेंडर होने के बाद राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, सांसद संजय सेठ, विधायक राजेश कच्छप द्वारा एक वर्ष पूर्व षिलान्यास भी किया गया था, लेकन संवेदक द्वारा सड़क का निर्माण नहीं किया गया। दर्जनों गांव के ग्रामीणों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चेतावनी दी गई कि सड़क निर्माण नही हुआ तो आंदोलन तेज होगा, और जिला मुख्यालय का घेराव होगा।

### धरना-प्रदर्शन में ये लोग थे शामिल

धरना प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र साही, बालक पाहन, अलखनाथ महतो, शशि मेहता, राजधाम साहू, प्रकाश महतो, अंबिका महतो, मोतीलाल महतो, राजेंद्र चैधरी, जलेश्वर महतो, महेश महतो, संदीप उरांव, गोपाल सिंह, नवीन साहू, धनंजय महतो, सुखलाल महतो, श्रवण महतो, बसंती देवी, संध्या देवी, विद्या देवी, इदरीश अंसारी, नसीम अंसारी, महरून निशा, सुमित ठाकुर, रोगन मुंडा, संदीप उरांव, सलीम अंसारी, लक्ष्मण महतो, बिहारी महतो, सुरेश कुमार, संगीता देवी, रीता देवी, मोहन महतो, प्रमोद महतो, रामकिशन महतो, बिगनलाल महतो, विनोद महतो, नरेश महतो, संजू करमाली, गुलशन आरा, संतोष साहू आदि मौजूद थे।

# टीम इंडिया की विजय परेड मरीन ड्राइव से होते हुए वानखेड़े पहुंची, फैंस जोश में




## वानखेडे स्टेडियम में हुआ टीम इंडिया का सम्मान समारोह, बीसीसीआई ने सौंपा 125 करोड़ का चेक

**एजेंसी**

**मुंबई।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 की चैंपियन टीम इंडिया ने गुरुवार को भारत लौटने पर विक्ट्री परेड में हिस्सा लिया। भारतीय टीम ने मुंबई के नरीमन प्वाइंट से मरीन ड्राइव से होते हुए वानखेड़े स्टेडियम तक 'विजय रथ' में रोड शो किया। इस दौरान मरीन ड्राइव से लेकर वानखेड़े तक लाखों फैंस ने टीम इंडिया का स्वागत किया। इसके बाद वानखेड़े पहुंचने पर टीम के लिए भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जहां बीसीसीआई सचिव जय शाह और अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने टीम इंडिया के खिलाड़ियों को प्राइज मनी के रूप में 125 करोड़ रुपयों का चेक सौंपा।

### बीसीसीआइ ने पीएम मोदी को दी 'नमो' इंडिया लिखी हुई स्पेशल जर्सी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** टीम इंडिया गुरुवार सुबह बारबाडोस से भारत लौट चुकी है। रोहित ब्रिगेड ने सबसे पहले पीएम मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की, जहां बीसीसीआइ अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह ने उन्हें स्पेशल 'नमो' इंडिया जर्सी भेंट की। पीएम मोदी ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टी20 विश्व कप विजेता टीम की बारबाडोस से आने पर अपने आवास पर मेजबानी की। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ समेत भारतीय टीम के सदस्यों ने पीएम मोदी से बातचीत की। टीम ने प्रधानमंत्री को टी20 विश्व कप ट्रॉफी भी दिखाई। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद बीसीसीआइ ने 'एक्स' पर लिखा, 'भारतीय क्रिकेट टीम ने आज भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की। सर, हम आपके प्रेरक शब्दों और टीम इंडिया को दिए गए आपके अमूल्य समर्थन के लिए आपका हार्दिक आभार




व्यक्त करते हैं। बीसीसीआइ ने भी पीएम मोदी के समर्थन की सराहना की। बीसीसीआइ ने पोस्ट में लिखा, भारतीय क्रिकेट टीम ने आज माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। सर, हम आपके प्रेरक शब्दों और टीम इंडिया को दिए गए आपके अमूल्य समर्थन के लिए आपका हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।

### मुंबई में तिरंगे और ट्राफी साथ निकली विजय यात्रा

**नयी दिल्ली।** टी-20 विश्वकप जीतने के बाद गुरुवार को सुबह स्वदेश लौटी भारतीय क्रिकेट टीम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात के बाद मुंबई में लाखों की संख्या में प्रशंसकों



की भारी भीड़ के बीच खिलाड़ियों ने विजय रथ (ओपन रूफ बस में) सवार होकर तिरंगे लहराते और ट्रॉफी के साथ नरीमन पॉइंट से वानखेड़े स्टेडियम तक विजय यात्रा निकाली। टी-20 विश्वकप विजेता टीम को देखने का जुनून प्रशंसकों पर इतना था कि बारिश के बावजूद सड़क के बीच और दोनों किनारों पर छाते और तिरंगा लहराते देखे गये। बीसीसीआई और भारतीय टीम ने प्रशंसकों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।





### प्रियांशु, अनुपमा, तान्या और रोहन कनाडा ओपन में दूसरे राउंड में

**कैलगरी।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने कनाडा ओपन में पुरुष और महिला वर्ग में प्रियांशु राजावत, अनुपमा उपाध्याय, तान्या हेमंत और रोहन कपूर ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर दूसरे रांउड में जगह बनाई। कैलगरी के मार्किन-मैकफेल सेंटर में खेले गये मुकाबले में प्रियांशु राजावत ने कनाडा ओपन 2024 पुरुष एकल स्पर्धा के पहले राउंड में डेनमार्क के रासमस गेम्के को हराकर दूसरे राउंड में पहुंच। विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 39वें स्थान पर काबिज राजावत को पहले गेम में हार के बाद वापसी करते हुए डेनिश शटलर के खिलाफ शानदार वापसी की।

### पीटी उषा बोलीं- भारत का लक्ष्य 10 साल में शीर्ष 10 में आना, ओलंपिक में अधिक पदक जीतने की उम्मीद

**एजेंसी**

**तिरुवनंतपुरम (केरल)।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा है कि भारत 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए अच्छी तैयारी कर रहा है। भारत ने टोक्यो ओलंपिक में 1 स्वर्ण और 2 रजत पदक सहित 7 पदक जीते थे। भारत ने चार कांस्य पदक जीते थे। स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने टोक्यो खेलों में स्वर्ण पदक जीता और उनका लक्ष्य एक और पीला पदक जीतना है। पीटी उषा ने कहा कि भारतीय एथलीट इस बार अच्छा प्रदर्शन करेंगे और टोक्यो के पदक तालिका से काफी आगे निकल जाएंगे।

पीटी उषा ने कहा कि भारत ने पेरिस पहुंचने वाले भारतीय खिलाड़ियों के लिए विश्व स्तरीय सुविधाएं तैयार की हैं और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार से उन्हें पूरा सहयोग मिला है। पीटी ऊषा ने कहा, पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों को उनके संबंधित संघों द्वारा प्रशिक्षित किया गया है। केंद्र ने उन्हें आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान की है।

आइओए यह सुनिश्चित करना चाहता है कि पेरिस में ओलंपिक स्थल पर अच्छा प्रदर्शन करने में खिलाड़ियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उषा ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, पिछले ओलंपिक में हुई कमियों को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों के लिए अधिक सुविधाएं प्रदान की गई हैं। पिछली बार ओलंपिक गांव और प्रतियोगिता स्थल के बीच आवास की दूरी एक समस्या थी। इस बार इसे ठीक कर दिया गया है। गोल्फ खिलाड़ियों के लिए टूनामेंट स्थल के पास आवास की व्यवस्था की गई है। शूटिंग रेंज ओलंपिक गांव से काफी दूर है।

### रांची प्रेस क्लब के द्वारा वॉलीबॉल मीडिया कप टूनार्मेंट का आयोजन

## आरपीसी यलो टीम दो मैच जीतकर फाइनल में

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। रांची प्रेस क्लब द्वारा वॉलीबॉल मीडिया कप टूनार्मेंट का आयोजन किया गया है। खेलगांव स्थित टाना भगत इनडोर स्टेडियम में टूनार्मेंट खेली जा रही है, जहां यलो, रेड, ग्रीन और ब्लू टीमें हिस्सा ले रही है। टूनार्मेंट की शुरूआत खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेलो इंडिया के वॉलीबाल रेफरी उपेंद्र प्रसाद गुप्ता, अंतरराष्ट्रीय रेफरी राजेश कुमार सिंह, अंतर्राष्ट्रीय रेफरी संजय कुमार गुप्ता, नेशनल रेफरी उत्तम राय, नेशनल रेफरी संजय ठाकुर, ड्रेस प्रायोजक बासुदेव चटर्जी स्मृति फाउंडेशन के प्रेसिडेंट राजीव चटर्जी, वरिष्ठ पत्रकार अजय कुकरेती और प्रेस क्लब के सचिव अमरकांत द्वारा परिचय प्राप्त कर टूनार्मेंट शुरू कराया गया। उद्घाटन मैच टीम रेड और टीम येलो के



बीच खेला गया। पहले मैच में टीम येलो ने टीम रेड को दो सेट में 25-9, 25-16 से हराया। वहीं दूसरी मैच टीम ब्लू और टीम ग्रीन के बीच खेला गया, जिसमें टीम ब्लू ने टीम ग्रीन को तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 25-21, 18-25, 15-9 से हराया। तीसरा मैच टीम रेड और टीम ब्लू के बीच खेला गया। जिसमें टीम रेड ने टीम ब्लू को तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 25-21, 13-25, 15-7 से हराया। वहीं, चौथा मैच टीम येलो और टीम ग्रीन के बीच खेला गया, जिसमें टीम येलो ने टीम ग्रीन को तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 19-25, 25-13, 15-12 से हराया। टूनामेंट का समापन 05 जुलाई को होगा जिसमें टीम रेड और टीम ग्रीन वहीं टीम येलो और टीम ब्लू के बीच मैच खेला जाएगा।

फाइनल मैच शुक्रवार को बीच खेला जाएगा। टूनार्मेंट को सफल बनाने में को-ऑर्डिनेटर के रूप में अंतर्राष्ट्रीय रेफरी राजेश कुमार सिंह, वहीं खेलो इंडिया के रेफरी उपेंद्र प्रसाद गुप्ता ने अपनी महत्ती भूमिका निभाई। वही मैच के सफल आयोजन में अंतर्राष्ट्रीय रेफरी संजय कुमार, गुप्ता, नेशनल रेफरी उत्तम राय, नेशनल रेफरी संजय ठाकुर, रेफरी अंकित तिग्गा, राहुल कुमार, आरगु कांजीवाल, डेविड, सूरज और ऋषभ ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा।







संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## अब्दुल्ला अबुबकर ने ट्रिपल जंप में ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**एजेंसी**

**कोझिकोड।** मलयाली एथलीट अब्दुल्ला अबुबकर ने 26 जुलाई को होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने 6 प्रयासों में 17 मीटर की छलांग लगाई। हालांकि वे पेरिस के लिए निर्धारित 17.22 मीटर के क्वालीफायर मार्क को पार करने में विफल रहे, लेकिन हरियाणा के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में अपने प्रदर्शन के साथ वे ट्रिपल जंप इवेंट में विश्व रैंकिंग में 21वें स्थान पर पहुंचने में सफल रहे। हरियाणा में संपन्न 63वीं राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप भारतीय एथलीटों के लिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का आखिरी मौका था। कोझिकोड नादापुरम के मूल निवासी अब्दुल्ला अबु बकर ट्रिपल जंप में प्रतिस्पर्धा करेंगे। नादापुरम कोझिकोड के पास वलयम के मूल निवासी, उन्होंने अपने शुरूआती स्कूली दिनों में स्प्रिंट, ऊंची कूद, लंबी कूद और बाधा दौड़ जैसी कई स्पधाओं में भाग लिया। नौवीं कक्षा में पढ़ते समय उन्हें एहसास हुआ कि ट्रिपल जंप ही उनका रास्ता है। इसके बाद



उन्होंने पलक्कड़ के कल्लडी कुमारमपुथुर एचएसएस में दाखिला लिया। एक साल बाद उन्होंने राज्य और राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीता। 2015 में वे जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय चैंपियन बने। बर्मिंघम में आयोजित 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में रजत पदक जीता।

फाइनल में पहली 4 जंप पूरी करने के बाद अब्दुल्ला पदक की संभावना से बाहर हो गए थे। लेकिन पांचवें राउंड में 17.02 मीटर की छलांग लगाकर वे रजत पदक की स्थिति में पहुंच गए। अब्दुल्ला 17 मीटर की छलांग तीन बार पार करने वाले पहले भारतीय एथलीट भी बने। अपने 14 साल के करियर के दौरान अब्दुल्ला चोटों से ग्रस्त रहे। पैर, घुटने और टखने में लगातार चोटों के कारण अब्दुल्ला मैदान से बाहर रहे। फिर भी, इस युवा खिलाड़ी ने संघर्ष किया और भुवनेश्वर में आयोजित इंडियन ग्रां प्री एथलेटिक्स में 17.19 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता। रंजीत माहेश्वरी के बाद ट्रिपल जंप में यह किसी भारतीय एथलीट का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। चेन्नई में आयोजित राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स में रजत पदक जीतने वाले अब्दुल्ला ने ट्रिपल जंप में भी ड्रीम डिस्टेंस (17.14 मीटर) पार किया. 2017 में स्पोर्ट्स कोटे के तहत भारतीय वायुसेना में नौकरी पाने वाले अब्दुल्ला पेरिस जाने की तैयारी कर रहे हैं।

### ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय दल ने पीएम से मुलाकात की

**नयी दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय दल ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके सरकारी निवास पर मुलाकात की। गुरुवार को यहां प्रधानमंत्री निवास सात लोक कल्याण मार्ग पर पेरिस ओलंपिक में भाग लेने जाने वाले दल के अधिकारियों, खिलाड़ियों और केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों के बातचीत की।

# श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ के दूसरे दिन देवताओं का आवाहन




दूसरे दिन देवताओं का आह्वान कर पूजन करते विधायक सरयू राय, मधु जी व अन्य और रौशनी से जगमग मंदिर।

- पंचागस्ट पूजा, नवग्रह मंडल पूजन, जोगिनी पूजन, क्षेत्रपाल पूजन संपन्न
- शुक्रवार को अरणी मंथन द्वारा अग्नि स्थापन तथा अन्य कई पूजन होंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ के दूसरे दिन विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। गुरुवार को देवताओं का आह्वान, पूजन, पाठ, जप, धन्नाधिवास, धृत्ताधिवास, गन्धाधिवास और धूपाधिवास हुआ। महायज्ञ के प्रमुख यजमान जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्री सरयू राय थे। मंडप में श्री राय के अलावा सूरज हेंब्रम, पुष्पा खादका, दुर्गा खादका, सीमा करन, कन्हैया झा, रूपा देवी, यूके शर्मा, विनोद राय और भार्गवी देवी भी पूजा हेतु बैठी थीं।

आज सुबह मंडपस्थ देवताओं का आह्वान किया गया और मंगलकामना की गयी। फिर पंचागस्ट पूजा किया गया। पंचागस्ट पूजा के साथ ही नवग्रह मंडल पूजन, जोगिनी पूजन, क्षेत्रपाल पूजन के भी उपक्रम किये गये।

महायज्ञ के तीसरे दिन अर्थात शुक्रवार को मंडपस्थ आवाहित देवताओं का पूजन, अरणी मंथन द्वारा अग्नि स्थापन, पाठ, जप, हवन, पुष्पाधिवास, फलाधिवास, वस्त्राधिवास, औष्ध्याधिवास और मिष्ठानाधिवास का आयोजन होना है। महायज्ञ करा रहे श्री विनोद पांडेय ने बताया कि किसी भी मंदिर का जीर्णोद्धार करना अत्यंत पुण्य का कार्य होता है। उन्होंने अग्निपुराण का हवाला देते हुए बताया कि किसी गिर रहे या गिर चुके मंदिर का जीर्णोद्धार करने से मंदिर निर्माण से भी दोगुना फल की प्राप्ति होती है।

इस महायज्ञ में सर्वश्री विनोद पांडेय, संजीव पांडेय, राजू चौबे, अजय तिवारी, असंघ चौबे, निर्मल दुबे समेत 31 ब्राह्मण हिस्सा ले रहे हैं। बेगूसराय के ख्यातिलब्ध पंडित श्री गौरीकांत ठाकुर जी के मार्गदर्शन में यह महायज्ञ हो रहा है।

## स्पीड न्यूज



### केरला स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण संपन्न

**जमशेदपुर।** केरला पब्लिक स्कूल, कदमा में प्राथमिक स्तर का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह किया गया, जिसमें नर्सरी से पांचवीं तक के छात्रों के कड़े परिश्रम से प्राप्त निखरी प्रतिभा, सफलता और उपलब्धि का गौरवमय उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्याध्यापिका अलमेलु रविशंकर ने मुख्य अतिथि एवं दर्शकों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए छात्रों की सराहना की।

### सरकार सुविधाएं देने में विफल : डॉ गोस्वामी



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने गुरुवार को गुड़ाबांदा प्रखंड के बनमाकड़ी, कैमा तथा भुरसान गांवों का दौरा किया तथा लोगों की समस्यायें सुना। लोगों ने डॉ गोस्वामी के समक्ष विभिन्न जनसमस्याओं को रखा जिनमें वृद्धावस्था पेंशन के नियमित भुगतान करने, अबुआ आवास, स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव, पेय जल की समस्या एवं अनियमित बिजली आपूर्ति आदि के समाधान हेतु पहल करने का आग्रह किया। डॉ गोस्वामी ने कहा कि राज्य की झामुमो गठबंधन सरकार लोगों को मूलभूत सुवविधायें प्रदान करने में पूरी तरह विफल रही है। गुड़ाबांदा प्रखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं का घोर अभाव है। यहां 1 भी कॉलेज नहीं है। छात्र-छात्राओं को कॉलेज की पढ़ाई हेतु काफी दूर जाना पड़ता है।

### करणी सेना जिलाध्यक्ष ने किया सहयोग



**जमशेदपुर।** क्षत्रिय करणी सेना के युवा जिलाध्यक्ष मोहित सिंह द्वारा भालूबासा स्थित स्लैग रोड में बाबा बालकनाथ की अर्धनिर्मित मंदिर में आर्थिक और लाइटिंग सामग्री देकर मंदिर निर्माण को पूरा करने में सहयोग किया गया। बीते कई दिनों से मंदिर का पूर्ण निर्माण अधूरा था, इसकी सूचना मिलते ही करणी सेना के युवा जिलाध्यक्ष मोहित सिंह ने अधूरे कार्य को पूरे करने में अपना सहयोग प्रदान किया, जिसके बाद मंदिर रौशनी से जगमगा उठा। 6 जुलाई को मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा और भव्य कलश यात्रा किया जायेगा। मंदिर के निर्माण में आयोजनकर्ताओं ने करणी सेना का धन्यवाद किया।

### भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा सात को



**गम्हरिया।** बड़ा गम्हरिया के मांझपाड़ा स्थित मंदिर में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा को लेकर जगन्नाथ मंदिर समिति की ओर से जोर शोर से तैयारी की जा रही है। आगामी 7 जुलाई किको रथ यात्रा निकाली जाएगी। बताया गया है कि विगत करीब सौ वर्षो से यहां रथयात्रा का आयोजन किया जाता है। इस रथयात्रा को लेकर जगन्नाथ मंदिर में भगवान के रथ का मरम्मत कर रंग-रोगन किया जा रहा है। रथ यात्रा पुरे गम्हरिया क्षेत्र का भ्रमण कर मौसीबाड़ी स्थित मंदिर पहुंचेगी जहां भगवान जगन्नाथपुर अपने भाई व बहन के साथ तेरह दिन विश्राम करेंगे।

## देश के पहले कार्बन बैंक का जमशेदपुर में हुआ शुभारंभ

# टाटा स्टील ने कार्बन उन्मूलन के लिए सक्रिय कदम उठाये हैं : राजीव मंगल






कार्यक्रम को संबोधित करते राजीव मंगल और पैनल डिस्कसन का दृश्य।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने 3 जुलाई, 2024 को जमशेदपुर के स्टीलेनियम हॉल में अपने स्थिरता माह 2024 के समापन कार्यक्रम की मेजबानी की। सत्व 2 शीर्षक और द रेजोनेंस ऑफ लाइफ कंटीन्यूज थीम वाले इस कार्यक्रम ने स्थिरता के प्रति टाटा स्टील की प्रतिबद्धता और हरित भविष्य के लिए उसके दृष्टिकोण को रेखांकित किया। कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण घोषणा भारत के पहले कार्बन बैंक का शुभारंभ था, जो एक आभासी भंडार है जिसके माध्यम से कार्बन डाइऑक्साइड भविष्य में उपयोग के लिए एक मूल्य-सृजन संपत्ति बन जाएगा। कार्बन बैंक का उद्देश्य विभिन्न स्थिरता परियोजनाओं से उत्पन्न कार्बन डाइऑक्साइड बचत को मापना और प्रबंधित करना है। ये बचत न केवल पर्यावरणीय लक्ष्यों में योगदान करती है बल्कि राजस्व उत्पन्न करने की क्षमता भी रखती है जिसे आगे डीकाबोर्नाइजेशन प्रयासों में पुनर्निवेशित किया जा सकता है।

इस अवसर पर, टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट (सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्थिरता), राजीव मंगल ने कहा, स्थिरता के बारे में बढ़ती वैश्विक चिंताओं के सामने, टाटा स्टील ने अपनी अटूट प्रतिबद्धता के तहत कार्बन उन्मूलन पहल के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। पर्यावरण, सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्रों में स्थिरता, कार्बन बैंक संगठन के भीतर स्थिरता लाने के लिए एक ऐसी ठोस प्रतिबद्धता है। टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी ने कहा, स्थिरता सिर्फ एक कॉर्पोरेट जिम्मेदारी नहीं है बल्कि एक सामूहिक कर्तव्य है जिसे हम सभी एक समुदाय के रूप में साझा करते हैं।

टाटा स्टील के चीफ कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी सौरभ कुंडू ने अपने भाषण में स्थिरता के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता और उसकी भविष्य की योजनाओं को रेखांकित किया। उन्होंने इनोवेंचर टीम के साथ कंपनी के महीने भर के कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए एक स्थायी भविष्य प्राप्त करने में सहयोग और नवाचार के महत्व पर जोर दिया, जिसने आशाजनक स्थिरता वाले स्टार्टअप की खोज की। टाटा स्टील के स्थिरता माह 2024 के समापन समारोह ने स्थिरता का जश्न मनाने और आगे के रास्ते पर चर्चा करने के लिए समुदाय भर के हितधारकों को सफलतापूर्वक एक साथ लाया।

## मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 कार्यों का डीसी ने लिया जायजा

फोटो डीसी सरायकेला,कैप्सन : डीसी रविशंकर शुक्ला दुगनी में जायजा लेते हुए।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- डीसी रवि शंकर शुक्ला के द्वारा सरायकेला प्रखंड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मानिक बाजार मतदान केंद्र संख्या 335, सरस्वती शिशु मंदिर बूथ संख्या 345, दुगनी पंचायत अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 248 के मतदाता सूची का पन्ना वेरिफिकेशन तथा हाउस टू हाउस सर्वे कार्य का औचक निरीक्षण किया गया। बीएलओ द्वारा किये जा रहे घर-घर सत्यापन कार्य की भी जांच की गई, उनके द्वारा बताया गया कि घर के जिस सदस्य की उम्र 18 साल हो चुका है, उनका नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़वाएं। निरीक्षण के दौरान अब्सेंट, शिफ्टेड एवं मृत मतदाताओ का सत्यापन के पाश्चात्य परिवार के सहमति से प्रपत्र-08 भरे जाने का निदेश सम्बन्धित बीएलओ को दिया गया। साथ ही बीएलओ सुपरवाइजर को भी अपने स्तर से वेरिफिकेशन सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया गया। मौके पर उपायुक्त के साथ उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री गौतम प्रसाद साहू, प्रखंड विकास पदाधिकारी

## पीजीडीबीएम बैच में महिलाओं के नामांकन की संख्या में 30.7% की ऐतिहासिक वृद्धि




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआई, भारत का सबसे पुराना बिजनेस स्कूल, जो अकादमिक उपलब्धि और व्यापक छात्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है, दिल्ली-एनसीआर में अपने परिसर के साथ बिजनेस स्कूल मानकों को फिर से परिभाषित कर रहा है। एक्सएलआरआई दिल्ली-एनसीआर शिक्षा में उत्कृष्टता की परंपरा को बनाये रखता है, जिसे अनुभवी संकाय और प्रसिद्ध एक्सएलआरआई पीजीडीएम-बीएम जैसे प्रमुख कार्यक्रमों द्वारा सुगम बनाया जाता है। इस वर्ष के प्रवेश की असाधारण विशेषताओं में से एक महिला प्रतिनिधित्व में उल्लेखनीय वृद्धि है, जिसमें महिलाएं अब छात्र निकाय का 30.7% हिस्सा बना रही हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय 25% की वृद्धि है।

शैक्षणिक पृष्ठभूमि के संदर्भ में, आने वाला बैच इंजीनियरिंग और गैर-इंजीनियरिंग स्नातकों का एक संतुलित मिश्रण प्रस्तुत करता है। इंजीनियर 51.3% पर बहुमत में बने हुए हैं, जबकि गैर-इंजीनियरों ने उल्लेखनीय वृद्धि देखी गयी है, जिसमें समूह का 48.7% शामिल है। यह विविध मिश्रण कक्षा की चर्चाओं को समृद्ध करने और दृष्टिकोण और विशेषज्ञता की एक विस्तृत श्रृंखला लाकर सीखने के परिणामों को बढ़ाने का वादा करता है।

# शहर में अचानक छह यूनिट प्लेटलेट की पड़ी जरूरत, सामने आ गये सात डोनर






**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मानवता की सेवा के जज्बे को लेकर रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के कार्यकर्ताओं की जब बात की जाती है, तो यह जज्बा दिखता भी है। 3 जुलाई को अचानक 6 यूनिट प्लेटलेट की आवश्यकता होने पर रेडक्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह ने जब रेडक्रॉस के रक्तदान जागरूकता अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं को याद किया तो सात रक्तदाता सामने आये और उन्होंने अपना एसडीपी सैंपलिंग करवाया। एक रक्तदाता का एसडीपी सैंपल फेल होने पर उन्होंने कहा कि यहां आया हूं तो रक्तदान करके जाऊंगा और उन्होने नियमित रक्तदान की प्रक्रिया का पालन करते हुए अपना रक्तदान किया। एसडीपी डोनेशन देर रात तक चला, जिसमें टाटा स्टील कर्मी अटल बिहारी पंडा ने 10वीं बार, शाहनवाज आलम ने पांचवी बार, अनुराग मिश्रा ने छठी बार, सज्जाद हुसैन ने दूसरी बार, मुकेश कुमार सिंह ने 14वीं बार अपना एसडीपी डोनेशन किया, वहीं युवा निशांत कुमार ओझा अपने परिवारजनों के साथ आकर अपना तीसरा एसडीपी डोनेशन किया और उन्हें इस विषय में जागरूक किया।

### ग्रामीणों ने की बुरुडीह की जगह रपचा गांव में डिग्री कॉलेज बनाने की मांग

**गम्हरिया।** प्रखंड के बुरुडीह मौजा में प्रस्तावित डिग्री महाविद्यालय निर्माण हेतु भूमि हस्तांतरण के संबंध में आपत्ति दाखिल करने के लिए गम्हरिया के अंचल अधिकारी द्वारा सूचना जारी किये जाने के पश्चात स्थानीय ग्रामीणों ने गुरुवार को अंचल कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। गम्हरिया सीओ को सौंपे गये ज्ञापन में बताया गया कि बुरुडीह मौजा के खाता संख्या 154, प्लॉट संख्या 46 के पांच एकड़ पुरानी पड़ती जमीन पर डिग्री कॉलेज निर्माण हेतु राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित किया गया है।

## स्पेनिश स्नाइपर जेवियर सिवेरियो का जमशेदपुर एफसी के साथ बढ़ा कांट्रेक्ट



कांट्रेक्ट पर हस्ताक्षर करते स्टार प्लेयर जेवियर सिवेरिया।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर फुटबॉल क्लब ने अपने अनुबंधों की सीरीज को जारी रखते हुए स्पेनिश स्नाइपर जेवी सिवेरियो के अनुबंध को एक साल बढ़ाने की घोषणा की है। जेवियर सिवेरियो जुलाई में प्री-सीजन में शामिल होने और मेन ऑफ स्टील के लिए जर्सी नंबर 9 पहनने के लिए तैयार हैं।

26 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी जनवरी में मेन ऑफ स्टील में शामिल हुए थे, सुपर कप के चैंपियन बनने के बाद, जहाँ उन्होंने दो महत्वपूर्ण गोल किए थे। अपनी योग्यता को जल्दी से साबित करते हुए, उन्होंने मेन ऑफ स्टील के लिए सिर्फ आठ मैचों में 3 गोल किए. उनकी पोजिसिनिंग, क्लियर फिनिशिंग और दबावपूर्ण फुटबॉल खेलने की क्षमता ने जमशेदपुर त्र्छ की आक्रमण क्षमताओं को काफी हद तक बढ़ाया।

जमशेदपुर एफसी के साथ अपने नए अध्याय को लेकर सिवेरियो का उत्साह तब साफ झलक रहा था जब उन्होंने कहा, क्लब और मुख्य कोच खालिद जमील ने मुझ पर भरोसा जताया है, जिससे मुझे अपनी योग्यता साबित करने का मौका मिला है। मैंने पिछले सीजन में इस चुनौती को स्वीकार किया और मेन ऑफ स्टील के साथ अपने सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल को फिर से खोजने के लिए रोमांचित हूं। हमें अपनी टीम के लिए तालिका में बहुत बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए था और यह सीजन इसे सुधारने के बारे में है। जैसे ही सीजन समाप्त हुआ, यह स्पष्ट हो गया कि क्लब चाहता था कि मैं अपना कांट्रेक्ट बढ़ाऊं। मेरे लिए यहां रहना हमेशा मेरी पहली पसंद थी। हमारा लक्ष्य हमेशा जीतना है और अपने प्रशंसकों को गौरवान्वित करने के लिए हर खेल में अपना सर्वश्रेष्ठ देना है।

स्पेनिश खिलाड़ी ने इससे पहले 2021-22 में अपने डेब्यू सीजन में आइएसएल चैंपियनशिप जीती है। सिवेरियो की फुटबॉल यात्रा यूडी लास पालमास अकादमी से शुरू हुई, जहाँ से उन्होंने 2015 में स्नातक किया। 2021-22 सीजन से पहले हैदराबाद एफसी में जाने से पहले उन्होंने लास पालमास बी, रेसिंग सैंटेंडर बी और रेसिंग सैंटेंडर जैसी स्पेनिश टीमों का प्रतिनिधित्व किया। भारत में अपने समय के दौरान उन्होंने सभी प्रतियोगिताओं में 23 गोल किये हैं।

मुख्य कोच खालिद जमील ने सिवेरियो की क्षमताओं पर अपना विश्वास व्यक्त किया, इस बात पर प्रकाश डाला कि वह टीम की खेल शैली में कितनी अच्छी तरह फिट बैठते हैं। सिवेरियो एक आक्रामक स्ट्राइकर है जो मेरी खेल शैली के जैसे ही हैं।

## एक नजर में

### कदमा में डेससेशन जुंबा व योग क्लास का उद्घाटन



**जमशेदपुर।** गुरुवार की शाम चार बजे कदमा में डांसेशन जुंबा, डांस एवं योग के द्वारा फिटनेस क्लास का उद्घाटन बिष्टुपुर थाना प्रभारी उमेश ठाकुर एवं कदमा थाना प्रभारी संजय सुमन ने किया। कदमा क्षेत्र के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि महिलाओं बच्चों एवं फैमिली के लिए योग, डांस, जुम्मा एवं वेडिंग कोरियोग्राफी के लिए अलका जायसवाल ने वातानुकूलित स्टूडियो उलियान कदमा मोड याहू रेस्टोरेंट के ऊपर किया गया है। जिसमें प्रशिक्षित शहर के शिक्षक सभी चीज सिखायेंगे।

### रेडक्रॉस व यूसीएल के हेल्थ कैंप में 111 की जांच



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सीएसआर कार्यक्रम के तहत गुरुवार को हितकु मध्य विद्यालय में स्वास्थ्य सह नेत्र जांच शिविर का आयोजन सम्पन्न हुआ। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह की देखरेख में आयोजित शिविर में जाने माने नेत्र चिकित्सक डॉ बीपी सिंह, डॉ ज्योतिष कुमार ने 111 ग्रामीणों के स्वास्थ्य जांच के साथ आंखों की जांच किया, जिसमें जरूरत के अनुसार दवा प्रदान किया गया। 8 ग्रामीण की नेत्र जांच की गयी, जिसमें 5 मरीजों को चश्मा प्रदान किया गया एवं 3 ग्रामीण मोतियाबिन्द ग्रस्त पाये गये, जिन्हें ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण के लिए बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय आने की सलाह दी गयी। शिविर को सफल बनाने में रेड क्रॉस कार्यकर्ता राधेश्याम कुमार, राजेश मोहन प्रसाद एवं अन्य शामिल थे।

### अस्तित्व ने सनराइज एनक्लेव में किया पौधरोपण



**गम्हरिया।** सामाजिक संस्था अस्तित्व के सदस्यों द्वारा पर्यावरण जागरूकता संदेश कार्यक्रम के अंतर्गत गम्हरिया के सुधा डेयरी के समीप स्थित सनराइज एनक्लेव सोसाइटी परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान सोसायटी के योगा शिक्षक नवल किशोर प्रसाद और मोना प्रसाद के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक फलदार व छायादार पेड़ लगाये गये। चहारदीवारी के किनारे-किनारे सभी सदस्यों ने एक-एक पौधा लगाया। मौके पर सामाजिक संस्था अस्तित्व की संस्थापक सदस्य मीरा तिवारी ने कहा कि संस्था द्वारा लोगो में यह संदेश दिया गया कि एक व्यक्ति एक पौधा लगाएं तो हमारी आने वाली पीढ़ी को अनेक कठिनाइयों से बचाया जा सकता है। इससे ग्लोबल वार्मिंग और पानी की कमी को दूर किया जा सकता है और वातावरण को शुद्ध व स्वच्छ बनाया जा सकता है। हम जागरूक होंगे तो हमारे बच्चे भी पेड़ लगाने के प्रति प्रोत्साहित होंगे। मौके पर मंजू चतुर्वेदी, नीलम यादव, ममता सिंह, सीमा पाठक, अंजली मजूमदार, रंजना सिंह, विनोद व समेत सोसाइटी के कई लोग उपस्थित थे।

### आनंद मार्ग के शिविर में 60 यूनिट रक्त संग्रह





**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल, रेखा देवी स्मृति एवं जमशेदपुर ब्लड सेंटर की ओर से आनंद मार्ग के 109वें रक्त दान शिविर में ईश्वर कोटि के मनुष्यों ने 60 यूनिट रक्तदान किया एवं 100 पौधा वितरण किया गया। सुनील आनंद का कहना है कि जितने भी रक्तदाता नि:स्वार्थ भाव से रक्तदान करते हैं वह सभी लोग ईश्वर कोटि के मनुष्य है रक्त दाताओं के बीच सेंटर के डॉ एल बी सिंह, टाटा वर्कर्स यूनियन के ट्यूब डिवीजन टेक्नोलॉजी सर्विसेज कमिटी मेंबर ज्ञान रंजन श्रीवास्तव एवं ट्यूब डिवीजन टाटा वर्कर्स यूनियन के कमिटी मेंबर मनोज मिश्रा ने भी पौधा एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में समीर सरकार, सुधीर आनंद, प्रेम कुमार सिंह,बिना देवी तथा उन लोगों का भी सहयोग रहा।

### प्रतिबद्ध समाजवादी दिनेश का चतुर्थ स्मृति पर्व मना



**जमशेदपुर।** प्रतिबद्ध समाजवादी एवं समाजसेवी स्व दिनेश शर्मा की चौथी पुण्यतिथि पर उनके परिवार जन और सामाजिक राजनैतिक मित्रों ने कई कार्यक्रम कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सुबह नौ बजे उनके परिजनों ने मोहरदा के सरकारी प्राथमिक विद्यालय में वहां के शिक्षक और छात्रों के सहयोग से पौधरोपण किया। इस कार्यक्रम में युवा समाजसेवी अंकुर और अविनाश कुमार की सराहनीय भूमिका रही। दोपहर को लिप्रोसी सेंटर, पार्वती घाट के रहवासियों के लिए भोजन और दवा वितरण किया गया। पर्व के अंत में संध्या चार बजे समता भवन सोनारी में श्रद्धांजलि और 'भारत में धर्म निरपेक्षता की स्थिति' पर व्याख्यान किया गया। इस कार्यक्रम में शशि कुमार, सियाशरण शर्मा, मंथन, राम कवींद्र सिंह, राम नारायण प्रसाद, जवाहर लाल शर्मा, अरविंद अंजुम, विक्रम, अमर और सुख चंद्र झा ने दिनेश शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि करते हुये धर्म निरपेक्षता की वर्तमान स्थिति पर अपने विचार व्यक्त किये।

### आरवीएस अकादमी में वन महोत्सव आयोजित




**जमशेदपुर।** आरवीएस अकादमी, डिमना रोड, मानगो, जमशेदपुर में वन महोत्सव उल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन महोदय बिंदा सिंह, प्राचार्या वीशा मोहिंद्रा, आरवीएस एजुकेशनल ट्रस्ट की ट्रस्टी सोनाली देब, उप प्राचार्या अनिता तिवारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राओं ने पौधे लगाकर वन संरक्षण का प्रण लिया। चेयरमैन बिन्दा सिंह ने प्राण -वायु देने वाले वृक्षों को अपना सबसे बड़ा मित्र एवं उपकारी बताया। इसकी रक्षा को ही अपना कर्तव्य एवं सबसे बड़ा धर्म कहा।

# मंत्री नितिन के पास लगी इस्तीफे की कतार

एजेंसी



**पटना।** बिहार के दर्जनों उपमुख्य पार्षद ने सामूहिक तौर पर इस्तीफा दे दिया है। राज्य के अलग-अलग नगर निकायों से यह सभी प्रतिनिधि पटना पहुंचे। यहां पर नगर विकास मंत्री नितिन नवीन से मुलाकात कर उन्हें अपना इस्तीफा सौंप दिया। इतना ही नहीं उपमुख्य पार्षदों ने जमकर हंगामा किया। साथ ही कई गंभीर आरोप भी लगाए। इतने अधिक संख्या में उपमुख्य पार्षदों के इस्तीफ के बाद बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन भी परेशान दिखे।

### मंत्री नितिन नवीन ने एक सप्ताह का वक्त मांगा

बिहार राज्य उप मुख्य पार्षद संघ के प्रदेश अध्यक्ष पिंटू कुमार ने बताया कि पूरे बिहार के उप मुख्य पार्षदों ने इस्तीफा दिया है। गोपालगंज, बेतिया, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, भागलपुर समेत सभी शहरों से आज मुख्य पार्षद यहां जमा हुए हैं। कहा कि नगर निकाय चुनाव में जनता द्वारा चुने गए उप महापौर, उप मुख्य पार्षदों को बिहार नगरपालिका अधिनियम में कोई अधिकार ही नहीं दिया गया है। उचित अधिकार और सम्मान के लिए जरूरी है कि सभी फाइल पर उनके हस्ताक्षर को भी अनिवार्य कर दिया जाए। अब तक सभी अधिक केवल मुख्य पार्षद को देने से हर जगह उप मुख्य पार्षद और उप महापौर के साथ अन्याय हो रहा है। इस कारण क्षेत्र में काम की रफ्तार भी काफी कम है। मंत्री नितिन नवीन ने एक सप्ताह का वक्त मांगा है।

### उपाध्यक्ष को कोई अधिकार नहीं दिया गया है

इनका आरोप है कि 2022 में राज्य निर्वाचन आयोग ने नए नियम के तहत राज्य के सभी 252 निकायों में मेयर, उपमेयर और नगर अध्यक्ष, नगर उपाध्यक्ष का चुनाव करवाया जिसमें सीधे जनता ने वोट दिया था। नगर उपाध्यक्ष तो बन गए लेकिन उपाध्यक्ष को अधिकार कुछ भी नहीं दिया गया है। इसको लेकर नगर निकाय में उपाध्यक्ष पद पर तैनात लोग लगातार आंदोलन कर रहे थे और अब उग्र रूप अपनाते हुए आज नगर विकास मंत्री नितिन नवीन के आवास पर सैकड़ों की संख्या में नगर उपाध्यक्ष पहुंच गए और अपना इस्तीफा पत्र दिए।

# बिहार को मिले विशेष राज्य का दर्जा : संजय झा

—एजेंसी

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा का गुरुवार को दिल्ली से पटना पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की जदयू की मांग का एक बार फिर से संजय झा ने उल्लेख किया। झा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अगले पांच साल में बिहार में बहुत काम होगा। केंद्र सरकार से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा या विशेष पैकेज दिलाने के लिए बात हो रही है। संसद में भी इसे उठाया गया था। जल्द ही इस पर बड़ा फैसला होने का उन्होंने दावा किया। जाति गणना रिपोर्ट के बाद बिहार में आरक्षण की सीमा को बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने के नीतीश सरकार के आदेश को पटना हाई कोर्ट द्वारा रद्द किए जाने पर संजय झा ने कहा कि हम लोग पहले ही इस मामले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि देश में बिहार में पहला राज्य है जहां जातीय गणना हुई है उसी आधार पर आरक्षण की सीमा को बढ़ाया था। इस मामले में हाई कोर्ट का जो फैसला आया है उसे पहले ही सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जा चुकी है। विशेष राज्य के मुद्दे पर मोदी सरकार के मंत्रियों ने कई बार कहा है कि बिहार के लिए ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया जा सकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कई मौकों पर इसे लेकर सरकार की योजना को रखा है, जिसमें अब देश के किसी राज्य को विशेष राज्य का दर्जा नहीं देने की बातें कही गई है। ऐसे में एनडीए सरकार में शामिल जदयू ने अब इस मुद्दे पर जोरदार तरीके से बातों को रखा है।

संजय झा खुद इस मुद्दे की अगुवाई करते दिख रहे हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि यदि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया जाता तो विशेष पैकेज की मांग भी हम करेंगे। ऐसे में इस मुद्दे पर केंद्र सरकार और जदयू में आने वाले दिनों कौन सा फॉमूर्ला निकाला जाता है यह बेहद अहम होगा।

## खबर एक नजर में

### बीजेपी विधायक भरत बिंद पर जानलेवा हमला

**भभुआ।** बिहार के भभुआ से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के विधायक भरत कुमार बिंद पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। यह घटना कैमूर जिले के चांद थाना इलाके में स्थित विधायक के पैतृक गांव सिलौटा की है। बुधवार शाम जमीन विवाद को लेकर विधायक का दूसरे पक्ष के लोगों के साथ विवाद हो गया। इस दौरान उनपर हमला किया गया, जिसमें बीजेपी विधायक को चोट भी लगी। इस मामले में विधायक के पुत्र संजय कुमार बिंद ने विरेंद्र यादव सहित 10 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। इस झगड़े में विरेंद्र यादव के पक्ष की तीन महिला समेत पांच अन्य लोग भी घायल हुए हैं। विरेंद्र यादव ने विधायक भरत बिंद पर फायरिंग का आरोप भी लगाया है। विरेंद्र यादव के पक्ष के घायल लोगों को परिजन बुधवार रात को चांद अस्पताल ले गए, जहां के डॉक्टर द्वारा उनका इलाज किया गया। इस मामले में दोनों पक्ष की ओर से चांद पुलिस थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया है। विरेंद्र यादव की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमा में भभुआ विधायक भरत प्रसाद बिंद सहित पांच लोगों को नामजद किया गया गया है। थानाध्यक्ष रविरंजन सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ एवं छानबीन की जा रही है। इलाज करा रहे विरेंद्र सिंह ने अस्पताल में बताया कि विधायक भरत बिंद के परिवार की ओर से फायरिंग भी की गई। उन्हें विधायक ने राइफल के बट एवं उसके कुंदे से मारकर घायल किया। वहीं, इस संबंध में पूछने पर विधायक भरत बिंद ने बताया कि घटना के दौरान वह मौके पर मौजूद थे। करीब 700 मीटर दूर से आकर उनपर जानलेवा हमला किया गया। इसमें उन्हें चोट भी लगी। विधायक ने कहा कि विरेंद्र यादव के घर से 10-15 पुरुष एवं 5-7 महिलाओं ने हमला किया है, जिसमें उनके परिजन भी घायल हुए हैं।

### नाबालिग युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म, एक गिरफ्तार

छपरा। बिहार में सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र में एक नाबालिग युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को यहां बताया कि नगर पंचायत निवासी एक नाबालिग युवती बुधवार की देर रात को शौच करने के लिए अपने घर से बाहर निकाली थी। इसी दौरान छह युवकों ने उक्त नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद युवती घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने मामले की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती को चिकित्सा जांच के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया, जहां से चिकित्सक ने उसे सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है।

# आइएएस केके पाठक के आगे झुकी बिहार की नीतीश सरकार

एजेंसी

**पटना।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी केके पाठक ने एक बार फिर बिहार की नीतीश कुमार सरकार का आदेश नहीं माना। हमने पहले ही यह खबर दी थी कि वह पिछले महीने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के पद से हटाकर नई जगह दी पोस्टिंग पर सेवा देने नहीं जा रहे हैं। केके पाठक को जहां पदस्थापित किया गया था, उस जगह पर नहीं गए थे। अब राज्य सरकार ने नया तबादला आदेश जारी किया है। इसमें केके पाठक को राजस्व पर्षद का अध्यक्ष-सह-सदस्य बनाया गया है। बुधवार को बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने केके पाठक के साथ दो अन्य आईएएस अधिकारियों का तबादला किया।

### सीएम ने खुद दिया था स्कूल की छुट्टी का आदेश

भीषण गर्मी के बावजूद स्कूलों में छुट्टी नहीं देने के केके पाठक के आदेश के कारण बच्चों के बेहोश होने और पटना में एक स्कूली छात्र की मौत के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुद सामने आकर विद्यालयों को बंद करने का आदेश जारी किया था। उन्होंने मुख्य सचिव के मार्फत सभी जिलाधिकारियों को स्कूल बंद करने का आदेश जारी करने का निर्देश दिया था। इसके बाद केके पाठक को शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव से हटाने का आदेश जारी हुआ। इसके बाद से ही पाठक अचानक अवकाश पर चले गए थे। राज्य सरकार ने 13 जून को उनका तबादला कर गया था, लेकिन वह छुट्टी से नहीं लौटे और नई जगह पर लगे अपने बोर्ड को हटवा दिया था। अब राज्य सरकार ने 13 जून के उसे आदेश को रद्द करते हुए केके पाठक को राजस्व पर्षद बिहार में पदस्थापित किया है और लिखा है कि छुट्टी से लौटने के बाद पाठक उक्त पद पर योगदान देंगे। केके पाठक बिपार्ड के महानिदेशक के अतिरिक्त प्रभार में पहले की तरह ही रहेंगे। राजस्व पर्षद में पाठक 1990 बैच के आईएएस अधिकारी चैतन्य प्रसाद की जगह लेंगे। चैतन्य प्रसाद यहां अतिरिक्त प्रभार में थे।

# बिहारशरीफ में शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बिहारशरीफ।** नगर थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार की देर रात्रि दिल्ली से निबंधित एक लग्जरी कार से से 12 कार्टुन अंग्रेजी शराब जब्त किया गया है। सदर एसडीपीओ नूरूल हक ने बताया कि शराब के संबंध में पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस को जानकारी मिली थी कि थाना क्षेत्र के प्रोफेसर कॉलनी की गली में खड़ी एक कार में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की खेप तस्करी को लेकर लाई गई है। सूचना के तत्काल बाद नगर थाने के पुलिस अवर निरीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम ने उक्त स्थान पर छापेमारी कर शराब की खेप के साथ कार को भी जप्त कर लिया। पुलिस कार चालक हरनौत थाना क्षेत्र के पचौरा गांव निवासी छोटू यादव के पुत्र जितेन्द्र कुमार को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ ने बताया की गिरफ्तार कार चालक की निशानदेही पर पुलिस शराब की खोज को लेकर अन्य स्थानों पर भी छापेमारी कर रही है। पुलिस इस मामले में यह जानने का प्रयास कर रही है कि जप्त शराब किसके माध्यम से व किसके लिए यहां लाया गया। यहां बता दें कि जिस स्थान से शराब की खेप पुलिस ने बरामद किया है वह स्थान शहर के काफी पॉश इलाके में शुमार है।


कार्यालय ग्राम पंचायत, कुर्गी प्रखण्ड–ईटकी।

[illegible]

01

[illegible]


# अंचल अधिकारी ने किया डूब क्षेत्र का निरीक्षण



निरीक्षण करते सीओ।

**मझिआंव।** अंचल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मोरबे में मोहम्मदगंज-भंडरिया भीम बराज बांई नहर टूट जाने के कारण करीब 6 एकड़ किसानों का जमीन 5 दिन पहले डूब गया। जिसको लेकर किसानों की मांग एवं समाचार पत्रों में आने के बाद डीसी के निर्देशानुसार अंचल अधिकारी शंभू राम अपने कर्मियों के साथ निरीक्षण किया। इस संबंध में सीओ ने कहा कि वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार मोरबे किसानों का डूबा हुआ भूमि का सत्यापन किया गया। यह सत्य है कि किसानों का खेत डुबा हुआ है। साथ ही उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट भेजी जा रही है। किसानों को उचित मुआवजा मिले जिसको लेकर अंचल कर्मी को डूब की जमीन सत्यापन के लिए निर्देश दे दिया गया है। मौके पर राजस्व कर्मी शैलेश कुमार महतो, अमीन राजाराम मेहता, उत्तम कुमार, बीडीसी प्रतिनिधि मोहन प्रसाद, किसान रामयस सिंह, सहित अन्य बटाईदार भी मौजूद थे।

# अवैध जमीन में अबुआ आवास बनाये जाने को लेकर सीओ को आवेदन

**कांडी।** अंचल अंतर्गत राणाडीह पंचायत क्षेत्र के ग्राम कुरकुटा में अब दूसरे के जमीन में अबुआ आवास बनाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसको लेकर ग्राम भंडारिया निवासी स्व. दरोगा सिंह के पुत्र राजेश्वर सिंह ने अंचल अधिकारी को आवेदन दिया है। उक्त आवेदन में उल्लेख किया गया है कि कुरकुटा में मेरे पुत्र आदर्श कुमार सिंह के नाम से खाता एक प्लॉट संख्या 160, 161, 162 में जमीन है। इस जमीन में कुरकुटा गांव निवासी शहनाज बीबी पति हबीब अंसारी बुआ आवास बनाने के लिए इंट, बालू गिराया है। पूछने पर कहा कि हमारा जमीन है हम निर्माण करेंगे ही। साथ ही लिखा है कि उपरोक्त बातों पर ध्यान देते हुए काम को रोका जाए ताकि झगड़ा झंझट नहीं हो सके। इस संबंध में अंचल अधिकारी राकेश सहाय ने कहा कि जांच किया जाएगा।

# जिपस रंजनी ने डीसी को सौंपी मांग पत्र

**गढ़वा।** भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा ने डीसी शेखर जमुआर को मांग पत्र सौंपकर जिले में कार्यरत सभी विभाग के आउटसोर्सिंग कर्मियों का लंबित मानदेय भुगतान करने की मांग की है। श्रीमती शर्मा ने सौंपे गये मांग पत्र में कहा है कि जिले के सभी विभागों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों वाहन चालक, कंप्यूटर ऑपरेटर, अंचल अमीन, सफाई कर्मी इत्यादि सभी का लंबे समय से मानदेय लंबित है।

## पेज एक का शेष

### भगवान के घर में अंधेर नहीं

2019 में आप सब लोगों ने मुझे राज्य को एक दिशा देने के लिए, आपकी सेवा करने का मौका दिया था, लेकिन, षड्यंत्रकारियों को यह पचा नहीं कि एक आदिवासी नौजवान इतने ऊंचे पद पर रहे। अंततः 31 जनवरी को इन लोगों ने बेबुनियाद आरोपों पर, झूठे मुकदमे बनाकर मुझे मुख्यमंत्री के पद से हटने के लिए मजबूर कर दिया। झामुमो नेता ने कहा कि भगवान के घर में अंधेर नहीं रहता है। हमने पहले भी कहा है कि हम झारखंड प्रदेश और यहां के आदिवासी, पिछड़े, दलित, किसान, मजदूर की आवाज हैं। लड़कर झारखंड लिया है। गरीबों को कभी किसी ने प्यार से कुछ नहीं दिया, उन्हें हमेशा संघर्ष करना पड़ा है। हेमंत सोरेन ने कहा कि जब आपने हमें सेवा करने का मौका दिया, तो हम अनवरत आपके दरवाजे तक पहुंचने की कोशिश की, लेकिन, इन लोगों ने एड़ी चोटी का जोर लगाकर हमारे कदमों को कुछ देर के लिए रोक दियाष हम फिर आपके बीच आ रहे हैं। आपका हक-अधिकार आप तक पहुंचाने का मेरा प्रयास रहेगा। मेरा हर एक निर्णय यहां के मूलवासी-आदिवासियों, दबे-कुचले, शोषित-पिछड़े वर्गों के लिए काम करूंगा। शपथ ग्रहण के बाद हमलोगों की जो रुकी हुई गाड़ी थी, उसको और गति के साथ आगे बढ़ाया जायेगा। गांव-गांव तक हम सबलोग पहुंचेंगे। सरकार के विकास कार्यों को रफ्तार दिया जायेगा।

### प्रमोद व अश्विन के ठिकानों पर छापा

संयुक्त सचिव के अनुसार दो सितंबर 2021 को डॉ शशिभूषण के नियुक्ति पत्र में अंकित पते पर स्पष्टीकरण समर्पित करने के लिए पत्र भेजा गया था, लेकिन वह पत्र लौट आया। डाक विभाग को वहां ताला लगा मिला। डॉ शशिभूषण का जवाब विभाग को नहीं मिल पाया था। घोटाले के एक आरोपित अश्विनी शर्मा को स्वास्थ्य विभाग ने दोबारा नौकरी पर रख लिया था, पर मामल तूल पकड़ने अश्विनी शर्मा को नौकरी से हटा दिया गया। एनआरएचएम घोटाला 2016 में सामने आया था। इसके बाद 2019 से एसीबी ने जांच शुरू की। एसीबी ने माना था कि दोनों पूर्व सिविल सर्जनों की अनदेखी के कारण रुपये का गबन हुआ था।

### जयशंकर ने सुनायी खरीखोटी

जयशंकर ने पाकिस्तान और उसके सहयोगी चीन के परोक्ष संदर्भ में कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को उन देशों को अलग-थलग करना चाहिए । उन्हें बेनकाब कर देना चाहिए जो आतंकवादियों को पनाह देते हैं, सुरक्षित पनाहगाह प्रदान करते हैं और आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं। चीन ने अक्सर पाकिस्तान के वांछित आतंकवादियों को काली सूची में डालने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रस्तुत प्रस्तावों को अवरुद्ध दिया है। उन्होंने कहा, सीमापार आतंकवाद के लिए निर्णायक प्रतिक्रिया चाहिए और आतंकवाद के वित्तपोषण तथा भर्ती से दृढ़ता से निपटना होगा। हमें हमारे नौजवानों के बीच कट्टरता फैलाने के प्रयासों को रोकने के लिए सक्रियता से कदम उठाने चाहिए।

# 63वीं सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



उद्घाटन करते अतिथि।

**गढ़वा।** प्रमंडल स्तरीय 63वीं सुब्रतो कप मुखर्जी इंटरनेशनल फुटबॉल टूनार्मेंट प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट उच्च विद्यालय रामासाहू के स्टेडियम में किया गया। इस फुटबॉल प्रतियोगिता में अंडर-17 बालक वर्ग के छात्रों ने भाग लिया। टूनार्मेंट का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आकाश कुमार, विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी सह खेल प्रभारी राकेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस प्रमंडल स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में तीन टीमों ने भाग लिया।

मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आकाश कुमार ने कहा कि सरकारी विद्यालयों के छात्राओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। केवल निरंतर इस तरह के आयोजन के माध्यम से छिपी हुई प्रतिभा को आगे लाते हुए राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में जिले के छात्र-छात्राओं का चयन किया जा सकता है। सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी सह खेल प्रभारी ने कहा कि खेल के प्रति विभाग अत्यंत ही गंभीर है एवं विभाग के निर्देशानुसार इस तरह का आयोजन प्रत्येक वर्ष भव्य तरीके से किया जाएगा। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे, पूनम श्री, वीरेंद्र प्रसाद, सुनीता कुजूर, विभा रानी, रवि सिंह, एडमोन कच्छप, रवि वैद्य, रेणु बाला, देवेंद्र नाथ उपाध्याय, सुशील कुमार तिवारी, शमशाद अहमद, जगन्नाथ राम, मनोज कुमार तिवारी आदि उपस्थित थे।

# संपूर्णता अभियान को लेकर प्रखंड कार्यालय में बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** आकांक्षी प्रखंड के तहत प्रखंड कार्यालय सभागार कक्ष में संपूर्णता अभियान की शुरूआत कर बैठक की गई। डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर इसकी शुरूआत की। इससे पूर्व जिला एवं नीति आयोग से आए पदाधिकारियों को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। यह बैठक संपूर्णता अभियान के तहत छह एंटिगेटरों पर किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग से जुड़े तीन, बाल विकास से एक, कृषि विभाग से एक एवं सोशल डेवलवमेंट से एक मामले को लिया गया है। जिसमें विशेष फोकस करते हुए क्षेत्र के गर्भवती महिलाओं पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया। जिसमें स्वास्थ्य से संबंधित जांच, पोषाहार सहित ससमय देखभाल करने की बात कही गई। साथ ही संपूर्णता अभियान को लेकर सभी 6 बिंदुओं को पुर्ण करने की शपथ ली गई। नीति आयोग के द्वारा इन सभी 6 बिंदुओं पर सही तरीके पूर्ण करने के लिए 4 जुलाई से लेकर 30 सितंबर 2024 तक लक्ष्य दिया गया है। इसके साथ सभी बिंदुओं पर कैसे काम करना है किसकी क्या जिम्मेदारी होगा उसे बताया गया।

मौके पर बीडीओ सतीश भगत ने कहा कि इन सभी बिंदुओं पर 3 माह का समय दिया गया है। जिसमें दो महीने में ही सही तरीके से काम करके देने के लिए प्रयास करेंगे।


## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़।

(समाज कल्याण शाखा)

Email Id –awc24.monitoring@gmail.com

–:प्रेस विज्ञप्तिः–

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार का अर्धसरकारी पत्रांक – CW-II-22/6/2022-CW-II(E-99580), दिनांक 05.07.2022 के आलोक में केन्द्र प्रायोजित समेकित बाल संरक्षण योजना को पुनरीक्षित कर मिशन वात्सल्य योजना के रूप में संचालित किया जा रहा है। मिशन वात्सल्य के तहत जिला बाल संरक्षण इकाई में संविदा आधारित रिक्त पदों के विरूद्ध यथा परामर्शदाता, सामाजिक कार्यकर्त्ता एवं आंकड़ा विश्लेषक के पद हेतु योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

1. नियुक्ति हेतु आवश्यक अर्हत्ताएँ –

| क्र0 स0 | पोस्ट कोड | यूनिट | पदनाम (Designation) | पद की संख्या | आयु सीमा | Salary/PM | शैक्षणिक योग्यता एवं कार्य अनुभवन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | DCPS 05 | DCPS | परामर्शदाता (Counsellor) | 1 | 30–45 | 18536/– | किसी मान्यता प्राप्त वि0 व विद्यालय से समाज कार्य/समाजशास्त्र/मनोविज्ञान/जनस्वास्थ्य/काउंसलिंग में स्नातक। काउंसलिंग और संचार में पीजी डिप्लोमा। वरीयता: महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में सरकार/एनजीओ के साथ काम करने का कम से कम 01 साल का अनुभव। कंप्यूटर में प्रवीणता। |
| 2 | DCPS 06 | DCPS | सामाजिक कार्यकर्त्ता (Social Worker) | 2 | 30–45 | 18536/– | स्नातक वरीयता: किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से समाज कार्य/समाजशास्त्र/सामाजिक विज्ञान में स्नातक। ऐसे उम्मीदवार को वेटेज दिया जाएगा जिनके पास कार्य अनुभव होगा। कंप्यूटर में प्रवीणता। |
| 3 | DCPS 08 | DCPS | आंकड़ा विश्लेषक (Data Analyst) | 1 | 30–45 | 18536/– | किसी मान्ता प्राप्त वि0 व विद्यालय मे सांख्यिकी/गणित/अर्थशास्त्र/ कंप्यूटर में स्नातक ऐसे उम्मीदवार को वेटेज दिया जाएगा जिनके पास कार्य अनुभव होगा। कंप्यूटर में प्रवीणता। |

2. आयु सीमा :–

नियुक्ति हेतु आयु की गणना अधियाचना वर्ष की पहली अगस्त अर्थात दिनांक 01.08.2024 के आधार पर की जायेगी।

3. चयन प्रक्रिया :–

I. सभी पदो हेतु आवेदन उपायुक्त, रामगढ़ के नाम से समाहरणालय (ब्लॉक–B), जिला समाज कल्याण कार्यालय, रामगढ, पिन – 825101 के पते पर निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से समर्पित करेंगे।

II. जिला स्तरीय पदों की नियुक्ति सेवा शर्त एवं कर्त्तव्य नियमावली 2016 के नियम 13 (ख) के अन्तर्गत गठित चयन समिति द्वारा किया जायेगा।

III. सेवा शर्त एवं कर्त्तव्य नियमावली, 2016 में वर्णित राष्ट्रीयता परिलब्धि, नियुक्ति का प्रकार पदस्थापन स्थल एवं नियुक्ति की अवधि/नियुक्ति का नवीकरण से संबंधित नियमों का अक्षरशः पालन करना आवश्यक होगा।

IV. कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या – 3198, दिनांक 18.04.2016 के द्वारा झारखण्ड के स्थानीय निवासी की परिभाषा एवं पहचान की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। संविदा आधारित उक्त समूह के पदों पर चयन के क्रम में उक्त संकल्प के प्रावधान लागू होंगे।

V. संविदा आधारित उक्त पदों के चयन में राज्य सरकार के द्वारा निर्धारित आरक्षण/रोस्टर के प्रावधान लागू होंगे।

4. आवेदन करने की प्रक्रिया –

I. आवेदन प्राप्त करने कि अंतिम तिथि 19.07.2024 है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा साथ ही अपूर्ण आवेदन तथा आवश्यक निर्धारित मापदण्डो को पूरा नहीं करने वाले अभ्यर्थी का आवेदन विचारार्थ स्वीकार नहीं किया जायेगा।

II. यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहते है तो उन्हें अलग–अलग पदों के लिए अलग–अलग आवेदन देना अनिवार्य होगा।

III. आवेदन पत्र के साथ (1) शैक्षणिक अंक प्रमाण पत्र (2) अतिरिक्त वांछित शैक्षणिक/डिप्लोमा प्रमाण पत्र (3) सक्षम प्राधिकार द्वारा झारखण्ड राज्य के लिए निर्गत स्थानीय प्रमाण पत्र (4) आरक्षित पदों हेतु झारखण्ड सरकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र (5) संबंधित क्षेत्र में कार्य अनुभव प्रमाण पत्र, कार्य अनुभव प्रमाण पत्र से संबंधित नियुक्ति पत्र तथा संस्थान में किए गए कार्यो के विरूद्ध भुगतेय राशि से संबंधित Salary Slip/Bank Passbook की विवरणी की पठनीय सलंग्न करना अनिवार्य होगा।

5. किसी भी प्रकार के विरोधाभास/संशय की स्थिति जिला नियुक्ति समिति, रामगढ़ का निर्णय सर्वमान्य होगा।

6. प्रकाशित आम इस्तेहार में किसी प्रकार के संशोधन अथवा रद्द करने हेतु उपायुक्त, रामगढ़ सक्षम प्राधिकार होंगे।

7. आवेदन समर्पित करने संबंधी विस्तृत जानकारी **http://ramgarh.nic.in** पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त,रामगढ़।

PR 328685 Social Welfare,Women and Child Development(24-25)D

## झारखण्ड सरकार

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, लोहरदगा।

भर्ती कैम्प संबंधी सूचना।

दिनांक 08.07.2024 को "कार्यालय" जिला नियोजनालय, लोहरदगा परिसर में भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नांकित निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है:–

| Sl. No | Name of the Employer & Address | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification Required | Age | Pay Scale/Stipend |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 |
| 1 | SKR GROUP One Mall Shakti Khand-3, Ghaziabad. | Operator | 250 | 10th, 12th | 18-30 | Salary 10648/= to 15000, Job Location Noida. |
| | | Quality | 100 | ITI/Diploma | 18-30 | Salary 10648/= to 15000, Job Location Noida. |
| 2 | Moterson Automotive Pvt. Ltd., Ahemdabad, Gujarat-382150. | CNC- Operator Quality – Insp. | 400 | ITI/Graduate/Diploma | 18-35 | Salary 16000/= to 30,000/= , Job Location Ahemdabad. |
| 3 | Bajaj Allizance Life Veer Shivaji Insurance Co. Ltd., Chowk, Lohardaga. | S.S.M | 04 | 12th Pass | 21 & Above | Salary 25000/= , Job Location Lohardaga. 0-1 year Experience. |
| | | T.S.M | 05 | 12TH Pass | 21 & Above | Salary 28000/= , Job Location Lohardaga 0-2 years Experience. |
| | | Insurance Advisor | 06 | 10th Pass | 21 & Above | Commission Base , Job Location Lohardaga |
| | | E.S.M | 02 | 12th Pass | 21 & Above | Salary 30000/= to 35000/= , Job Location Lohardaga, 0-1 year Experience. |
| 4 | Kanti Automobile (Yamaha) Mission Chowk,Lohardaga. | Sales +Calling | 01 | Graduate | 20-30 | Salary 4000/= to 8000/= , Job Location Lohardaga, 0-3 year Experience. |
| | | Marketing | 01 | Graduate | 20-35 | Salary 4000/= to 8000/= , Job Location Lohardaga, 0-5 year Experience. |
| | TOTAL:- | | 769 | | | |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.jharniyojan.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02(दो) कॉपी फोटो 4 के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। साक्षात्कार सुबह 10:30 बजे से होगी। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के है अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तो के लिए वे उत्तरदायी है। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता है।

District Employment Officer,
Lohardaga.

PR 328688 (Lohardaga) 24-25 (D)

स्पीड न्यूज

# हाथरस भगदड़ मामले में छह गिरफ्तार

## प्रमुख अभियुक्त और मुख्य सेवादार पर एक लाख रुपये इनाम घोषित

- जरूरत पड़ी तो बाबा से होगी पूछताछ : आइजी
- गिरफ्तार किये गये सभी आयोजन समिति के सदस्य

एजेंसी

**हाथरस ।** उत्तर प्रदेश के हाथरस भगदड़ कांड के सिलसिले में अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी तथा सेवादार पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। अलीगढ़ संभाग के पुलिस महानिरीक्षक शलभ माथुर ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पिछले मंगलवार को हाथरस के सिकंदराराऊ क्षेत्र स्थित फुलरई गांव में आयोजित हरिनारायण साकार विश्वहरि उर्फ भोले बाबा के सत्संग में मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत के मामले में अब तक दो महिला सेवादारों समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले के प्रमुख अभियुक्त और मुख्य सेवादार देव प्रकाश मधुकर पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया है। उसके खिलाफ जल्द ही गैर जमानती वारंट भी जारी किया जाएगा।

पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि विवेचना में इस चीज को भी देखा जाएगा कि किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा कोई आपराधिक षड्यंत्र तो नहीं किया गया था। भोले बाबा से पूछताछ या उसकी गिरफ्तारी की सम्भावना के बारे में पूछने पर माथुर ने कहा कि आगे किसी की गिरफ्तारी होगी या नहीं, यह विवेचना पर निर्भर करेगा। जांच में आगे किसी की भूमिका निकलकर आयेगी तो कार्रवाई होगी। जरूरत पड़ेगी तो जरूर पूछताछ की जाएगी। उन्होंने बताया कि पकड़े गये लोगों में राम नरेते, उपेन्द्र सिंह यादव, नेक सिंह, मंजू यादव, मुकेश कुमार और मंजू देवी शामिल हैं। पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि वे सभी सत्संग आयोजन समिति के सदस्य हैं। वे मुख्यतः सेवादार के रूप में काम करते हैं और अतीत में भी वह ऐसे कई आयोजन करा चुके हैं। वे बैरीकेडिंग करके भीड़ नियंत्रण, पंडाल व्यवस्था, बिजली आपूर्ति और सफाई की व्यवस्था कराते थे। माथुर ने बताया कि विवचेना के क्रम में अपर पुलिस महानिदेशक (आगरा) ने क्षेत्र के सभी जिलों में पुलिस को अभियुक्तों की गिरफ्तार के निर्देश दिये हैं। साथ ही जोन स्तर पर एक स्पेशल आपरेशन ग्रुप (एसओजी) का गठन हुआ है जो घटना में शामिल लोगों और संस्था के सेवादार अधिकारियों और पदाधिकारियों की भूमिका की जांच करेगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा रेंज स्तर की जितनी भी एसओजी टीम हैं उन्हें हाथरस के पुलिस अधीक्षक की मदद के लिये सम्बद्ध किया गया है। गौरतलब है कि हाथरस जिले के फुलरई गांव में भोले बाबा द्वारा आयोजित सत्संग में मंगलवार को मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई थी तथा 31 अन्य घायल हो गये थे। पुलिस ने इस मामले में मंगलवार देर रात सिकंदराराऊ थाने में मुख्य सेवादार देवप्रकाश मधुकर और अन्य सेवादारों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या), 110 (गैर इरादतन हत्या करने का प्रयास), 126 (2) (गलत तरीके से रोकना), 223 (लोक सेवक द्वारा जारी आदेश की अवज्ञा), 238 (साक्ष्यों को मिटाना) के तहत मुकदमा दर्ज किया था। राज्य सरकार ने मामले की जांच के लिये एक न्यायिक आयोग गठित किया है। माथुर के मुताबिक बाबा के अनुयायियों ने बताया कि घटना के वक्त लोग भोले बाबा की चरण रज लेने के लिये भीड़ उनकी गाड़ी के आसपास आयी तो सेवादारों ने भीड़ को रोका और जैसे ही बाबा का काफिला निकल गया तो सेवादारों ने भीड़ को चरण रज लेने के लिये अनियंत्रित छोड़ दिया। उन्होंने बताया कि इसके बाद महिलाएं और बच्चे एक-दूसरे पर गिरते गये।

उन्होंने बताया कि घटना होते ही सेवादार मौके से फरार हो गये। उन्होंने बताया कि सेवादार खुद ही भीड़ नियंत्रण का प्रयास करते हैं और किसी प्रकार की पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्था की वे लोग किसी तरह की इजाजत नहीं देते हैं। हालांकि वहां पर पुलिस, पीएसी और यातायात पुलिस भी तैनात थी। माथुर ने कहा कि पुलिस के पास कई और भी जानकारियां आयी हैं। जैसे-जैसे विवेचना का सिलसिला आगे बढ़ेगा, उसी हिसाब से कार्रवाई की जाएगी।



अलीगढ़ के आइजी माथुर ने गिरफ्तारी की दी जानकारी ।

### सभी मृतकों की शिनाख्त


पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि भगदड़ में मारे गये सभी 121 लोगों की शिनाख्त हो चुकी है। इनमें हाथरस के 19, आगरा के 18, अलीगढ़ के 17, मथुरा के 11, कासगंज और एटा के 10-10 तथा बदायूं के छह लोगों के अलावा अन्य जिलों के लोग शामिल हैं।

## सरफिरा का वेडिंग ट्रैक चावत रिलीज



**मुंबई।** अक्षय कुमार स्टारर बहुप्रतीक्षित फिल्म सरफिरा का लेटेस्ट वेडिंग ट्रैक चावत रिलीज हो गया है। चावत गाने को मनोज मुंतशिर शुक्ला ने लिखा हैं। जी.वी. प्रकाश कुमार द्वारा रचित इस गीत को श्रेया घोषाल ने गाया है।राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधा कोंगरा के निर्देशन में बनी सरफिरा स्टार्ट-अप और एविएशन की पृष्ठभूमि पर आधारित एक मनोरंजक ड्रामा है। इस फिल्म में अक्षय कुमार और राधिका मदान के साथ परेश रावल और सीमा बिस्वास जैसे कई बेहतरीन कलाकार हैं। सरफिरा वीर जगन्नाथ म्हात्रे की यात्रा को फोलो करती है जिसे अक्षय कुमार प्ले कर रहे हैं, जो भारत में हवाई यात्रा में क्रांति लाने के लिए सभी बाधाओं को पार करता है।

## लालकृष्ण आडवाणी को अपोलो अस्पताल से छुट्टी



**नयी दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को गुरुवार की शाम दिल्ली के अपोलो अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल प्रशासन के अनुसार लाल कृष्ण आडवाणी (96) को बुधवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी हालत स्थिर बनी हुई थी। उन्हें कुछ दिनों पहले ही अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया था।

## कोटा में बिहार के छात्र ने की आत्महत्या

**जयपुर।** कोटा में एक और छात्र ने मौत को गले लगा लिया। कोटा में जेईई की तैयारी कर रहे बिहार के संदीप कुमार ने आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को संदीप कुमार का शव उसके कमरे में लटका मिला। पीजी में रहने वाले अन्य छात्रों ने खिड़की से शव देखा और तुरंत मालिक को सूचित किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़ा। छात्र बिहार के नालंदा का रहने वाला था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि संदीप कुमार जेईई की तैयारी कर रहा था और पिछले दो साल से कोटा में रह रहा था।

# पीएम आठ जुलाई को जायेंगे रूस

## 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में लेंगे भाग

- मोदी और पुतिन द्विपक्षीय संबंधों के अलग-अलग आयामों की समीक्षा करेंगे

एजेंसी

नयी दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8-10 जुलाई को रूस और ऑस्ट्रिया की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। प्रधानमंत्री मोदी 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर 8 जुलाई को मास्को पहुंचेंगे।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों के नेता द्विपक्षीय संबंधों के अलग-अलग आयामों की समीक्षा करेंगे और आपसी हितों के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। इसके बाद वे 9 जुलाई को ऑस्ट्रिया की यात्रा करेंगे। यह 41 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ऑस्ट्रिया की पहली यात्रा होगी। पीएम मोदी ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वान डेर बेलन से मुलाकात करेंगे और ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर से भी बातचीत करेंगे। दोनों नेता भारत और ऑस्ट्रिया के बिजनेस लीडर्स और प्रमुख उद्योगपतियों को भी संबोधित करेंगे। विदेश मंत्रालय ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मोदी मॉस्को के साथ-साथ वियना में भी भारतीय समुदाय के सदस्यों से बातचीत करेंगे।



## पूर्वोत्तर भारत में चार पांच दिनों तक भारी बारिश का रेड अलर्ट

**नयी दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार अगले चार से पांच दिनों तक उत्तर पश्चिम, पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में भारी बारिश होने की संभावना जताई गयी है। खासकर पूर्वोत्तर राज्यों के लिए अगले 4-5 दिनों तक रेड अलर्ट जारी किया गया है। गुरुवार को सुबह से ही दिल्ली समेत कई राज्यों में बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने कर्नाटक के तटीय क्षेत्रों के लिए भी रेड अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने मध्य महाराष्ट्र में अगले चार दिनों तक अलग अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना जताई है। वहीं, कोंकण एवं गोवा में अगले दो दिनों तक भारी बारिश की संभावना जताई है।

## कृषि के विकास के लिए राज्यों को हरसंभव मिलेगी सहायता : चौहान

**नयी दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने गुरुवार को कृषि भवन में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू और ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री डा. चंद्रशेखर पेम्मासानी भी उपस्थित रहे। चौहान ने कहा कि आंध्र प्रदेश में कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र सरकार हरसंभव सहयोग करेगी।

उन्होंने कृषि व ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए राज्यों को हरसंभव सहायता का भी आश्वासन दिया। इस दौरान आंध्र प्रदेश में कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास के विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री नायडू और केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि किसानों और ग्रामीणों की भलाई तथा उनके सशक्तिकरण के लिए राज्य एवं केंद्र सरकार मिल-जुलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि सचिव संजीव चोपड़ा, केंद्रीय ग्रामीण विकास सचिव शैलेष कुमार सिंह और आंध्र प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।




## छत्तीसगढ़ में इडी ने दो शराब कारोबारियों को किया गिरफ्तार

- 2,161 करोड़ से अधिक के शराब घोटाले में अरविंद सिंह और त्रिलोक सिंह ढिल्लन थे शामिल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शराब घोटाला केस में ईडी ने दो शराब कारोबारियों अरविंद सिंह और त्रिलोक सिंह ढिल्लन को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपितों को विशेष पीएमएलए कोर्ट ने 6 जुलाई तक के लिए ईडी की रिमांड में भेज दिया है। दोनों पर आरोप है कि वर्ष 2019-2022 के बीच 2,161 करोड़ से अधिक के शराब घोटाले में वे शामिल रहे हैं। ईडी ने अरविन्द को दूसरी बार और भिलाई निवासी त्रिलोक सिंह ढिल्लन को पहली बार गिरफ्तार किया है। ईडी द्वारा गुरुवार को दी गई जानकारी के अनुसार जांच टीम ने 1 जुलाई को रायपुर केंद्रीय जेल में बंद अरविंद सिंह और त्रिलोक सिंह ढिल्लन को गिरफ्तार किया है। दोनों की गिरफ्तारी की के बाद विषेष धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत अदालत ने 6 जुलाई तक ईडी की रिमांड पर भेज दिया है। छत्तीसगढ़ पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने कुछ समय पहले दोनों शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद से दोनों लोग जेल में बंद रहे। ईडी की जांच में धन शोधन मामला जनवरी में दर्ज ईओडब्ल्यू और एसीबी की प्राथमिकी से निकला था। इसमें पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, पूर्व मुख्य सचिव विवेक ढांड और अन्य सहित 70 व्यक्तियों और कंपनियों के नाम शामिल हैं। शराब घोटाला केस में पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा के साथ-साथ कुछ अन्य नौकरशाहों और राजनेताओं को ईडी गिरफ्तार कर चुका है। संघीय जांच एजेंसी ने दावा किया कि शराब व्यवसायी त्रिलोक सिंह मनी लॉन्ड्रिंग के माध्यम से अपराध की आय का प्रमुख लाभार्थी था। जांच एजेंसी के मुताबिक उसने स्वेच्छा से और जानबूझकर अपने बैंक खातों और फर्मों को बड़ी मात्रा में अपराध की आय को इकट्ठा करने के लिए इस्तेमाल करने की अनुमति दी। कथित रूप से बिना किसी उचित स्पष्टीकरण के उसने एफएल-10ए लाइसेंस धारकों से बैंकिंग चैनलों के माध्यम से धन लिया है।

## सोनिया से मिले मुकेश अंबानी, बेटे के शादी में आने का दिया निमंत्रण



**नयी दिल्ली।** उद्योगपति मुकेश अंबानी ने गुरुवार को कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी से उनके 10 जनपथ स्थित आवास पर मुलाकात की। उन्होंने सोनिया को अपने बेटे अनंत अंबानी की शादी के लिए निमंत्रण दिया। उद्योगपति मुकेश अंबानी सोनिया गांधी से मिले और उन्हें शादी का निमंत्रण पत्र दिया। करीब एक घंटे तक वे उनके आवास पर रहे और फिर वहां से रवाना हो गए।उल्लेखनीय है कि कांग्रेस पार्टी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, उद्योगपति मुकेश और अनिल अंबानी तथा गौतम अडानी के प्रति राजनीतिक बयान दे चुके हैं। राहुल का कहना है कि सरकार इन दो उद्योगपतियों को लाभ पहुंचा रही है।

## अब यूएई में यूपीआइ से कर सकेंगे भुगतान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अब आसानी से मध्य पूर्व के देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में यूपीआई से भुगतान किया जा सकेगा। एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड ने मिडिल ईस्ट और अफ्रीका की बड़ी डिजिटल कॉमर्स कंपनी नेटवर्क इंटरनेशनल के साथ साझेदारी की है। यूएई में अब भारतीय यात्री या एनआरआई पॉइंट ऑफ सेल मशीन के माध्यम से क्यूआर कोड के जरिए यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) भुगतान कर पाएंगे। एनपीसीआई इंटरनेशनल के सीईओ रितेश शुक्ला ने कहा कि यूएई के मर्चेंट्स के बीच यूपीआई पेमेंट की बढ़ती हुई स्वीकार्यता केवल भारतीय यात्रियों के लिए ही नहीं सुविधाजनक होगा, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इनोवेटिव डिजिटल पेमेंट सॉल्यूशन को भी प्रमोट करेगा। एनपीसीआई ने कहा है कि 2024 में खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) में भारतीय यात्रियों का आंकड़ा 98 लाख पहुंचने का अनुमान है। अकेले यूएई में 53 लाख के करीब भारतीयों के पहुंचने की संभावना है। भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और एनपीसीआई इंटरनेशनल मिलकर यूपीआई को वैश्विक मंच पर बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं। फिलहाल भारत के बाहर नेपाल, श्रीलंका, मॉरीशस, यूएई, सिंगापुर, फ्रांस और भूटान में यूपीआई से भुगतान किया जा सकता है। यूपीआई से डिजिटल भुगतान आसान होने के कारण इसके जरिए होने वाले लेनदेन की संख्या में साल दर साल इजाफा हो रहा है। एनपीसीआई के डेटा के मुताबिक, यूपीआई प्लेटफॉर्म पर जून में लेनदेन की संख्या 13.9 अरब थी। इसमें सालाना आधार पर 49 प्रतिशत का इजाफा हुआ।


VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


**DRAFT OF THE ADVETISEMENT/TENDER NOTICE**

**Tender invited for sale/auction of 01 (one) No of old TATA Safari (07 seater) 2014 Model**

Tenders are invited from authentic persons/dealer/agency for sale auction of 01 (one) No of old TATA Safari (07 seater) 2014 Model. Tenders should be submitted by hand to the O/o the Principal, DAV Public School, Koyla Nagar, Dhanbad (JH) in a sealed envelop in the letter head and typed format duly signed with seal/stamp. Contact details and phone numbers must be noted on the envelop for notification An A/C payee DD for Rs 25,000/- (Twenty-five thousand) in favour of "Principal DAV Public School, Koylanagar (Main A/c)" must be enclosed with the Tender. The Tenders of the lowest bidders will be rejected automatically and the DD will be returned if not get/ awarded the tender. The DD/amout will be adjusted with final payment of the highest bidder(s) who will award the Tender. Amount of Security will be forfeited if the highest bidder denies to purchase the Vehicle. The Staff Members and their blood relatives are not entitled to submit the Tender. Last date of submission of tenders is 8th July 2024 upto 2.00 P.M. No Tender(s) will be received after 2.00 P.M. on/after the due date. Any tender will not be accepted on 7 July 2024 (Sunday). Physical verification may be done by the interested person/dealer/agency in the school campus with the permission of the Principal during school time. (9.00 am. to 3.00 pm.) Minimum amount of the Tender is Rs. 2,50,000/- (Two Lakh Fifty thousand). Tenders/Quotations will be opened on 08th July 2024 at 2.30 PM before the Sub-Committee of the school, Result/decision will be displayed through the school website/ Notice Board/over telephone. Decision of the Sub-Committee will be treated as final

(N.N. Srivastava)
Principal cum ARO

## राज्यपाल के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

- बंगाल राजभवन की महिला कर्मचारी ने जांच की मांग

एजेंसी

नयी दिल्ली। पश्चिम बंगाल राजभवन की एक महिला कर्मचारी ने राज्यपाल सी वी आनंद बोस के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। अपनी याचिका में महिला दावा किया कि राज्यपाल को दी गई संवैधानिक प्रतिरक्षा के कारण वह ह्लउपचारविहीनह्व हो गई है।याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत से गुहार लगाई है कि यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच करने के लिए वह पश्चिम बंगाल पुलिस को आवश्यक निर्देश दें।

याचिका में संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत संवैधानिक व्यक्ति को प्राप्त प्रतिरक्षा की सीमा तक दिशानिर्देश और योग्यता निर्धारित करने का भी अनुरोध किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 361 (2) में कहा गया है कि राष्ट्रपति या किसी राज्य के राज्यपाल के खिलाफ उनके कार्यकाल के दौरान किसी भी अदालत में कोई आपराधिक कार्यवाही न तो शुरू की जा सकती या जारी नहीं रखी जा सकती है। याचिका में उक्त प्रावधान का हवाला देते हुए दलील दी गई है कि ऐसी शक्तियों को पूर्ण नहीं समझा जा सकता, जिससे राज्यपाल को ऐसे कार्य करने का अधिकार मिल जाए जो अवैध हों या जो संविधान के भाग तीन -3 की बुनियाद पर प्रहार करते हैं। याचिका के अनुसार, याचिकाकर्ता ने अपनी शिकायतों को उजागर करते हुए राजभवन को एक शिकायत भी लिखी थी, लेकिन संबंधित अधिकारियों द्वारा कथित निष्क्रियता बरतते हुए उसे अपमानित किया गया और मीडिया में उसका मजाक उड़ाया गया। उसे राजनीतिक हथियार बताया गया, जबकि उसके आत्मसम्मान की कोई सुरक्षा नहीं की गई। याचिकाकर्ता ने यह भी तर्क दिया कि कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं और संवैधानिक छूट की आड़ में राज्यपाल को किसी भी तरह से अनुचित तरीके से कार्य करने और लैंगिक हिंसा करने की अनुमति नहीं है, जबकि देश के हर दूसरे नागरिक को ऐसा करने से प्रतिबंधित किया गया है।

शिकायतकर्ता महिला ने याचिका में कहा है कहा कि यह (विशेष अधिकार) सीधे तौर पर संविधान के तहत उसके साथ ही (याचिकाकर्ता) सहित प्रत्येक व्यक्ति को दिए गए मौलिक अधिकारों पर हमला करता है।

याचिका में कहा गया कि इस मामले में पीड़िता (याचिकाकर्ता) को झूठा बनाना, जबकि यह सुनिश्चित करना कि आरोपी/माननीय राज्यपाल खुद बेदाग हैं। सत्ता का ऐसा अनियंत्रित प्रयोग एक गलत मिसाल कायम करेगा, जिससे यौन पीड़ितों को कोई राहत नहीं मिलेगी। यह संवैधानिक लक्ष्य का पूर्ण उल्लंघन होगा। याचिकाकर्ता ने दो मई 2024 को संबोधित प्रभारी अधिकारी को एक लिखित शिकायत दी, जिसमें राज्यपाल पर बेहतर नौकरी देने के बहाने उसका यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया गया। उनकी याचिका में 15 मई 2024 की प्रेस रिपोर्ट का भी हवाला दिया गया, जिसमें कहा गया है कि बंगाल की एक ओडिसी नर्तकी ने भी अक्टूबर 2023 में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें राज्यपाल पर जनवरी 2023 में नई दिल्ली के एक होटल में उसका यौन शोषण करने का आरोप लगाया गया था। इस बारे में मई 2024 में कोलकाता पुलिस द्वारा राज्य सरकार को सौंपी गई जांच रिपोर्ट में दावा किया गया है।



